राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 191, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जनहित व्यापार मण्डल की शिकायतों पर एनएचआई व पीएनसी ने किया निरीक्षण...03

जयशंकर ने तेल सप्लाई पर किया बड़ा खेल, पाकिस्तान को फंसाया....12

# गाजियाबाद रेप केस: FIR में देरी और धाराओं पर उठे सवाल, सुप्रीम कोर्ट ने मांगी पूरी रिपोर्ट

● गाजियाबाद बाल दुष्कर्म मामले में यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चार्जशीट दाखिल कर दी गई है. याचिकाकर्ता ने पुलिस कार्रवाई में देरी, FIR में कमियों और SIT गठन की मांग की. सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति रिपोर्ट की जांच करने, याचिकाकर्ता को दस्तावेज उपलब्ध कराने और संबंधित अस्पतालों से हलफनामा मांगने का निर्देश दिया है, लेकिन फिलहाल SIT के गठन पर तुरंत आदेश नहीं दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजियाबाद** में बच्चे के रेप केस मामले में यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 3 अप्रैल को चार्जशीट दाखिल कर दी गई थी. एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है. एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने इससे पहले मामले का उल्लेख करते हुए पुलिस कमिश्नर को जाने की अनुमति मांगी, क्योंकि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी हुई थी. बेंच ने अनुमति दे दी. एसीपी और संबंधित एसएचओ को उपस्थित रहने की अनुमति दी गई।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह चिंताजनक है कि जब कोई अदालत में आता है, तो आप कहते हैं कि आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है. एएसजी भाटी ने कहा कि यहां याचिका दायर होने से पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया था वरिष्ठ अधिवक्ता हरिहरन, जो याचिकाकर्ता के लिए- निर्देशों के बावजूद उन्होंने अस्पतालों को नोटिस नहीं दिया है. पुलिसकर्मियों ने बयान दर्ज किए हैं कि बच्चा सांस नहीं ले रहा था. वीडियो कुछ और ही दिखाता है. विशेष जांच समिति की आवश्यकता है. यह एक दिखावटी प्रयास है।

### कोर्ट में एएसजी भाटी ने कही ये बात

एएसजी भाटी ने कहा कि अस्पतालों को भी नोटिस दिया है. न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि क्या रक्त और अन्य तरल पदार्थ डीएनए जांच के लिए भेजे गए थे? एएसजी ने कहा कि जी हां, भेजे गए थे हरिहरन ने कहा कि घटना 16 मार्च को हुई थी और 18 घंटे बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई. सुबह 3:30 बजे एफआईआर क्यों दर्ज की गई? एफआईआर में केवल धारा 302 का उल्लेख है। गंभीर यौन उत्पीड़न आदि का कोई जिक्र नहीं है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कृपया स्थिति रिपोर्ट की जांच करें.



एसआईटी के गठन की अत्यधिक जल्दबाजी में हमें प्रक्रिया में देरी नहीं करनी चाहिए।

हरिहरन ने कहा कि जब मजदूर ने मामला दर्ज कराने की कोशिश की, तो उसे पुलिस स्टेशन में पीटा गया. उसे अब उत्तर प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया है. उन्होंने उस वीडियो को रिकॉर्ड पर लेने से इनकार कर दिया है जिसमें बच्चा जीवित दिख रहा है. वे इस आधार पर आगे बढ़ रहे हैं कि बच्चा मर चुका है।

### कोर्ट ने आरोपपत्र की जांच का दिया आदेश

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आरोपपत्र की जांच करें और देखें कि उन्होंने किस वीडियो पर भरोसा किया है. इसकी जांच करें और हमें बताएं कि क्या इसमें कोई खामी रह गई है. यदि खामियों के कारण एसआईटी की आवश्यकता है, तो हम एसआईटी का आदेश देंगे. सीजेआई ने आदेश में दर्ज किया कि मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है. हम मामले को अभी बंद नहीं कर रहे हैं. सीजेआई ने कहा कि बहुत आशंकाएं प्रतीत होती हैं लेकिन हम अभी कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है. रिपोर्ट से पता चलता है कि आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है। 10 अप्रैल के हमारे आदेश में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विचार करने से पहले, याचिकाकर्ता को स्थिति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए. याचिकाकर्ता को वीडियो आदि भी उपलब्ध कराए जाएं. इस बीच प्रतिवादी अस्पतालों को भी उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है. आगे कोई एडजर्नमेंट नहीं दिया जाएगा।

## 11 साल से मरम्मत की बाट जोह रहा नत्थू कॉलोनी फ्लाईओवर, दिल्ली में जनता परेशान

**पूर्वी दिल्ली।** नत्थू कॉलोनी फ्लाईओवर पिछले कई वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2015 में दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) द्वारा बनाए गए इस फ्लाईओवर को एक साल बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को हैंडओवर कर दिया गया था। शुरुआत में इस फ्लाईओवर से लोगों को काफी सहूलियत मिली, लेकिन यह राहत ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकी। छह माह बाद ही इसपर भारी वाहनो को प्रतिबंधित कर दिया गया। वहीं, उच्च न्यायालय ने विभाग को तीन माह में ठोस कार्रवाई करने व लोगों को राहत देने का आदेश दिया था लेकिन मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है। फ्लाईओवर की स्थिति बिगड़ने के चलते यहां से भारी वाहनों के साथ-साथ बसों का संचालन भी बंद कर दिया गया है। इसका सीधा असर आम यात्रियों पर पड़ रहा है, जिन्हें अब लंबा रास्ता तय करना पड़ता है या फिर वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि 11 साल बीत चुके हैं, लेकिन मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका है। इस मामले में हाईकोर्ट ने 16 जनवरी 2025 को पीडब्ल्यूडी को तीन महीने के भीतर फ्लाईओवर को दुरुस्त करने का निर्देश दिया था। हालांकि, एक साल से अधिक बीत जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई काम शुरू होता नजर नहीं आ रहा है। विजिलेंस की टीम ने साल 2024 में एक कमेटी का गठन किया था जिसका काम फ्लाइओवर के काम में लापरवाही बरतने वाले दोषियों को उजागर करके उचित दंड़ दिलवाना था परंतु दो साल बाद भी विजिलेंस की रिपोर्ट सार्वजनिक नही हुई है।

## उमर खालिद ने जमानत खारिज होने के खिलाफ दायर की पुनर्विचार याचिका, ओपन कोर्ट में सुनवाई की मांग



● दिल्ली दंगा मामले में उमर खालिद ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत खारिज फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर की है. कपिल सिब्बल ने कोर्ट से मांग की है कि याचिका की सुनवाई खुली अदालत में हो, न कि बंद कमरे में हो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उमर खालिद ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी जमानत याचिका खारिज होने के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। यह याचिका 5 जनवरी के उस आदेश के खिलाफ है, जिसमें कोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। मामले की सुनवाई बुधवार को सूचीबद्ध है।

गौरतलब है कि जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने उमर खालिद और सह-आरोपी शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि अभियोजन सामग्री से प्रथम दृष्टया यूएपीए के तहत उनके खिलाफ मामला बनता है और उनकी भूमिका 'योजना, संगठन और रणनीतिक दिशा' में महत्वपूर्ण रही है।

हालांकि, कोर्ट ने इसी मामले में अन्य आरोपियों–गुलफिशा फातिमा, मीरा हैदर, शिफा-उर-रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद–को जमानत दी थी। साथ ही, कोर्ट ने यह भी कहा था कि खालिद और इमाम एक वर्ष बाद या संरक्षित गवाहों के बयान पूरे होने के बाद ही दोबारा जमानत याचिका दायर कर सकते हैं। पुनर्विचार याचिका का उल्लेख सीनियर एडवोकेट ने किया और खुली अदालत में सुनवाई की मांग की। इस पर जस्टिस कुमार ने कहा कि वे दस्तावेजों का अवलोकन करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नवागत तहसीलदार अनिल कुमार राम का बार एसोसिएशन ने किया स्वागत




**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां बार एसोसिएशन के तत्वावधान में तहसील परिसर स्थित बार सभागार में नवागत तहसीलदार बिसवां अनिल कुमार राम के आगमन पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर यादव एवं सचिव नीरज श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने नवागत तहसीलदार का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन सिंह द्वारा किया गया। नवागत तहसीलदार अनिल कुमार राम ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### दहेज के दबाव में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास, हालत गंभीर




**बिसवां/सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के सेहरूवा गांव में भोर के समय एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में उसे सीएचसी बिसवां से जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार युवती की शादी 14 मई को तय थी। आरोप है कि मंगेतर पक्ष द्वारा दहेज की मांग किए जाने से वह मानसिक रूप से परेशान थी। बताया जाता है कि बीती रात मंगेतर से फोन पर बातचीत के बाद उसने यह कदम उठाया। घर में मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाल राम राघव सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है।

## निजी स्कूलों की फीस वृद्धि के विरोध में अभिभावकों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** निजी स्कूलों में लगातार बढ़ाई जा रही फीस के खिलाफ अभिभावकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में अभिभावक एकता समिति, उत्तर प्रदेश के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में अभिभावकों ने जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अभिभावकों ने निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान विजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए समान अधिकार होनी चाहिए, चाहे व्यक्ति गरीब हो या अमीर। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों में 15 से 25 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई जा रही है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा हर वर्ष पाठ्य पुस्तकों में बदलाव किया जाता है और अभिभावकों को एक निश्चित दुकान से ही किताबें, कॉपियां, जूते-मोजे आदि खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। इन वस्तुओं की कीमतें बाजार से अधिक होती हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई कराना मुश्किल हो रहा है।

प्रदेश महामंत्री प्रमिल केसरवानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि निजी स्कूलों की फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाए, शिक्षा के व्यवसायीकरण को समाप्त किया जाए और अभिभावकों को अपनी सुविधा अनुसार कहीं से भी शैक्षणिक सामग्री खरीदने की स्वतंत्रता दी जाए।

साथ ही पाठ्यक्रम में बदलाव के लिए कम से कम 10 वर्ष का अंतर निर्धारित करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदीप श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, अतुल खन्ना, बृजेश निषाद, विकास अग्रहरि, विपिन गुप्ता, राहुल अग्रवाल, इमरान अली, बबलू मोहम्मद साहिल, सचिन पटेल और प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# वोटिंग से पहले बायोमेट्रिक की मांग पर PIL, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को भेजा नोटिस

● याचिकाकर्ता का कहना है कि उंगलियों के निशान और आइरिस बायोमेट्रिक सिस्टम नकल-प्रूफ होते हैं, जो फर्जी मतदान को समाप्त कर सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता पहचान के लिए बायोमेट्रिक व चेहरे की पहचान की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र, चुनाव आयोग व राज्यों को नोटिस जारी किया है. इसका उद्देश्य आगामी चुनावों में धांधली रोकना है. कोर्ट ने नियमों में व्यापक बदलाव और भारी वित्तीय बोझ की बात कही है।

मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और चेहरे की पहचान की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका पर नोटिस जारी की गई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और चुनाव आयोग व राज्यों को भेजा नोटिस भेजा है. सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस का 4 हफ्ते में जवाब मांगा है. आगामी विधानसभा चुनावों में चुनावी में धांधली रोकने को लेकर ये मांग की गई है. सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इसके लिए नियमों में व्यापक बदलाव और भारी वित्तीय बोझ की आवश्यकता होगी. उन्होंने कहा कि बेशक चुनाव आयोग के पास शक्तियां हैं।

याचिककर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि चुनाव आयोग के पास पूर्ण शक्तियां हैं. लेकिन राज्यों को भी सहयोग करना होगा और नोटिस जारी करना आवश्यक है. छ्छ्द्ध ने कहा कि चुनाव आयोग को हमें जवाब देना होगा और यदि राज्य सहयोग नहीं करते हैं या वित्त मंत्रालय बजट पारित नहीं करता है तो फिर हमसे संपर्क किया जा सकता है।

### लालच देने वाली प्रथाओं पर रोक की जरूरत

सुनवाई के दौरान, उपाध्याय ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था चुनावी धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक निवारक तंत्र के रूप में काम करेगी. उन्होंने माना कि आगामी विधानसभा चुनावों में ऐसे उपायों को लागू करना शायद संभव न हो, लेकिन उन्होंने तर्क दिया कि भविष्य के चुनावों में इस व्यवस्था को लागू किया जा सकता है, ताकि प्रॉक्सी वोटिंग और मतदाताओं को लालच देने जैसी प्रथाओं पर रोक लगाई जा सके।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आगामी चुनावों के लिए इन याचिकाओं पर विचार नहीं किया जा सकता है. लेकिन क्या अगले संसदीय चुनावों या राज्य चुनावों के लिए इस तरह का उपाय अपनाना उचित है, इसकी जांच करने की आवश्यकता है. नोटिस जारी करें. याचिका में कहा गया है कि कार्रवाई का कारण 20 मार्च, 2026 को तब उत्पन्न हुआ, जब याचिकाकर्ता को पता चला कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों के बावजूद, रिश्वतखोरी, अनुचित प्रभाव, प्रतिरूपण, दोहरी वोटिंग और घोस्ट वोटिंग की घटनाएं लगातार जारी रहीं, जिससे चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास कमज़ोर हुआ।

### 'एक नागरिक, एक वोट' पर जोर

याचिकाकर्ता के अनुसार, मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन अपनाने से यह सुनिश्चित होगा कि केवल वास्तविक और विधिवत पंजीकृत मतदाताओं को ही अपना वोट डालने की अनुमति मिले, और इससे 'एक नागरिक, एक वोट' के सिद्धांत को मजबूती मिलेगी। याचिका में दावा किया गया कि आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण उपायों को लागू करने हेतु संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग कर सकता है।

## दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता सकुशल बरामद

**प्रयागराज।** थाना जार्जटाउन पुलिस ने सर्विलांस सेल नगर की मदद से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, थाना जार्जटाउन में दर्ज मु0अ0सं0-96/2025, धारा 87/137(2)/65(1) बीएनएस एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त अंकित वर्मा की तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना और सर्विलांस की सहायता से पुलिस टीम ने सोमवार को विद्या वाहिनी बस अड्डा क्षेत्र से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अंकित वर्मा (30 वर्ष) पुत्र गिरीश नन्दन प्रसाद निवासी ग्राम फतेहपुर, थाना फतेहपुर, जनपद शिवहर (बिहार) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में प्रयागराज के कीडगंज थाना क्षेत्र के मधवापुर में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद पीड़िता को आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण एवं विधिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया है।

## अवैध बालू खनन रोकने पहुंचे लेखपाल से मारपीट, मोबाइल तोड़ा, 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** गोण्डा के थाना खोड़ारे क्षेत्र में अवैध बालू खनन रोकने गए एक लेखपाल के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लेखपाल बिजेन्द्र कुमार सक्सेना ग्राम केशवनगर ग्रन्ट पश्चिमी में अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कोटिया पुरवा के पूर्व दिशा में कुछ लोग जेसीबी मशीन से अवैध रूप से बालू मिट्टी का खनन कर रहे हैं और उसे ट्रैक्टर-ट्रालियों में भर रहे हैं।

सूचना पर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने देखा कि आरोपी किशन कुमार पुत्र उग्रसेन उर्फ मलखू, निवासी घारीघाट, अपनी जेसीबी मशीन (नंबर क्ष्3क्ष्2625) से बालू मिट्टी की खुदाई करवा रहा था। जब लेखपाल ने खनन की अनुमति (परमीशन) मांगी, तो आरोपी और उसके साथी विनोद पुत्र उग्रसेन सहित अन्य अज्ञात लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

बताया गया कि आरोपियों ने लेखपाल का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। लेखपाल ने किसी तरह एक फोटो भी खींची, जिसमें जेसीबी और एक ड्राइवर दिखाई दे रहा है।आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ मौके से फरार हो गए।पीड़ित लेखपाल ने थाना खोड़ारे में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर संबंधित धाराओं में दो नामजद व चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पवन खेड़ा केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम सरकार, तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली राहत के खिलाफ अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** असम सरकार ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। यह जमानत तेलंगाना हाई कोर्ट ने उस मामले में दी थी, जो असम में उनके खिलाफ दर्ज किया गया है। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

दरअसल तेलंगाना हाईकोर्ट ने खेड़ा को एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें।

यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। पवन खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसकी जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई।



दरअसल, असम पुलिस, दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर पवन खेड़ा से पूछताछ करने उनके आवास पर पहुंची थी, लेकिन वे वहां मौजूद नहीं मिले। यह कार्रवाई उस मामले में की जा रही थी जिसमें खेड़ा ने हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी पर तीन विदेशी पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था। इस बीच, पवन खेड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

उन्होंने अदालत में अपना आवासीय पता हैदराबाद बताया और गिरफ्तारी की स्थिति में राहत देने की मांग की। बताया जा रहा है कि उनका तेलंगाना से पारिवारिक संबंध है और हैदराबाद में उनका निजी निवास भी है। साथ ही, राज्य में कांग्रेस की सरकार होने को भी इस कदम से जोड़कर देखा जा रहा है।

मामले ने तब तूल पकड़ा जब पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिंकी सरमा पर गंभीर आरोप लगाए। पवन खेड़ा ने दावा किया कि रिंकी सरमा के पास तीन अलग-अलग देशों के पासपोर्ट हैं और उनके समर्थकों के पास ऐसे दस्तावेज हैं जो इस कथित खुलासे को साबित करते हैं। उन्होंने इसे स्वतंत्र भारत की राजनीति में एक बड़ा मामला बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिन्दू महासंघ के स्थापना दिवस पर निकली धर्म का जयघोष विशाल शोभा यात्रा



**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिन्दू महासंघ के स्थापना दिवस पर धर्म का जयघोष विशाल और भव्य शोभा यात्रा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के संयोजन में निकाली गई। शोभा यात्रा में श्री हनुमान जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि के रूप में अखिलेश सिंह के पुत्र शौर्य प्रताप सिंह मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। यात्रा राजकीय इण्टर कालेज के मैंदान से गाजे- बाजे के साथ धर्म का जयघोष करते हुये गांधीनगर, कम्पनीबाग होते हुये तिरंगा चौराह पहुंची। यहां कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि धर्म, संस्कृति और एकता के इस महापर्व में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर एकजुटता का परिचय दिया। शोभा यात्रा में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल दयाराम चौधरी, आनंद सिंह बाजा भैया, दिलीप पाण्डेय, अंकुर वर्मा के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अजय मिश्रा बिंदु गोपाल त्रिपाठी सौरभ त्रिपाठी विवेक श्रीवास्तव, शिवलाल प्रेमी अमरजीत सिंह विपिन विपिन बालकृष्ण सिंह राजकुमार और मंटू चौधरी राकेश सिंह सुमित शुक्ला, सौरभ चतुर्वेदी परमानंद गुप्ता संदीप कमलापुरी, पूनम सिंह, कंचन विश्वकर्म ममता शर्मा, अनसूया पाण्डेय, आरती यादव, सोनी, अभिषेक शर्मा, सतीश पाण्डेय, पप्पू, प्रिंस जायसवाल, सिकंदर वर्मा, विनय तिवारी, चंद्रमणि पाण्डेय, अभिषेक सिंह, रंजीत चौधरी, चंदन शर्मा, रामचरण सोनकर, विवेक प्रजापति, जय राम कुमार के साथ सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

### अमेठी में भाजपा द्वारा स्वच्छता अभियान



**बाबा साहब की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक**

**अमेठी।** संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में जनपद अमेठी के ग्राम सराय खेमा में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश दिया। तत्पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा का दूध से अभिषेक कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा देश को दिए गए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम में बाबा साहब से जुड़े 'पंचतीर्थ' के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा केंद्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा उनके सम्मान और विचारों के संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बाबा साहब के जीवन से जुड़े स्थलों को विकसित कर नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता और सामाजिक समरसता का संकल्प लिया तथा बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

### अवैध शराब बरामद, आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग द्वारा औचक छापेमारी में लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर व रामपुर में तीस लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव के साथ निकली टीम ने सोमवार को जगन्नाथपुर व रामपुर में कच्ची शराब के साथ चार सौ कुन्तल लहन को भी बरामद किया। टीम ने बरामद लहन को मौके पर नष्ट कराया। टीम के द्वारा बरामदगी को लेकर आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियो के खिलाफ केस भी दर्ज कराया गया। वहीं आबकारी निरीक्षक अशोक यादव ने इन गांवो मे अवैध शराब के सेवन से दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता भी प्रदान की।

# नहर के किनारे बोरे में मिला शव मची सनसनी क्षेत्र की जनता में भय व्याप्त

**●हत्या कर बोरे में फेंकी गई लाश से फैली सनसनी हत्या का कारण अभी पता नहीं चल पाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस फेल नजर आ रहे हैं अगर बस्ती पुलिस शिकायतों पर सही कार्य करें तो मारपीट हत्या जैसी घटनाएं नहीं होगी लेकिन पुलिस की कर शैली पर इसीलिए सवाल उठ रहा है की शिकायत देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है ताजा मामला जिले के छावनी थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब विठलापुर गांव के पास नहर किनारे एक बोरे में बंद शव बरामद हुआ। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सुबह कुछ ग्रामीण नहर के पास पहुंचे थे, तभी उनकी नजर पानी के किनारे पड़े एक संदिग्ध बोरे पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उसमें शव होने की आशंका हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों के मुताबिक हत्या कहीं और कर शव को बोरे में भरकर यहां फेंका गया है, जिससे इलाके में भय का माहौल बना हुआ है और लोग नहर के पास जाने से भी कतरा रहे हैं।

सूचना मिलते ही छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बोरे को बाहर निकलवाकर शव को कब्जे में लिया और पहचान की प्रक्रिया शुरू की। जांच के दौरान मृतक की पहचान विनय वर्मा के रूप में हुई, जो अकला गांव का निवासी बताया जा रहा है और पेशे से सफाई कर्मी था। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## नशे में धुत बदमाशों का आतंक

**बेल्ट-लाठी से बेरहमी से पीटा मोबाइल छीना और जान से मारने की खुली धमकी**

**ललितपुर।** शहर के नर्सरी मरगटा इलाके में नशे में लिप्त तीन युवकों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह मारपीट कर उसके मोबाइल फोन छीन लिया और जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित मोन्टी सोनी ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना 5 अप्रैल 2026 को रात करीब 9:30 बजे हुई। गांधीनगर निवासी मोन्टी सोनी ने बताया कि वह नर्सरी मरगटा के पास से गुजर रहे थे। वहां चार लोग शराब पी रहे थे। इनमें चण्डी मंदिर के पास रहने वाले आयुष चतुर्वेदी, दीपक अहिरवार और छुन्नू शामिल थे। बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब मोन्टी सोनी ने विरोध किया तो आरोपियों ने बेल्ट और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित को अंदरूनी चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने कहा, कहीं दिखे तो जान से मार देंगे। साथ ही पीड़ित का मोबाइल फोन भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बस्ती जिले में एएलएस एंबुलेंस सेवा गंभीर मरीजों के लिए वरदान हो रही साबित

**●उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एम्बुलेंस सेवा से गरीब परिवारों को मिल रहा लाभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई एएलएस एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी मेड केयर 365 के द्वारा संचालित की जा रही है रत्नेश चौधरी ग्राम -जाता पोस्ट - सोनहा जिला बस्ती के ऊपर जानलेवा हमला हुआ था पीड़ित परिजनों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को जिला हॉस्पिटल बस्ती पहुंचाया उनके सिर और हाथ में गंभीर चोट लगने ले कारण जिला हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा प्राथमिक ट्रीटमेंट करने के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया गया हैं अनुराग चौधरी के द्वारा एएलएस एम्बुलेंस पर फोन किया जाता है इनके मरीज के लिए एंबुलेंस प्रदान की जाती है एएलएस एम्बुलेंस के ईएमटी संतोष यादव के द्वारा मरीज को एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया और मरीज को ईएमटी के द्वारा ऑक्सीजन व ग्लूकोज ड्रिप देते हुए गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज मरीज को सुरक्षित इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया । यूपी 32 ईजी 6392 में पायलट राम बहादुर का भी योगदान रहा । एम्बुलेंस को मानक स्पीड और सेफ ड्राइव की गई जिससे मरीज के घर वाले एंबुलेंस सेवा से बहुत प्रभावित थे और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई एंबुलेंस सेवा बहुत अच्छी है जो गरीब व असहाय परिवारों के लिए 24 घण्टे निःशुल्क सुविधाएं प्रदान कर रहा है । एम्बुलेंस की अच्छी सुविधा मिलने पर पीड़ित परिवार ने एम्बुलेंस कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## एसपी ने 17 नवीन डायल 112 गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी



**प्रतापगढ़।** योगी सरकार ने कुछ सालों मे उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग को आधुनिक हथियारों, तकनीकियों,वाहनों समेत निष्पक्ष पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से लैस किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर से 17 नवीन डायल 112 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।17 वाहनों मे 9 वाहन पुराने वाहनों की जगह पर और 8 नवीन वाहन संवेदनशील व महत्वपूर्ण थानों मे देलहुपुर, फतनपुर, कोतवाली नगर, लालगंज, कुंडा जेठवारा,पट्टी व बाघराय को आवंटित किए गए। इस दौरान सीओ नगर प्रशांत राज,डायल 112 प्रभारी दौलत यादव, प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय आदि उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में डीआईजी बस्ती ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती परिक्षेत्रीयकार्यालय बस्ती में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बस्ती ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व विधिपूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनसुनवाई में क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं डीआईजी के समक्ष रखीं। इनमें भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, पुलिस कार्यवाही में विलंब तथा अन्य कानून -व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। डीआईजी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और पीड़ितों को संतुष्ट किया जाए। डीआईजी ने यह भी कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और मौके पर ही कई मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस पहल से आमजन में भरोसा बढ़ा है और पुलिस-जन संवाद को मजबूती मिली है।

## बस्ती-विकास भवन सभागार में बनेगा सम्पूर्ण नदी सफाई का खाका

**●भूख-हड़ताल पर डटे भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' के आगे झुका प्रशासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** जनपद बस्ती में विषाक्त हो चुकी6 नदियों की सफाई एवं पुनर्जीवन की मांग को लेकर जारी भूख-हड़ताल सातवें दिन निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई। भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' के दृढ़ संकल्प के आगे आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा। सातवें दिन सुबह श्री पाण्डेय दर्जनों समर्थकों के साथ ज्ञापन देकर धरने पर बैठे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों का उन्हें मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। सिंचाई एवं बाढ़ खंड के अधिकारियों, क्षेत्राधिकारी नगर एवं उपजिलाधिकारी बस्ती सदर के साथ कई दौर की वार्ता हुई। अधिकारियों ने अवगत कराया कि श्री पाण्डेय का मांग पत्र शासन व संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया है।

इस पर श्री पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि 5 फरवरी को दिए गए मांग पत्र पर अब तक हुई ठोस कार्यवाही की जानकारी दी जाए। वार्ता के दौरान प्रशासन द्वारा केंद्रीय जल बोर्ड के सर्वे का उल्लेख किया गया, जिस पर श्री पाण्डेय ने बताया कि यह सर्वे पूर्व में उनके प्रयासों एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी जी के सहयोग से कराया गया था, जिसकी अंतिम रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं हुई है। श्री पाण्डेय ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में उनके मांग के क्रम में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नदी जल को अत्यंत दूषित बताया जा चुका है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

श्री पाण्डेय के तर्कपूर्ण एवं दृढ़ रुख के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि मुख्य विकास अधिकारी सभागार में एक व्यापक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जनपद के सभी विभागों एवं सिंचाई विभाग के मण्डलीय अधिकारियों की उपस्थिति में नदी सफाई एवं पुनर्जीवन का विस्तृत खाका तैयार किया जाएगा। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया जाएगा, नदियों में गिर रहे नालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी तथा सफाई एवं पुनर्जीवन हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

इस पर श्री पाण्डेय ने कहा, 'हम वार्ता में विश्वास रखते हैं, किन्तु यदि इस बार भी वादाखिलाफी हुई तो हम माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर अथवा न्यायालय के माध्यम से लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे। 'अंततः प्रशासन द्वारा ठोस आश्वासन दिए जाने के बाद उपजिलाधिकारी सदर ने जूस पिलाकर श्री पाण्डेय का सात दिवसीय भूख-हड़ताल समाप्त कराया। इस अवसर पर देवशरण शुक्ल, दिग्विजय नाथ पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, शिव पूजन चौहान, अमरेश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, राहुल शर्मा, कुलदीप जायसवाल, पशुपतिनाथ चौबे, चन्द्र प्रकाश तिवारी, राजीव पाण्डेय, विमलेंद्र सिंह, शक्तीदीप पाठक, रामधीरज चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

## नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार, बिहार और हैदराबाद से

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उतरौला/बलरामपुर।** जिले के थाना गैण्डास बुजुर्ग क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।इसके साथ ही पुलिस ने दोनों अपहृता लड़कियों को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। शान्ति देवी पत्नी रामप्रकाश निवासी थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर ने 17 मार्च 2026 को थाने में तहरीर दी कि उनकी नाबालिग पुत्री और भतीजी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। तहरीर के आधार पर धारा 87/137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक किसलय मिश्रा द्वारा की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 24 मार्च 2026 को एक अपहृता को बिहार के वैशाली से बरामद किया।इसके बाद पतारसी सुरागरसी के क्रम में अपहृता स्नेहा उर्फ विश्वकर्मा को 7 अप्रैल 2026 को हैदराबाद स्थित आरजीआई एयरपोर्ट थाना से बरामद किया गया। वहीं से आरोपी परवेज पुत्र शहाबुल्ला निवासी कंचनपुर थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने आरोपी को 12 अप्रैल 2026 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के अपराधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गैण्डास बुजुर्ग राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आरोपी की गिरफ्तारी में चौकी इंचार्ज किसलय मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसकी लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

## बलरामपुर नगर पालिका में नारी शक्ति बंधन सम्मेलन: महिलाओं को सम्मानित किया गया, मिले दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** नगर पालिका परिषद के सभागार में भारत सरकार के निर्देशन में 'नारी शक्ति बंधन सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय संबोधन और दिशा-निर्देश प्राप्त हुए, जिससे उपस्थित महिलाओं में उत्साह और जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने की। उन्होंने अपने संबोधन में नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। बैस ने कहा कि यह युग महिलाओं के सशक्तिकरण का है, जहां वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उन्होंने नारी शक्ति को परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास की प्रमुख धुरी बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में अग्रणी भूमिका निभा सकें। बैस ने सभी महिलाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अन्य महिलाओं को प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सफाई निरीक्षक दिवाकर पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को सम्मान और प्रेरणा देते हैं, साथ ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। सम्मेलन के समापन पर अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस और सफाई निरीक्षक दिवाकर पाण्डेय ने उपस्थित सभी महिलाओं को दीवार घड़ी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## अयोध्या योगासन प्रतियोगिता में खुशी मित्तल का शानदार प्रदर्शन, दो पदक जीते

**ललितपुर।** विगत 11-12 अप्रैल 2026 को अयोध्या में आयोजित नेशनल योगासन कॉम्पिटिशन में एक इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा खुशी मित्तल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। देशभर से आए 700 से अधिक प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खुशी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी ने ट्रडिशनल योगासन श्रेणी में रजत पदक तथा आर्टिस्टिक सोलो श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी मित्तल ने इसका श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और अपनी कोच सुश्री राखी सरकार के मार्गदर्शन को दिया। उनकी इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## जगदीशपुर, भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा बैट्री चोरियों के 05 अभियोगों का अनावरण

**● 04 नफर अन्तर्जनपदीय शातिर बैट्री चोर गिरफ्तार**

**चोरी की कुल 16 बैट्रियां (विभिन्न कम्पनियों की) व 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह, थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक मय हमराह व उप निरीक्षक अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद अमेठी मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अर्टिगा कार सवार 04 अभियुक्तों फहीम पुत्र वसीम निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना जनपद लखनऊ, गोलू उर्फ शनी कश्यप पुत्र मंगल कश्यप निवासी बझेरा थाना शोहरामऊ जनपद उन्नाव हालपता पकरी पुल थाना आशियाना जनपद लखनऊ, अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार गौतम निवासी द्वारिका प्रोजेक्ट पोस्ट कोडा जहानाबाद थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर, नितिन शाहू पुत्र महेश शाहू निवासी आशियाना सेक्टर एम-01 मकान नं0 1080 थाना आशियाना जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त फहीम की तलाशी से 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व अर्टिगा कार की तलाशी से 06 बैट्रीयां विभिन्न कम्पनियों की बरामद हुई ।बरामद बैट्रीयों के बारे मे पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह बैट्री चोरी की है जिसे वह सभी लोग मिलकर काफी समय से आस पास के क्षेत्र से बैट्री चोरी करके रखे हैं । बरामद बैट्री के अलावा 10 बैट्रीयां अन्य चोरी की खंडहर में रखे हैं । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर जामो मोड के पास खंडहर से 10 बैट्रीयां बरामद हुई । 06 बैट्रीयां दिनांक 03/04.04.2026 को थानाक्षेत्र गौरीगंज से चोरी किये थे व अन्य 10 बैट्रीयां दिनांक 27/28.03.2026 की रात्रि ग्राम लिढियावा, रानीगंज के पास, जामो रोड रानीगंज के पास से चोरी किये थे । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

जनपद अमेठी के थानाक्षेत्र गौरीगंज, जगदीशपुर व भाले सुल्तान शहीद स्मारक में हुई चोरियों के संबंध में संबंधित थानों पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है । उक्त चोरियों का अनावरण करते हुए चोरियों से संबंधित बैट्रियों की बरामदगी की गयी है व अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी । उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना जगदीशपुर, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व स्वाट/सर्विलांस टीम को 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया ।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में एक बजे लालगंज के अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह अपरान्ह तीन बजे घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। दिन में साढ़े तीन बजे गांधी इण्टर कालेज में आयोजित शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# गायत्री साधना से जुड़कर मानव कल्याण का संदेश दे रही कलश यात्रा - अशोक शर्मा

**●प्रकृति के प्रकोप को शांत करने का आह्वान, गांव-गांव पहुंच रही ज्योति कलश यात्रा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** क्षेत्र में भक्ति, संस्कार और जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति शक्ति कलश यात्रा यहां पहुंचकर जन-जन में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर किया। गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सद्गुणों के विकास और दुर्गुणों के उन्मूलन का प्रेरक अभियान बन चुकी है। मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की प्रक्रिया को लेकर गांव गांव गायत्री उपासना साधना से जोड़ने का काम और वर्तमान में चल रहे विनाशकारी प्रकृति की नाराज़गी को रोकते हुए मानव मात्र के कल्याण को लेकर ज्योति शक्ति कलश यात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में चल रही हैं।सोमवार को जैसे ही कलश यात्रा शुकुल बाजार पहुंची, पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल छा गया। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। कलश के आगमन पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर और भक्ति भाव से नतमस्तक होकर कलश का अभिनंदन किया।इस अवसर पर शांतिकुंज से कलश यात्रा लेकर आए हुए टोली नायक समर बहादुर,धर्मेश्वर किरार, सत्य नारायण पांडेय ने कहा कि यह ज्योति कलश मानव जीवन में आत्मशुद्धि, सदाचार और सेवा भाव का प्रतीक है। यह यात्रा हमें अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागकर सत्य, प्रेम, करुणा और संयम जैसे सदुणों को अपनाने की प्रेरणा देती है। समाज में बढ़ती विकृतियों को दूर करने के लिए ऐसे आध्यात्मिक अभियानों की आज अत्यंत आवश्यकता है।कार्यक्रम में शुकुल बाजार ब्लॉक समन्वयक अशोक शर्मा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी दीपक पाठक , गुड्डू तिवारी, दुर्गेश सहित गायत्री परिवार एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज को नैतिक मूल्यों पर आधारित बनाने और आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।ज्योति कलश यात्रा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और स्थानों का भ्रमण कर लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। यह यात्रा सत्थिन में राजकुमार कौशल के आवास से प्रारंभ होकर पूरे बख्तावर, आसाराम पांडे के यहां, जैनबगंज, अनंतराम, हरखूमऊ स्थित गायत्री मंदिर, जगपाल बाबा, इन्दरिया में राजेंद्र प्रताप सिंह के यहां पहुंची। इसके अलावा पूरे रामदीन गांव में अवधेश मिश्रा, शुकुल बाजार में ध्रुव केश शर्मा व राजकुमार कौशल धर्मशाला, पांडेयगंज में मनोज तिवारी, भोजा तिवारी गांव, अंदीपुर के गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर में रमेश शुक्ला, पाली में सुनील साहू, तेंदुआ में रवि गिरी व जीत तिवारी में दिलीप तिवारी तथा पूरे रग्घू सुधीर शुक्ला के यहां श्रद्धापूर्वक कलश का स्वागत किया गया।अंत में दीप यज्ञ, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान बना रहा। श्रद्धालुओं को नैतिक जीवन, संयमित आचरण और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया गया। रात्रि प्रवास, भोजन-प्रसाद वितरण और सामूहिक साधना के साथ यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, और सुबह टोली को विदाई दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसाद हॉस्पिटल में उपचार के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने जमकर किया हंगामा



**अधिवक्ता की तहरीर पर जांच में जुटी बंथरा पुलिस**

**लखनऊ।** बन्थरा क्षेत्र के जुनाबगंज में स्थित प्रसाद हास्पिटल में उस समय हंगामा मच गया, जब इलाज के लिए आयी महिला की सुबह उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। मृत्यु की सूचना मिलने पर परिजन व रिश्तेदार अस्पताल पहुँचकर अस्पताल के स्टाफ व डाक्टरों पर ही महिला की मृत्यु का आरोप लगा कर हंगामा करने लगे। जिससे अस्पताल में अफरातफरी का माहौल बन गया। जबरौली, मोहनलाल गंज निवासी अधिवक्ता नीरज तिवारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक, बन्थरा को दी गयी तहरीर के अनुसार रविवार को लगभग 4.00 बजे सांय किशुनपुर कौड़िया निवासी सीता दीक्षित पत्नी अक्षय दीक्षित को जुनाबगंज, बन्थरा स्थित प्रसाद अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया था,जिसका इलाज चल रहा था । पीड़ित की बीमार बहन ने रात्रि में फोन पर बात भी की थी तत्समय व स्वस्थ थी, परन्तु सुबह 5.30 बजे संदिग्ध परिस्थियों महिला की मृत्यु हो जाना पहली बना हुआ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**रायबरेली।** गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर स्थित ताला गांव की बाजार के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमित (25 वर्ष) पुत्र देशराज, निवासी मधुतपुर, अपने रिश्तेदार के यहां ठकुराइन खेड़ा गांव आए हुए थे। सोमवार पाँच बजे के करीब वह वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बछरावां की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के समय अमित ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रायबरेली रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

### डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली,** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान प्रथम चरण की प्रथम साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत कृषि, पशुपालन, नगरीय निकाय, पंचायती राज सहित संबंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वयता बना कर अपने विभागीय कार्यों एवं उत्तरदायित्वों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव हेतु नगर विकास विभाग को साफ सफाई, नालियों की सफाई, अपशिष्ट जल निकासी, फॉगिंग कराते रहने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों के फैलने के कारणों एवं उनके बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि जनसामान्य में भी जागरूकता का प्रसार हो सके। जिलाधिकारी ने सभी सहयोगी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें, जिससे अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन हो और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनहित व्यापार मण्डल की शिकायतों पर एनएचआई व पीएनसी ने किया निरीक्षण

**● क्षेत्रीय हनुमान के पुनः निर्माण और अवरुद्ध मार्ग शीघ्र खुलवाने का दिलाया भरोसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के नेतृत्व में चिल्लावॉं में रास्ता अवरूद्ध होने तथा बंथरा में मन्दिर क्षतिग्रस्त की शिकायत पर एनएचआई व पीएनसी ने सोमवार को निरीक्षण कर हकीकत को परखा।

उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को एयरपोर्ट चिल्लावॉं बाजार के रास्ते व बंथरा बाजार में पीएनसी द्वारा नेशनल हाइवे को चौडा करने के दौरान तोडे गये मन्दिर को पुनः निर्माण न कराने पर स्थानीय व्यापारी व क्षेत्र वासियों द्वारा समस्या का समाधान कराने के आग्रह पर एनएचआई पीडी द्वारा वार्ता करने के उपरान्त एनएचआई व पीएनसी अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। चिल्लावॉं बाजार एयरपोर्ट पर पुलिस द्वारा कट बन्द करने पर लगभग 25000 जनता का आवागमन पूरी तरीके से अवरूद्ध हो गया है। उक्त शिकायत पर पूर्वान्ह करीब 11 बजे एनएचआई व पीएनसी के अधिकारियों के साथ जनहित व्यापार मण्डल एयरपोर्ट अध्यक्ष पवन तिवारी, महामंत्री बृजेन्द्र शर्मा, स्थानीय दुकानदार राकेश अग्रवाल, राजेश यादव, सरोज सोनी, रमेश यादव, सोनू चौरसिया, के साथ मौके का निरीक्षण किया और समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। उधर बंथरा बाजार के श्रीसंकट मोचन हनुमान मन्दिर (बालाजी दरबार) पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त पाया गया। निरीक्षण के दौरान एनएचआई के इन्जीनियर शरद गुप्ता तथा पीएनसी के अंकुर जैन



अनिरूद्ध राय तथा व्यापारी लाल सिंह राठौर, विशाल गुप्ता, राम बाबू साहू, संतोष गुप्ता, राकेश गुप्ता, गोपाल जायसवाल, अजय तिवारी, मुकुल सिंह, अनूप चौरसिया, सागर चौरसिया, सौरभ सिंह, अरविंद कुमार, रवि साहू, राहू साहू मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में स्कूल चलो अभियान रैली का हुआ आयोजन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तंबौर सीतापुर** प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर विकास क्षेत्र बेहटा जनपद सीतापुर में स्कूल चलो अभियान रैली का हुआ आयोजन ।इस आयोजन में समस्त ग्राम पंचायत में स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर अभिभावकों और बच्चों को नवीन नामांकन के प्रति प्रेरित/जागरूक किया गया ।रैली को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जुनैद अहमद ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल से गांव की तरफ रवाना किया। रैली को आकर्षक बनाने के लिये कलरफुल स्लोगन, तख्ती, बैनर और झंडी का उपयोग किया गया। साउंड के द्वारा स्लोगन बच्चे व अध्यापक बोलते हुये गांव के व्यक्तियों को जागरूक किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉ इन्द्रसेन सिंह ने कहा विभाग द्वारा दिये गए नवीन नामांकन के लक्ष्य को समय से प्राप्त करने में स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली बहुत ही कारगर सिद्ध होगी।

रैली से अभिभावकों और बच्चों में उत्साह बढ़ेगा और समय से नवीन नामांकन कराएंगे।इस मौके पर सहायक अध्यापक सोनू कुमार,नरेश कुमार नोडल शिक्षक संकुल, शिव प्रताप सिंह,रामकुमार वर्मा, सुशील पाण्डेय, शिक्षामित्र इजहार अहमद,, आंगनबाड़ी सुमन देवी, गुलनाज बानो, सहायिका गोमती देवी, अनीता देवी रामदुलारे यादव, एखलाख खान, प्रबंध समिति अध्यक्ष मोहम्मद अहमद, उपाध्यक्ष राम प्रताप मिश्र, व रसोइया सहित कई वरिष्ठ अभिभावक उपस्थित रहे।

### लखनऊ विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ की बैठक ए एन डी टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज में हुई संपन्न



**सीतापुर लखनऊ** विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ की बैठक ए एन डी टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज में संपन्न luacta सीतापुर इकाई की बैठक जोकि ए एन डी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में आयोजित की गई, जिलाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार ने बताया की इसमें बड़ी संख्या में आर एम पी महाविद्यालय, हिन्दू कन्या महाविद्यालय, श्री गाँधी महाविद्यालय, ए एन डी कॉलेज के शिक्षक/शिक्षिका साथियों ने प्रतिभाग किया तथा अपने विचार रखे, बैठक बहुत सकारात्मक तरीके से सम्पन्न हुई, बैठक में विभिन्न बिन्दुओं क़ो नोट किया गया तथा विभिन्न महाविद्यालय इकाईयों क़ो जिला इकाई द्वारा आश्वस्त किया गया की इन बिन्दुओं क़ो विश्वविद्यालय इकाई और उसके माध्यम से विश्वविद्यालय और शासन क़ो लिखित रूप से अवगत कराया जाएगा और उचित समाधान हेतु पूरा प्रयास किया जाएगा, स्वस्थ संवाद की ये परम्परा आगे भी जारी रहेगी।

### प्राथमिक विद्यालय सरैया बारासिंहा में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा निकली गई जागरूकता रैली



**बिसवां/सीतापुर।** प्राथमिक विद्यालय सरैयां बारासिंहा में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में बच्चों ने 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'शिक्षा है अधिकार हमारा', 'हर घर से एक ही नारा, स्कूल जाए हर बच्चा हमारा' जैसे नारे लगाकर गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलायी। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नूर बानो ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराकर नियमित रूप से भेजना चाहिए। रैली में सहायक अध्यापक पवन कुमार, प्रिया, शिवेंद्र विश्वकर्मा, शिक्षा मित्र किरन देवी, रचना नंदा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुड़िया वर्मा, तथा रसोइया कलावती और श्यामा सहित विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। इस मौके पर गांव के संभ्रांत लोग भी मौजूद रहे और उन्होंने स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## ईश वेलफेयर टीम द्वारा पॉल मर्सी होम में सेवा कार्यक्रम सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिनांक 12 अप्रैल 2026 को ईश वेलफेयर टीम द्वारा पॉल मर्सी होम में आश्रित मानसिक रूप से विशेष (मंदित) महिलाओं एवं बच्चियों के बीच एक सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे टीम के सदस्यों एवं सहयोगी समाजसेवियों जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, गिरीश कुमार सिंह, मयंक सिंह, एस विर्दी, भैरव, आरती कपूर (उमा ज्वेलर्स), ज्योति खरे सिविल डिफेन्स, नूतन वर्मा, शिखा, रुची मिश्रा, एडवोकेट रिचा मिश्रा, पवन सिंह, जीत बहादुर पुरी, सुभाष चंद्र मिश्रा, शर्मा, कमल सेन, संजय वर्मा ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई तथा आवश्यक खाद्य सामग्री- 60 किलोग्राम आटा, 65 किलोग्राम चावल, 26 किलोग्राम दाल, 10 किलोग्राम सरसों तेल, 15 किलोग्राम भूना चना, 15 किलोग्राम चूरा, 15 किलोग्राम रवा, 10 किलोग्राम चीनी एवं 3 किलोग्राम नमकीन भेंट किया गया।

इसके अतिरिक्त बच्चियों एवं महिलाओं को बंद मक्खन, केले एवं फ्रूटी वितरित की गई, जिसे पाकर वे अत्यंत प्रसन्न एवं आनंदित दिखाई दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भावुकता एवं सेवा भावना से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रभु का स्मरण कर सेवा का अवसर प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र सिंह ने सभी सहयोगी समाजसेवियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे जरूरतमंदों के जीवन में मुस्कान लाई जा सके। इस अवसर पर सरिता सिंह नूतन वर्मा, जी एस विर्दी, अतुल सिंह श्रीनेत, संजय सिंह, असिस्टेंट सेल्टैक्स कमिश्न, एडवोकेट रिचा मिश्रा उपाध्यक्ष निर्मल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, पेंसनर क्लब से जीतबहादु पुरी, सुभाष चंद्र मिश्रा, शर्मा, सहित बहुत सारे समाज सेवी गण उपास्थित रहे।

## कार्यकर्ता, कार्यक्रम और कार्यालय ही संगठन का आधारः विवेक शर्मा

**● व्यापारियों ने वरिष्ठ व्यापारी की चौथी पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**डलमऊ रायबरेली-** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के संगठन की वर्ष 2026 की पहली बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदामा साहू ने की।मुख्य अतिथि के भूमिका में जिला प्रभारी विवेक शर्मा,विशिष्ट अतिथि अप्पू शर्मा, शानू बाजपेई उपस्थित रहे। अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लगभग तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में व्यापारियों ने मुख्य अतिथि के सामने अपनी मांगे राखी। व्यापार मंडल के इस कार्यक्रम में संगठन की कार्यकारिणी ,व्यापारियों की समस्या, कस्बे में लगने वाले जाम ,संगठन को प्रभावी बनाने के लिए प्रयास आदि कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मौजूद विवेक शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता कार्यक्रम और कार्यालय ही संगठन का आधार। संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की जाएगी। नगर प्रभारी रानू शर्मा हर महीने बैठक कराने का सुझाव दिया।जिसपर सभी उपस्थित लोगों की सहमति से प्रत्येक माह की 15 तारीख को मासिक बैठक तय की गई।

मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने सभी व्यापारियों की समस्या को सुना भी और जाम के कारण डलमऊ के चौपट हो चुके बाजार को जल्द से जल्द जाम से मुक्त करने के लिए बायपास की मांग की जाएगी ऐसा आश्वाशन भी दिया। मुकेश सोनी ने मजबूत संगठन की मांग की। बैठक में नई कार्यकारिणी पर विचार किया गया। जिला उपाध्यक्ष संदीप मिश्र ने कहा कि 'हम जब तक हम है तब तक हम में दम है' तथा डलमऊ में हो रही व्यापारी की कई समस्याओं को संगठन के सामने रखी। संगठन को मजबूती देने के लिए आशीष जायसवाल के कंधों पर युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी रखी गई।

व्यापार मंडल की बैठक में वरिष्ठ एवं सम्मानित सबके प्रिय व्यापारी राजेंद्र दादा(राजेंद्र होटल) की चौथी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रामगोपाल वैश्य ने बताया कि राजेंद्र दादा से हमेशा एक बड़े भाई के रूप में आशीर्वाद मिला। वो हमेशा हमारे मार्गदर्शक के रूप में प्रेरणा देते रहेंगे। बड़े बूढ़े हर कोई उनको प्यार से दादा कहता था और उन्होंने दादा होने फर्ज भी निभाया।हमारे दादा हमरे अभिमान है। जिला उपाध्यक्ष संदीप मिश्र ने बताया कि राजेंद्र दादा हम सबके प्रिय थे। उनका जाना डलमऊ के लिए कभी न भर पाने वाली क्षति है।

उनका पूरा जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा श्रोत है।क ार्यक्रम में सरयू प्रसाद सोनकर, समरजीत जयसवाल, मोबाइल, टेशू दीक्षित, विनेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, पथवारी शंकर, सुनील होंडा, राजन जयसवाल, मो सईद, दिनेश मौर्य,अरविंद अग्रवाल, संदीप मिश्रा, आदित्य यादव, आशुतोष गुप्ता, जितेंद्र यादव, ऋतिक जायसवाल, दीपू जायसवाल, पवन जयसवाल, बॉबी पंडित, राहुल गुप्ता(गोल्डी), संदीप अग्रहरि, सुनील गुप्ता(एडवोकेट), टीटू अग्रवाल, शक्तिमान वैश्य, तैयब चक्की, पप्पू पालेसर, मो जमील, मुन्ना फेब्रिकेशन, अन्य बड़ी संख्या सम्मानित व्यापारी गण मौजूद रहे।

# दबंगों ने लाठी- डंडों और सरिया से हमला कर बुजुर्ग की हत्या, परिवार के अन्य तीन लोग गंभीर

**● पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर/**जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के मदुवापुर गांव में 'घर में झांकने' के शक को लेकर हुए विवाद में 65 वर्षीय एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। दबंगों ने लाठी-डंडों और सरिया से हमला किया। इस घटना में मृतक का बेटा, पत्नी और बहू भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आत्माराम (65) पुत्र शिव पूजन रविवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच अपने घर के सामने सड़क पार कर शौच के लिए जा रहा था । इसी दौरान पड़ोसी बाल गोविंद और उसके साथियों ने उन पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने आत्माराम पर लाठी, डंडे और लोहे की सरिया से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। पिता को बचाने पहुंचे पुत्र शशि कपूर वर्मा, पत्नी मुन्नी देवी और बहू पूजा देवी पर भी हमलावरों ने हमला किया। उन्हें भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया , जिससे एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल आत्माराम को परिजन खेसरहा के अस्पताल ले गए। रात में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के बेटे शशि कपूर वर्मा ने बताया कि इस घटना की वजह दिन में हुआ एक विवाद था। रविवार को उनकी मां मुन्नी देवी छत पर कुछ काम कर रही थी। नीचे उतरते समय पड़ोसी बाल गोविंद और उसके परिवार के सदस्यों ने उन पर आरोप लगाया कि वह उनके घर की तरफ झांक रही थी। इसी बात को लेकर गाली-गलौज हुई थी। हालांकि उस समय यह मामला शांत हो गया था, लेकिन रात में यह विवाद हिंसक रूप ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप आत्माराम की हत्या हुई। ग्रामीणों के अनुसार, करीब 10 दिन पहले भी दोनों परिवारों के बीच भूसा उड़कर पड़ोसी के घर पहुंचने को लेकर कहासुनी हुई थी। हालांकि उस समय मामला



ज्यादा नहीं बढ़ा, लेकिन अंदर ही अंदर तनाव रहा,जो आखिरकार इस जघन्य वारदात का कारण बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।इस मामले प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि बाल गोविंद, प्रकाश और सुनीता सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पांच आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। जिसमें दो बाल अपचारी शामिल हैं, उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि अन्य नाम सामने आते हैं, तो उन्हें भी मुकदमे में शामिल किया जाएगा।

### जर्नलिस्ट प्रोटक्शन एसोसिएशन का पहला स्थापना दिवस 17 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन ने पत्रकार हितों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए एक नई दिशा प्राप्त की है। उन्होंने न केवल पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता के मुद्दों को प्रमुखता से सामने रखा है, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करते हुए संगठन को सशक्त बनाने का कार्य भी किया है। उनके प्रयासों से पत्रकारों के अधिकारों के संरक्षण, कानूनी सहायता और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा और जागरूकता बढ़ी है। जर्नलिस्ट प्रोटक्शन एसोसिएशन आज उनके नेतृत्व में एक मजबूत मंच के रूप में उभर रहा है, जो पत्रकारों की समस्याओं को प्रभावी तरीके से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम कर रहा है। विवेक प्रताप सिंह की सोच और कार्यशैली ने संगठन को नई ऊर्जा दी है, जिससे पत्रकार समुदाय में विश्वास और एकजुटता की भावना मजबूत हुई है।

## पुलिस ने,105 ग्राम अल्प्राजोलम के साथ तस्कर गिरफ्तार किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज के यमुनानगर जोन पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसओजी यमुनानगर जोन और थाना नैनी की संयुक्त पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 105.26 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम नशीला पाउडर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर इन्दलपुर पार्किंग के पास छापेमारी की गई। इस दौरान रिंकू वंशकार (32 वर्ष), निवासी त्रिवेणी नगर, थाना नैनी, को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना नैनी में मुकदमा संख्या 186/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अल्प्राजोलम की बिक्री करता था और पहचान के लोगों को यह नशीला पदार्थ सप्लाई करता था।

उसने बताया कि उसे यह ड्रग एक





अज्ञात व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराई जाती थी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी व अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।इस कार्रवाई में थाना नैनी पुलिस टीम और एसओजी यमुनानगर जोन की संयुक्त टीम शामिल रही, जिनकी सतर्कता और समन्वय से यह सफलता संभव हो सकी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा।

# सिद्धार्थनगर में 120 फिट ऊंचे टावर पर चढ़ा युवक, प्रेमिका से शादी करने के जिद पर, 2 घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**● घंटों की कोशिश के बाद पुलिस व परिजनों ने नीचे उतरवाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर/**जिले के इटवा थाना क्षेत्र के पिपरा पठान (मुर्गिहवा) गांव के पास सोमवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक 120 फुट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर हंगामा करने लगा। करीब दो घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और परिजनों के समझाने पर युवक नीचे उतरा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के इंद्रीग्रांट गांव के टोला बक्शडीह निवासी विशाल चौहान (23) पुत्र रामदास का इटवा क्षेत्र की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक उसी युवती से विवाह करना चाहता था लेकिन किन्हीं कारणों से बात आगे नहीं बढ़ पा रही थी। इसी बात से



आक्रोशित होकर वह सोमवार की सुबह अपने घर से करीब 10 किमी दूर पिपरा पठान गांव पहुंच गया और वहां लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया।

टॉवर के ऊपरी हिस्से पर बैठकर युवक ने साफ तौर पर कहा कि जब तक उसकी शादी संबंधित युवती से नहीं कराई जाएगी, वह नीचे नहीं उतरेगा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम और युवक के परिजन उसे समझाने में जुट गए। मोबाइल फोन के जरिए लगातार उससे बातचीत की गई, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। करीब दो घंटे तक चले प्रयास के बाद आखिरकार युवक मान गया और टॉवर से नीचे उतर आया। नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने ले गई , जहां उससे पूछताछ की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है और युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक दुल्हन के लिए आ गए दो दूल्हेः बैंक्वेट हॉल के बाहर हो गया माहौल तनावपूर्ण, पुलिस आई तब जाकर हुआ ये फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अमरोहा शहर में रविवार को एक शादी समारोह उस वक्त चर्चा का विषय बन गया, जब एक ही दुल्हन के लिए दो अलग-अलग बरातें बैंक्वेट हॉल पहुंच गईं। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को मौके पर पहुंचकर मामला संभालना पड़ा। बाद में संभल से आई बरात दुल्हन को विदा करके ले गई। इसी दौरान परिजनों ने जल्दबाजी में बेटी का रिश्ता संभल निवासी दूसरे युवक से तय कर दिया और 12 अप्रैल को ही विवाह कराने की तैयारी कर ली। रविवार को कैलसा बाईपास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह चल रहा था। दोपहर करीब दो बजे संभल से बरात पहुंची और निकाह की तैयारियां शुरू हो गईं। इसी बीच मुरादाबाद से पहले तय दूल्हा भी सेहरा बांधकर बरातियों के साथ मौके पर पहुंच गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। एक ही दुल्हन के लिए दो बरातें पहुंचने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दुल्हन से उसकी इच्छा जानी, जिस पर उसने अपने परिजनों की सहमति से संभल से आए दूल्हे



के साथ निकाह करने की बात कही। इसके बाद पुलिस मुरादाबाद से आए दूल्हे को अपने साथ कोतवाली ले गई, जहां उसे शाम तक बैठाए रखा गया, जबकि उसके बराती बाहर इंतजार करते रहे। उधर, निकाह की रस्म पूरी होने के बाद दुल्हन को लेकर संभल की बरात रवाना हो गई।

# धोखा और नाकामी का मसौदा रही इस्लामाबाद वार्ता

करीब डेढ़ महीने से से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस्लामाबाद वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। 21 घंटे की चर्चा के बावजूद ईरान और अमेरिका में आपसी सहमति नहीं बन पाई तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने लाव-लश्कर के साथ अमेरिका वापस लौट गए और जाते-जाते कह गए कि यह ईरान के लिए बुरी खबर है कि कोई समझौता नहीं हुआ। लेकिन जो ईरान 28 फरवरी को अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत से लेकर मिनाब में डेढ़ सौ बच्चियों की जान जाने तक कई बुरी खबरों को झेलकर भी अपनी शर्तों पर टिका हुआ है, उसे अमेरिका भला एक वार्ता के विफल होने से क्या हिला पाएगा। असल में तो इस्लामाबाद वार्ता की असफलता अमेरिका के लिए बुरी खबर है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य की चाबी अब भी ईरान के हाथ में ही है और इससे भी बढ़कर उसके पास सिर न झुकाने का जो जज्बा है, वो अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के पास नहीं है। ट्रंप नेतन्याहू की मर्जी से युद्ध छेड़ते हैं और समझौता भी नहीं कर पाते, क्योंकि नेतन्याहू ऐसा नहीं चाहते।

आपको बता दें बीते दिनों न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें बताया गया कि बेंजामिन नेतन्याहू 11 फरवरी को अमेरिका में थे, जहां उन्होंने ट्रंप के सामने एक पूरी रणनीति बताई थी कि ईरान पर हमला करना चाहिए, क्योंकि वह अभी कमजोर है। इससे ईरान में सत्ता बदली जा सकती है और उसके संसाधनों पर कब्जा भी किया जा सकता है। नेतन्याहू ऐसे ही प्रस्ताव पहले बराक ओबामा, जो बाइडेन और जार्ज बुश को भी दे चुके थे, लेकिन इन तीनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल में ऐसा कोई फैसला नहीं लिया। यह खुलासा पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने हाल ही में किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की बात मानने को मजबूर हो गए। क्या इसके पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे हैं, इस सवाल का जवाब अभी मिलना बाकी है। बहरहाल, यह वार्ता बेनतीजा रही, क्योंकि एक तरफ इजरायल लेबनान पर अपने हमले नहीं रोक रहा था, जबकि ईरान की 10 शर्तों में यह एक अहम शर्त थी कि लेबनान पर हमले रुकने चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी अपने रुख में इंच भर का बदलाव नहीं दिखाया। अमेरिका-ईरान वार्ता बिना नतीजे के खत्म हो गई. लेकिन बातचीत के नाम पर असली फायदा डोनाल्ड ट्रंप ने उठाया है. अमेरिका ने होर्मुज में माइंस हटाने वाले जहाज भेज दिए हैं. वहीं पाकिस्तान ने भी सऊदी अरब में जेट भेजे हैं. इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या बातचीत के नाम पर ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई गई. कहीं बातचीत में उलझाकर उसे फिर से धोखा तो नहीं दिया गया। क्योंकि बातचीत के बीच ही अमेरिका ने माइंस हटाने के लिए अपने दो सैन्य जहाजों को होर्मुज के पार ईरान के पास भेज दिया है. करीब 21 घंटे तक चली मैराथन बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को खाली हाथ लौटना पड़ा. वेंस ने साफ कहा कि अमेरिका ने अपनी 'रेड लाइन' बता दी थी, लेकिन ईरान ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया. दूसरी तरफ ईरान का आरोप है कि अमेरिका ने जरूरत से ज्यादा शर्तें थोप दीं और बातचीत को संतुलित नहीं रखा.




यहां यह भी गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। लेकिन इन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका न ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हुआ, न उसने होर्मुज पर अपना रुख साफ किया। दरअसल पिछले दस दिनों में ही ट्रम्प दो बिल्कुल अलग-अलग बातें कह चुके हैं। पहले उन्होंने कहा था कि होर्मज में अमेरिका की कोई खास दिलचस्पी नहीं है, अमेरिका को वहां से गुजरने वाले तेल की जरूरत नहीं है। फिर कुछ ही दिनों बाद उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की मांगों का सबसे जरूरी हिस्सा है, और अगर इसे खुला नहीं रखा गया तो कोई बातचीत नहीं हो सकती। वैसे यह तय है कि होर्मुज बनारसमध्य पर अमेरिका अपना कब्जा चाहता है, क्योंकि ईरान ते इस पर न केवल नाकेबंदी की है, बल्कि अब शुल्क चिनेको एरुआत भी कर दी है और ट्रंप इससे बुरी तरह गए हैं। ईरानी संसद से मंजूरी मिलने के बाद अब नामिरिखोलूश्यनरी गाईस कॉर्पस को होर्मुज से गुजरने पाहा से शुल्क वसूलने का अधिकार मिल गया है। एक बेरल तेल पर एक डॉलर ईरान वसूलेगा, साथ ही क्रिप्टो करेंसी में भुगतान की व्यवस्था भी होगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का कोई असर न पड़े। ईरान की इस रणनीति से उसे आर्थिक मजबूती मिलेगी, अमेरिका को इस बात का अहसास हो चुका है। इसलिए अब उसने फिर से अपने पत्ते फेंटने शुरु किए हैं, ताकि युद्ध को जायज ठहरा सके।

हालांकि इस युद्ध ने एक तरफ ईरान और खाड़ी देशों समेत पूरी दुनिया में घोर तबाही मचाई है, वहीं एक नयी वैश्विक व्यवस्था भी तैयार की है, जिसमें ईरान निस्संदेह एक आदर्श की तरह उभरा है। ईरान ने संदेश दे दिया है कि महाशक्ति की अवधारणा और उसके हौव्वे को आत्मबल से कैसे तोड़ा जा सकता है। अब अन्य देशों को भी यह प्रेरणा मिली है कि वे अमेरिकी शर्तों के आगे झुकने से इंकार करने की हिम्मत दिखाएं।

पाकिस्तान ने सऊदी अरब में अपने फाइटर जेट तैनात कर दिए. यह तैनाती दोनों देशों के रक्षा समझौते के तहत की गई, लेकिन इसे ईरान के लिए एक सख्त संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है. यह अमेरिका की दोहरी रणनीति थी ताकि एक तरफ बातचीत के जरिए समाधान का दिखावा किया जाए, दूसरी तरफ सैन्य दबाव बनाकर अपनी शर्तें मनवाई घटनाक्रम की तुलना 28 फरवरी की उस घटना से भी की जा रही है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया था. यह हमला ऐसे समय में किया गया था जब दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही थी. जब किसी को हमले की उम्मीद नहीं थी तब ईरान पर अटैक हुआ, जिसमें सुप्रीम लीडर अली खामेनेई मारे गए. इस बात का खतरा पहले से था कि कहीं अमेरिका बातचीत के बीच धोखा न दे दे वही हुआ अब ईरान को और मजबूती से खड़े होने की जरूरत होगी।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# शांति वार्ता तार-तार, राष्ट्र प्रमुखों की जिद्द और आसन्न परमाणु युद्ध

**वैश्विक महा-अशांति की आशंका।**

अमेरिका, इजरायल और। ईरान के बीच शांति वार्ता के विफल होने पर वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति-प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं।

ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वार्ताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर, आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वतः ही संदिग्ध हो जाता है।

अमेरिका और इज़रायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही



अविश्वास शांति वार्ता को बार-बार विफल करता रहा है।

अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इज़रायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है।

यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी। सबसे पहले असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे महंगाई वैश्विक स्तर पर बेकाबू हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जहाँ पहले से ही आम जनता महंगाई के दबाव से जूझ रही है।

महंगाई का सीधा असर आम जीवन पर पड़ता है।खाद्य पदार्थ, ईंधन, परिवहन, दवाइयाँ सभी की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। इससे निम्न और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होगा ह। रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं, और आर्थिक असमानता बढ़ जाती है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी परमाणु युद्ध के दुष्परिणाम अत्यंत भयावह होंगे। परमाणु विस्फोट से निकलने वाला विकिरण न केवल तत्काल जनहानि करता है, बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियों को जन्म देता है। कैंसर, जन्मजात विकृतियाँ, मानसिक रोग ये सब ऐसे प्रभाव हैं जो दशकों तक मानवता को झेलने पड़ते हैं। पर्यावरण पर इसका असर भी विनाशकारी होता है,जल, वायु और मिट्टी सभी प्रदूषित हो जाते हैं, जिससे कृषि उत्पादन ठप हो सकता है और खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

इसके अतिरिक्त, एक परमाणु युद्ध 'न्यूक्लियर विंटर' जैसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जिसमें धूल और धुएँ के कारण सूर्य का प्रकाश धरती तक नहीं पहुँच पाता, जिससे वैश्विक तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। इसका परिणाम व्यापक अकाल और पारिस्थितिक असंतुलन के रूप में सामने आएगा।

वर्तमान स्थिति में सबसे अधिक आवश्यकता संयम, संवाद और विवेकपूर्ण नेतृत्व की है। विश्व शक्तियों को यह समझना होगा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत है। कूटनीति की मेज पर बैठकर मतभेदों को सुलझाना ही एकमात्र स्थायी मार्ग है।

अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज मानवता एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है, जहाँ एक ओर शांति, सहयोग और विकास का मार्ग है, तो दूसरी ओर विनाश, अराजकता और अंधकार का। निर्णय विश्व नेताओं के हाथ में है, परंतु परिणाम पूरी मानवता को भुगतना होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि शांति को प्राथमिकता दी जाए और विश्व को एक और महायुद्ध की विभीषिका से बचाया जाए।

**संजीव ठाकुर**

# जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल !

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेतृत्व में बालेन शाह (बलेंद्र शाह) ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदस्यीय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट 'जेन-ज़ी आंदोलन' के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में 'दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट' और 'सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल' के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे 'जनरेशनल शिफ्ट' करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक (पूर्वांचल विश्वविद्यालय) और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेटधारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं।वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे 'टीच फॉर नेपाल' के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है। शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं। महिला, बाल-बालिका एवं ज्येष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूर्वाधार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एम.टेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं। गौरतलब है कि ये योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन 'हामी नेपाल' और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी (जैसे सीता बादी) समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य हैं, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनीतिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों (इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र) से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं (तीन पीएचडी), लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है। नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी 'डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस' पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही '100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा' लागू कर चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव से नेपाली प्रवासियों की सुरक्षा, 'कार्की आयोग' रिपोर्ट पर कार्रवाई और संविधान संशोधन पर चर्चा पत्र तैयार करने जैसे कदम उठाए गए। शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने पार्टी-आधारित छात्र संगठनों को समाप्त करने और स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता ने निजी अस्पतालों में 10 प्रतिशत मुफ्त बेड सुनिश्चित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आर्थिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान दे रहे हैं। श्रम और स्वास्थ्य मंत्रियों की स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञता गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन में मदद करेगी। विदेश मंत्री शिशिर खनाल की पॉलिसी विशेषज्ञता नेपाल की कूटनीति को मजबूत करेगी।युवा बेरोजगारी घटाने, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, स्वास्थ्य पहुंच बढ़ाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयास पहले ही दिख रहे हैं। दैनिक प्रगति निगरानी प्रणाली लागू कर सरकार जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। हालांकि, चुनौतियां यहां भी हैं, जैसे कि पहाड़ी इलाकों में पहुंच, संसाधन सीमाएं और पुरानी पार्टियों का विरोध। फिर भी, यह कैबिनेट जनता की उम्मीदें पूरी करने की राह पर है। कुल मिलाकर देखा जाए तो नेपाल का यह 'जेन-ज़ी' कैबिनेट न सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए मिसाल है, बल्कि विकासशील देशों को सिखाता है कि योग्यता और युवा ऊर्जा राजनीति को बदल सकती है। यदि यह टीम अपने100 सूत्री एजेंडा को ईमानदारी से लागू कर पाई, तो नेपाल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और सुशासन का नया मॉडल बन सकता है।

# डा.अंबेडकर का महिला अधिकारों के लिए समर्पण

**संसद से लेकर समाज तक आज महिला अधिकारों और सशक्तिकरण की चर्चा जोरों पर है। क्या हम जानते हैं कि इसकी वैचारिक और विधायी नींव स्वतंत्र भारत के शुरुआती वर्षों में ही डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रख दी गई थी। डॉ. अंबेडकर स्वतंत्र भारत के उन विरले और दूरदर्शी राजनेताओं में अग्रणी थे, जिन्होंने महिलाओं की समानता को केवल एक सामाजिक सुधार का विषय न मानकर इसे राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त के रूप में देखा। उनका सुस्पष्ट मत था कि किसी भी समुदाय की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। इसी दृष्टि के साथ उन्होंने न केवल सैद्धांतिक विमर्श किया, बल्कि विधायी और नीतिगत धरातल पर भी महिलाओं के उत्थान के लिए निर्णायक कदम उठाए और सतत् प्रयास किए।**



**भारतीय संविधान के निर्माण के दौरान डॉ. अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को पुरुष के समान नागरिक अधिकार प्राप्त हों। अनुच्छेद 14 और 15 के माध्यम से कानून के समक्ष समानता और लिंग आधारित भेदभाव के विरुद्ध सुरक्षा जैसे प्रावधान ऐतिहासिक मील के पत्थर साबित हुए। अंबेडकर का सबसे क्रांतिकारी और साहसिक प्रयास 'हिंदू कोड बिल' के रूप में सामने आया, जिसके माध्यम से उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विवाह और तलाक में समानता तथा उत्तराधिकार के न्यायसंगत प्रावधान देने की पुरजोर वकालत की। उस दौर में इस विधेयक का रूढ़िवादी वर्गों द्वारा इतना तीव्र विरोध हुआ कि अंबेडकर ने अपने सिद्धांतों की रक्षा हेतु कानून मंत्री के पद से त्यागपत्र देना बेहतर समझा। हालांकि, कालांतर में इसी बिल के विभिन्न अंशों ने उन कानूनों का रूप लिया, जो आज भारतीय नारी के सम्मान और अधिकारों की आधारशिला बने हुए हैं।**

**विधिक समानता के साथ-साथ डॉ. अंबेडकर ने श्रमिक महिलाओं के जीवन में भी गरिमापूर्ण परिवर्तन लाने की पहल की। उन्होंने मातृत्व लाभ, कार्य के निश्चित घंटे और खदानों व कारखानों में कार्यरत महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे प्रावधानों को श्रम कानूनों का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना था कि आर्थिक सशक्तिकरण के बिना सामाजिक स्वतंत्रता अधूरी है।**

**वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दलों की केंद्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना उसी लंबी यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव प्रतीत होता है, जिसकी परिकल्पना दशकों पहले अंबेडकर ने की थी। हालांकि, इस कानून के क्रियान्वयन को आगामी जनगणना और परिसीमन से जोड़ने के कारण इसकी समय-सीमा को लेकर राजनीतिक गलियारों में बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कानूनी ढांचा तैयार करना पर्याप्त नहीं होगा अपितु इसके लिए सभी राजनीतिक दलों की वास्तविक इच्छाशक्ति और सामाजिक मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन भी अपरिहार्य है। डॉ. अंबेडकर का संघर्ष आज भी हमें यह स्मरण कराता है कि वास्तविक प्रगति केवल नीतियों के निर्माण से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और समाज की व्यापक स्वीकार्यता से ही संभव होगी।**

**डा. मनमोहन प्रकाश**

# बाल तस्करी पर कठोरतम कानून की आवश्यकता: मासूम बचपन की सुरक्षा के लिए आजीवन कारावास तक का प्रावधान अनिवार्य

**देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएँ समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपितों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है।**

**बाल तस्करी केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध घोर अन्याय है। इसमें मासूम बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाकर उन्हें शिक्षा, रोजगार या बेहतर जीवन के नाम पर धोखे से फंसाया जाता है और फिर उन्हें शोषण, बंधुआ मजदूरी, यौन उत्पीड़न या अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है। यह समस्या विशेष रूप से गरीब और पिछड़े क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती है, जहाँ आर्थिक तंगी और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर तस्कर आसानी से अपने जाल में बच्चों को फंसा लेते हैं।**

**पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति बेहद चिंताजनक दिखाई देती है। वर्ष 2021 में देशभर में बाल तस्करी के लगभग 2200 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर करीब 2500 के आसपास पहुँच गई। वर्ष 2023 में भी यह आंकड़ा लगभग 2400 मामलों के आसपास रहा, जबकि वर्ष 2024 में इसमें फिर वृद्धि दर्ज की गई और लगभग 2600 मामले सामने आए। वर्ष 2025 में यह संख्या 2800 के करीब पहुँच गई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि तमाम प्रयासों के बावजूद बाल तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है। इन वर्षों में कई बड़े मामले भी सामने आए हैं, जिन्होंने पूरे देश को झकझोर दिया। पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में बच्चों को पड़ोसी देशों में तस्करी कर ले जाने के कई मामले सामने आए। बिहार और झारखंड से बच्चों को दिल्ली, मुंबई और अन्य महानगरों में घरेलू काम या फैक्टरियों में काम दिलाने के नाम पर ले जाकर शोषण किया गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में बच्चों को भीख मंगवाने और अवैध कार्यों में लगाने के मामले उजागर हुए। तमिलनाडु और कर्नाटक में ईंट भट्टों और उद्योगों में बाल मजदूरी के लिए बच्चों को दूर-दराज के राज्यों से लाए जाने की घटनाएँ सामने आईं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी कई बार ऐसे गिरोह पकड़े गए, जो बच्चों को अपहरण कर उन्हें अवैध गतिविधियों में धकेलते थे।**

**इन सभी घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि बाल तस्करी का नेटवर्क बहुत व्यापक और संगठित है। यह केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ है। इसमें कई स्तरों पर लोग शामिल होते हैं, जो बच्चों को ढूंढने, उन्हें बहलाने, परिवहन करने और फिर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेचने का काम करते हैं। इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना तभी संभव है, जब कानून अत्यंत कठोर हो और उसका सख्ती से पालन किया जाए।**

**वर्तमान में बाल तस्करी के विरुद्ध कानून मौजूद हैं, किंतु उनकी सजा और कार्यान्वयन की प्रक्रिया इतनी प्रभावी नहीं है कि अपराधियों में भय उत्पन्न हो सके। कई मामलों में दोषियों को लंबे समय तक न्यायिक प्रक्रिया का लाभ मिल जाता है और सजा भी अपेक्षाकृत कम होती है। यही कारण है कि ऐसे अपराधी बार-बार इस तरह के अपराध करने का साहस जुटा लेते हैं।**



**इस स्थिति को देखते हुए अब समय आ गया है कि बाल तस्करी के विरुद्ध अत्यंत कठोर और स्पष्ट कानून बनाया जाए। ऐसे कानून में यह प्रावधान होना चाहिए कि यदि कोई व्यक्ति बाल तस्करी में दोषी पाया जाता है, तो उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाए। साथ ही, ऐसे अपराधों को गैर-जमानती और गंभीर श्रेणी में रखा जाए, ताकि आरोपितों को आसानी से जमानत न मिल सके। इसके अतिरिक्त, ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालयों का गठन किया जाना चाहिए, ताकि मामलों का त्वरित निपटारा हो सके और पीड़ित बच्चों को शीघ्र न्याय मिल सके। केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक तंत्र को भी मजबूत करना होगा। रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। पुलिस और बाल संरक्षण एजेंसियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा। इसके साथ ही, स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे ऐसे संदिग्ध मामलों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दे सकें।**

**शिक्षा और सामाजिक जागरूकता भी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यदि अभिभावकों को यह समझाया जाए कि वे अपने बच्चों को अजनबियों के साथ न भेजें और किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले उसकी पूरी जांच करें, तो कई मामलों को रोका जा सकता है। स्कूलों और पंचायत स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, जिससे लोग इस अपराध की गंभीरता को समझ सकें। कटनी रेलवे स्टेशन पर पकड़े गए 163 बच्चों का मामला यह दर्शाता है कि यदि प्रशासन सतर्क हो, तो बड़े हादसों को रोका जा सकता है। इन बच्चों को समय रहते बचा लिया गया, जो एक सकारात्मक पहलू है, किंतु यह भी जरूरी है कि इस घटना से सबक लेकर भविष्य में ऐसी घटनाओं को पूरी तरह समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। अंततः यह समझना होगा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं। उनका बचपन सुरक्षित और संरक्षित रहना ही एक विकसित और संवेदनशील समाज की पहचान है। यदि हम अपने बच्चों को तस्करों के हाथों में जाने से नहीं रोक पाए, तो यह केवल कानून और व्यवस्था की विफलता नहीं होगी, बल्कि समाज के रूप में हमारी असफलता भी मानी जाएगी। इसलिए अब समय आ गया है कि बाल तस्करी के विरुद्ध जीरो सहनशीलता की नीति अपनाई जाए और ऐसे अपराधियों के लिए आजीवन कारावास जैसी कठोर सजा का प्रावधान कर उन्हें समाज से हमेशा के लिए अलग कर दिया जाए। तभी हम अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।**

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एंटी करप्शन कोर के तहसील प्रभारी बने रामप्रताप



**रूद्रपुर, देवरिया-** कस्बे के गोला वार्ड निवासी एवं पत्रकार रामप्रताप पाण्डेय को एंटी करप्शन कोर ऑफ इंडिया का रुद्रपुर तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कमलेश ओझा की सहमति से प्रदेश उपप्रभारी डॉ. ऋषिकेश दुबे द्वारा की गई। संगठन पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रभारी पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए क्षेत्र में व्याप्त अन्याय, अत्याचार, अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी भूमिका निभाएंगे।उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के अधिवक्ताओं, समाजसेवियों व पत्रकारों में खुशी की लहर है। एडवोकेट सत्य प्रकाश गुप्ता, कृष्णमूर्ति त्रिपाठी, गोपीनाथ यादव, राणाप्रताप सिंह, संजय कुमार यादव, शिवानंद विश्वकर्मा, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, तारकेश्वर विश्वकर्मा, रामप्रवेश भारती, सज्जाद अली, विनय गुप्ता, राजकुमार विश्वकर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, मोईन खान, आशुतोष शर्मा, अखिलेश शर्मा, खुशबू यादव, प्रतीक सिंह, मुकेश रूंगटा, राजाराम गुप्ता, मनीष पांडे, अंकित पाण्डेय, संतोष, कृष्णानंद पांडे, राम सहारे पांडे सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### नवागत एसडीएम ने बार एसोसिएशन के सदस्यों से किया परिचय




**रुद्रपुर देवरिया-** तहसील सभागार में एक साधे समझ में नवनियुक्त उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम ने बार एसोसिएशन रुद्रपुर के सदस्यों से एक परिचय समारोह आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन की अध्यक्ष सत्यानंद पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि बार और बेंच के बीच सामंजस्य बिठाकर कार्य करना मेरी प्राथमिकता होगी। तहसील में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के प्रति मै संवेदनशील हूं और शीघ्र ही इसके निराकरण के दिशा में ठोस कदम उठाऊंगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से उनका मार्गदर्शन और सहयोग मांगा है जिससे कि तहसील में विकास के कार्य और न्यायिक कार्य सुचारु रूप से हों । इस अवसर पर तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ओ पी मणि, वशिष्ठ नारायण पांडे, रमेश मणि, राजेश्वरी मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, फणींद्र नाथ पांडे, सुधांशु मौलि ओझा, विजय सिंह, नागेंद्र राव, प्रमोद सिंह, आनंद सिंह, अनिल यादव, सत्य प्रकाश गुप्ता, आनंद शंकर मणि, विश्व विजय मल्ल, अनिल पांडे, कृष्णमूर्ति मणि, शशि भूषण, आनंद प्रकाश मिश्रा, सतीश गुप्ता, रामेश्वर मणि, अजीत त्रिपाठी, सौरभ गुप्ता, पंकज शुक्ला, वीरसेन राव, धीरज सिंह, गोपीनाथ यादव, बालेन्दु पांडे, शशिकांत सिंह, संतोष, निलेश श्रीवास्तव, हिमांशु त्रिपाठी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की दिग्गज नेता मोहिसाना किदवई के निधन पर शोक सभा आयोजित

**प्रतापगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मोहसिना किदवई के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ में शोक सभा आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित इस शोक सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी जी ने की।इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. मोहसिना किदवई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने अपने बयान में कहा कि मोहसिना किदवई एक अनुभवी, सरल एवं जनप्रिय नेता थी। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में समाज के सभी वर्गों के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी ही नहीं, बल्कि पूरे देश को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, मनरेगा को ऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, कांग्रेस से बदल के जिला महासचिव भवानी शंकर दुबे, जिला सचिव केके शुक्ला,जिला प्रवक्ता सुरेश कुमार मिश्रा,जिला प्रवक्ता फतेह बहादुर सिंह,अनिल मौर्य, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, नगर सचिव अरबाज आलम, जिला सचिव पृथ्वीराज गौतम, अंजनी पांडे, मांधाता ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद असलम, जिला सचिव आसिफ अली, मो.फरीद,आलम उपस्थित रहे।

# नहीं उठा एसडीएम का फोन, आग से गेहूं की फसल राख, किसानों में आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रुद्रपुर, देवरिया।** एकौना थाना क्षेत्र के पचलड़ी गांव के समीप अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग इतनी तेज थी कि ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बावजूद उस पर काबू नहीं पाया। तेज हवाओं के चलते हालात और भयावह होते नजर आए।

ग्रामीणों के अनुसार, घटना की सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर मौके पर नहीं पहुंची। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। इस आगजनी में पचलड़ी निवासी किसान छोटे सिंह और गुड्डू सिंह की गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। घटना के दौरान प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई। भाजपा नेता डीके यादव ने तत्काल एसडीएम रुद्रपुर के सीयूजी नंबर पर कई बार फोन कर स्थिति से अवगत कराना चाहा, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम से वीडियो भेजकर सूचना देने की कोशिश की, फिर भी कोई जवाब नहीं मिला। वहीं थाना क्षेत्र के नगवा नारायणपुर सरेह में किसी ने डंठल में आग लगा दिया। तेज हवा के आगे सैकड़ों एकड़ डंठल को जलाते हुआ नारायनपुर, छपरा, भिरवा और पटवनिया के गांव में भी फैल गई। नारायणपुर छपरा मार्ग बंद हो गया। इसी मार्ग पर स्थित विजयम् हाई स्कूल और रक्षा राव महाविद्यालय के बच्चे घंटों परेशान रहे। एकौना एस ओ का फोन लगा नहीं और एसडीएम का फोन उठा नहीं।इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन सक्रिय होता और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती, तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सपा नेता प्रदीप ने एसडीएम को सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

**●-धरना-प्रदर्शन का अल्टीमेटम**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रूद्रपुर, देवरिया।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव ने सोमवार को जनहित के मांगों से संबंधित 6 सूत्रीय ज्ञापन नवागत एसडीएम अवधेश निगम को सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में लिखी गई मांगों को 24 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करने की बात कही। ऐसा न होने पर 24 अप्रैल से धरना प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम भी दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में विकास का खोखला ढोल पीटा जा रहा है। बरसों से खस्ता हाल रुद्रपुर मार्ग की मरम्मत तत्काल कराई जाए और रुद्रपुर की लाइफ लाइन रुद्रपुर करहकोल मार्ग पर स्थित पिड़रा पुल के एप्रोच का निर्माण बरसात से पहले हर हाल में कराया जाय। उन्होंने कहा कि सेमरौना में विगत 9 सालों से अग्निशमन केंद्र का निर्माण हो रहा है किंतु अब तक पूरा नहीं हो पाया। उक्त केंद्र को शीघ्र चालू करने व केंद्र पर अग्निशमन गाड़ियों की व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही साथ उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी क्रय केदो को तत्काल चालू करने, रसोई गैस की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने और 20 दिन के बाद ही सिलेंडर की बुकिंग करने की मांग रखी। श्री यादव ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र के लगभग हर गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी बन कर तैयार है किंतु आपूर्ति शुरू नहीं हो पा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए गांव में शीघ्र जल आपूर्ति बहाल की जाए। बरसात शुरू होने से पहले राप्ती को गोर्रा के सभी तटबंधों की मरम्मत कराए जाने की भी पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में रामकेवल यादव रमेश मिश्रा जितेश यादव दिवाकर निषाद मदन निषाद अखण्ड प्रताप सिंह सनी निषाद आदि सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीसीएम चालक 12.50 टन सरिया लेकर फरार, ट्रक मालिक पर भी केस दर्ज-ट्रांसपोर्टर में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सहजनवां गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़ा एक बड़ा धोखाधड़ी और चोरी का मामला सामने आया है, जिसमें डीसीएम चालक 12.50 टन सरिया लेकर रहस्यमय ढंग से फरार हो गया। मामले में वाहन मालिक की भूमिका भी संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने चालक के साथ-साथ मालिक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद ट्रांसपोर्ट कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, गीडा थाना क्षेत्र के देईपार निवासी अशोक कुमार पाण्डेय, जो गीडा सेक्टर-13 स्थित न्यू मेट्रो ट्रांसपोर्ट सर्विस में कमीशन एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट सर्विस के माध्यम से एक डीसीएम वाहन, जिसका चालक प्रमोद कुमार निवासी अजीजपुरा, रोजा (शाहजहांपुर) और मालिक लालजीत पुत्र छोटेलाल निवासी भगत सिंह पार्क, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली है, को 6 अप्रैल को गैलेंट इस्पात कंपनी से 12.50 टन सरिया लोड कराया गया था।

यह सरिया सूरज ट्रेडिंग कंपनी, ढकेरवा (लखीमपुर) पहुंचाया जाना था, लेकिन निर्धारित समय के बाद भी माल गंतव्य तक नहीं पहुंचा। 9 अप्रैल को जब चालक प्रमोद कुमार से संपर्क किया गया तो उसने बताया कि लखनऊ-सीतापुर रोड पर वाहन खराब हो गया है। वहीं, वाहन मालिक लालजीत ने भी यही जानकारी दी। हालांकि, कुछ समय बाद जब पुनः चालक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद से चालक और वाहन दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका। ट्रांसपोर्टर को आशंका है कि चालक और वाहन मालिक की मिलीभगत से सरिया को कहीं गायब कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गीडा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक प्रमोद कुमार और वाहन मालिक लालजीत के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# खतौनी दिखाकर ठगी: 20.50 लाख हड़पे, फर्जी बैनामा कर जमीन का झांसा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर –** सहजनवा थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने फर्जी खतौनी दिखाकर एक परिवार से 20.50 लाख रुपये हड़प लिए और जमीन का बैनामा भी करा दिया। बाद में जब पीड़ित परिवार जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो पूरा मामला फर्जी निकला। जानकारी के मुताबिक, बेलहर निवासी आरती साहनी के माता-पिता अशिक्षित होने के कारण जमीन खरीदने के लिए प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान रहीमाबाद निवासी अभिमन्यु यादव और टिकरिया निवासी दुर्गेश निषाद ने उनसे संपर्क किया। दोनों आरोपियों ने आराजी संख्या 358 और 381 की खतौनी दिखाते हुए दावा किया कि यह जमीन गणेश, महेश और तारा देवी के नाम दर्ज है और पूरी तरह वैध है। जालसाजों ने भरोसा दिलाकर पीड़िता की मां ज्ञानमती के नाम जमीन का बैनामा भी करा दिया। सौदा 20.50 लाख रुपये में तय हुआ। बैनामा प्रक्रिया के दौरान महेश यादव के खाते में 8 लाख रुपये और अभिमन्यु यादव के खाते में 10.50 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए, जबकि 2 लाख रुपये नकद दिए गए।

इतना ही नहीं, बैनामे के बाद भूमि का खारिज दाखिल भी करा दिया गया, जिससे परिवार को कोई शक नहीं हुआ। लेकिन मामला तब खुला जब परिवार खेत पर खेती करने पहुंचा। वहां टिकरिया निवासी राम सुमेर ने जमीन पर दावा करते हुए विरोध किया और करीब 30 वर्ष पहले हुए पुराने बैनामे के दस्तावेज दिखाए। इसके बाद जब गहराई से जांच की गई तो सामने आया कि जिस जमीन का बैनामा कराया गया है, वह वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं है या कागजों में हेरफेर कर फर्जी तरीके से सौदा किया गया है। पीड़ित परिवार ने जब अपने पैसे वापस मांगने का दबाव बनाया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले से परेशान होकर पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी गीडा से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभिमन्यु यादव, दुर्गेश निषाद, गणेश, महेश और तारा देवी के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डीआईजी एस चन्नप्पा ने खजनी थाने का वार्षिक मुआयना किया, मातहतों को दिए विभागीय निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी-** गोरखपुर जोन के डीआईजी शिवशिंपी चन्नप्पा व एसएसपी गोरखपुर डॉ कौस्तुभ ने आज खजनी थाने का वार्षिक मुआयना किए । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वार्षिक मुआयने के दौरान आज उनके खजनी थाने पर पहुंचते ही सलामी देते हुए स्वागत किया गया। उन्होंने थाने की सफाई व्यवस्था, मेस, बैरक, मालखाना, शस्त्रागार, अपराध रजिस्टर,मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेल,आगंतुक रजिस्टर, सक्रिय अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों के रजिस्टरों का निरीक्षण किया, उन्होंने लंबित विवेचनाओं की थाने के कोतवाल इंस्पेक्टर जयन्त कुमार सिंह तथा दिवान जगन्नाथ प्रसाद और दिवाकर तिवारी से सिलसिलेवार जानकारी ली साथ ही मेस, मालखाना, हवालात, आरक्षी आवास सहित थाना परिसर की सफाई व्यवस्था और सभी दस्तावेजों का सघन मुआयना किया।

महिला हेल्पडेस्क, आनलाइन आईजीआरएस से प्राप्त सभी जनशिकायतों के निस्तारण, समाधान दिवस, बीट सूचनाओं, भूमि विवादों, जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों में की जाने वाली कार्रवाई की पड़ताल की इस दौरान वह मातहतों एसपी साउथ डीके पुरी क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर तथा थानाध्यक्ष को आवश्यक विभागीय दिशा निर्देश देते रहे। साथ ही सभी आगंतुकों के साथ जनमित्र पुलिस के रूप में कार्य करने सड़क हादसों यातायात नियमों के अनुपालन, बलवा ड्रिल उपकरणों, लावारिस वाहनों,सहित अन्य आवश्यक हिदायतें देते हुए थाना परिसर एवं पुलिस कर्मियों से जुड़ी अव्यवस्थाओं में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने थाने के सभी ग्राम पुलिस चौकीदारों को लाल पगड़ी (साफा) और टार्च वितरित किए। इस दौरान खजनी थाना कार्यालय के सभी स्टॉफ, एसआई, पुरुष एवं कांस्टेबल, सिपाही, चौकीदार, होमगार्ड आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आज खजनी तथा खोराबार थाने का वार्षिक मुआयना किया गया है तथा समीक्षा के साथ ही विभागीय दिशा निर्देश दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उपभोक्ताओं का प्रदर्शन, गलत रीडिंग व भारी बिलों से आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सहजनवां गोरखपुर –** सहजनवा ब्लॉक के हरपुर-बुदहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कटसहरा में स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। सोमवार को दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने गंगटही विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और अवर अभियंता रविन्द्र चौबे को ज्ञापन सौंपते हुए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली व्यवस्था में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। उनका आरोप है कि मीटर की रीडिंग असामान्य रूप से तेज चल रही है, जिसके चलते बिजली बिल कई गुना बढ़कर आ रहे हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर में रिचार्ज खत्म होने से पहले किसी प्रकार की पूर्व सूचना नहीं मिलती, जिससे अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली उपयोग करना मुश्किल हो जाएगा। प्रदर्शन में शामिल सेराज आलम ने बताया कि उनके घर का मात्र दो महीने में 52 हजार रुपये का बिजली बिल आ गया, जो सामान्य स्थिति में संभव नहीं है। ऐसे कई अन्य उपभोक्ता भी हैं, जिन्हें अत्यधिक बिल मिलने की शिकायत है। उन्होंने विभाग से तत्काल जांच कर राहत देने की मांग की। इस दौरान इसरावती देवी, महेंद्र कुमार, मखना देवी, झिनक, रहमतुननिशा, जबीर अली, नजमा खातून, रिजवान, पानमती, रामजीत, माला देवी, फरीदा खातून, मीना देवी, करमावती, छब्बा देवी, छोटे, विपिन कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में अवर अभियंता रविन्द्र चौबे ने बताया कि कटसहरा के उपभोक्ता अपनी समस्याओं को लेकर उपकेंद्र पर आए थे।

### सीएचसी गोला में एचपीवी टीकाकरण अभियान का वाहन



**गोलाबाजार गोरखपुर-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में सोमवार को एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक अमरेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में बालिकाओं ज्योति, सलोनी एवं सृष्टि द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. ठाकुर ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण बालिकाओं को गंभीर बीमारियों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीका लगवाएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर सीएचसी गोला की आईओ पूजा, एएनएम बबिता राय , एएनएम सत्यवती सिंह , एएनएम सभ्या यादव, एएनएम कंचन, एएनएम मीना, एएनएम शिवकुमारी, एएनएम अमर ज्योति, एएनएम छाया चौहान, एएनएम उर्मिला यादव, बीसीपीएम पूनम मौर्य, एलटी अरुण मिश्रा, बीओसी अविनेश दुबे, सीपी जे.के. सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# पत्रकार की मौत पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**●परिजन सरकारी नौकरी व 1 करोड़ मुआवजा समेत 7 सूत्रीय मांग, 15 दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोण्डा-** जनपद में हाईटेंशन विद्युत तार टूटने से पत्रकार रंजीत तिवारी की दर्दनाक मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना को लेकर पत्रकारों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, जनपद इकाई गोण्डा ने विद्युत विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए मंडलायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी और मंडल महामंत्री बागीश तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह घटना न केवल दुखद है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण भी है। संगठन ने मृतक पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा तथा उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी प्रमुख रूप से उठाया गया कि जनपद में जगह-जगह जर्जर व लटकती विद्युत लाइनों के कारण आमजन की जान पर खतरा बना हुआ है। ऐसे में इन लाइनों को तत्काल हटाकर भूमिगत किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

संगठन ने हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, मामले की निष्पक्ष जांच तथा जांच टीम से संदिग्ध अधिकारियों को हटाने की मांग की है। इसके साथ ही पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाने की बात कही गई है। पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए एसोसिएशन ने पत्रकारों के लिए बीमा सुविधा, श्रम कार्ड, स्थायी समिति की नियमित बैठकें तथा जिला मुख्यालय पर पत्रकारों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

इस दौरान संगठन के संरक्षक राजकुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, सुरेश मिश्रा, रणविजय सिंह, राहुल शुक्ला, अशोक पाठक, प्रदीप तिवारी (बुलेट), तहसील अध्यक्ष गोंडा विष्णु प्रताप मिश्रा, मनकापुर के तहसील अध्यक्ष राकेश, करनैलगंज के तहसील अध्यक्ष श्रीनाथ रस्तोगी, तरबगंज के तहसील अध्यक्ष योगेश कुमार पांडे सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि पत्रकार एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# लोकतंत्र नहीं एकतंत्र लागू करना चाहती है भाजपा- सूरज सिंह

**●बाबा साहेब के विचार ही भारत को विकसित करेंगे - जिलाध्यक्ष**

**सामाजिक न्याय के लिए जारी रहेगा संघर्ष- सूरज सिंह**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**गोंडा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती कार्यक्रम को सेक्टर स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गोंडा सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह ने विधानसभा की बूथ संख्या 01 पूरेनारी में पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जल एवं दुग्ध से अभिषेक किया तत्पश्चात उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सूरज सिंह ने कहा की विधानसभा गोंडा में दिनांक 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास होगा। सदर विधानसभा से लगी ग्रामसभा जानकीनगर के मजरे रानीपुरवा में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक सूरज सिंह ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र नहीं एकतंत्र में विश्वास रखती है भाजपा का विचार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार से बिल्कुल विरुद्ध है भाजपा दलित पिछड़ों के हक को खत्म कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने दलित और पिछड़ों को जो रास्ता दिखाया हैं यदि समाज उस रास्ते पर चले तो राष्ट्र का विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक नहीं सकता।

कार्यक्रम को शिव संपत विनोद श्रीवास्तव जेपी श्रीवास्तव फहीम पप्पू रामधन यादव अफजल सिद्धार्थ दीपू अजय गौतम शिवकुमार संजय साहू सोमनाथ मेराज जावेद रवि यादव शाहिद आदि ने संबोधित किया।देवेंद्र सिंह जेपी श्रीवास्तव पिंटू पांडे रमेश कोरी बिट्टू सुरेंद्र सिंह पवन सिंह रिशु रनंजय सिंह अनुराग अजय मौर्या अनिल भोजवाल राम धीरज पवन लिटिल गुप्ता आर्यन राजन रमेश यादव परवेज रामदयाल कायम अली आदि उपस्थित रहे। दिव्यांश सिंह विवेक विक्कू और सुमन जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन लालचंद गौतम ने किया।

# दरोगा ने रिश्वतखोरी की खबर से खार खाए, पत्रकार का 20 सेकेंड में काटा दो चालान

**●एक ही लोकेशन और एक ही आरोप नो पार्किंग का**

**ग्राम पंचायत में नहीं है कहीं भी पार्किंग जोन, फिर नो पार्किंग का दो चालान,एक गाड़ी का कैसे ?**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज –** महराजगंज जिले के कोतवाली ठूठीबारी के मुख्य कस्बा के तिराहे के बगल में सफेद पट्टी के अंदर वैगनार गाड़ी खड़ी कर सामने दुकान पर पत्रकार सामान लेने गए । इसके बाद पहुंचते ही 20 सेकंड के अंदर वेगनर गाड़ी की दो चालान एक ही लोकेशन पर और एक ही आरोप लगाकर नो पार्किंग का चालान कर दिया गया। इसके बाद एक ही लोकेशन और एक ही फोटो पर दो चालान करने से उक्त मामले को लेकर जिले भर के इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के पत्रकार ने नाराजगी जताई है। पुलिस कप्तान शक्ति मोहन अवस्थी से शिकायती पत्र सौंप, मुलाकात की ।और उक्त जो दोषी पुलिसकर्मी है उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक से जांच कराकर उच्च अधिकारियों से कानूनी कारवाई की मांग की है ।एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जांच के लिए निर्देश की गई है । जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। और साथ में पुलिस कप्तान ने कहा कि पत्रकार के साथ द्वेष पूर्ण कार्रवाई नहीं होनी चाहिए । हालांकि पत्रकार ने दोनों चालान को तत्काल जमा कर दिया। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष अमित त्रिपाठी व पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है । इस दौरान आशीष सोनी, दुर्गा प्रसाद गुप्त, अमितेश त्रिपाठी, अमितेश गुप्ता, राहुल त्रिपाठी, ओंकारनाथ वर्मा, अनुज शुक्ला, राजेश वर्मा, अरुण कुमार, बृजेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, आशीष सोनी, शिवेंद्र चतुर्वेदी, सुनील पांडे, अंकित मणि त्रिपाठी, अमित जायसवाल, और दो दर्जन से अधिक पत्रकार साथी मौजूद रहे ।

# विधायक सलिल विश्नोई द्वारा विधायक निधि से लगवाये गये, सबमर्सिबल




**कानपुर।** क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा के लिए आज विधायक सलिल विश्नोई जी ने लाठीमोहाल में दुग्ध भण्डार चौराहे के पास, विधायक विकास निधि से लगवाये गये, सबमर्सिबल पम्प का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। लोकार्पण के अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ पार्षद अमित गुप्ता, सन्तोष राठौर, डा0 नीना अवस्थी, दीपक शुक्ला, विजय राठौर, अमित गुप्ता (मोना), एन.डी. तिवारी, योगेन्द्र शर्मा, सन्दीप जायसवाल, लाला जैन, रोहित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चैती मेले मे लगे पंडाल मे नित नित दिये जाते है नये नये ईश्वरीय संदेश ब्रम्ह कुमारी सुनीता देवी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** विगत कई वर्षो से ऐतिहासिक चैती मेले मे अपनी सेवा को जन जन तक पहुंचा रही संस्था ब्रम्ह कुमारी ईश्वरीय कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनांक 16 मार्च को चैती मेला के उद्घाटन के साथ साथ इस संस्था का उद्घाटन जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुवाई मे वहन कुमारी सुनीता देवी के कर कमलो द्वारा किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी सोये हुये हिन्दुओ को जगाना और उनमे इश्वर के प्रति प्रेम भक्ति और अपने जीवन को सरल बनाने हेतु प्रेरणादायक पुस्तके भी इस कैम्प के द्वारा नियुक्त शुल्क बांटी जा रही है, मेले मे आये हुये सभी भाई वहनो को ब्रम्ह कुमारी सुनीता वहन जी के द्वारा नये नये संदेश देने के लिये कार्य किये जा रहे है, इतना ही नही दीदी ने बताया कि ब्रम्हा के ब्रम्ह को जानलेना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है,इस अवसर पर माउंट आवू से पधारे विजय राजेश अमित व प्रीती बीके लाला ने अपने विचार रख्खे।

### निघासन में आग की घटना: प्रशासन की अनदेखी से पीड़ित परिवारों का दर्द बढ़ा



**निघासन खीरी** निघासन में आग की घटना ने घरों को जलाकर राख कर दिया है, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन पीड़ित परिवारों का कहना है कि 20-20 रुपए के नोट जले हुए टुकड़े मिले हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि इन लोगों का काफी नुकसान हुआ है। **प्रभावित परिवारों की कहानी-** बहादुर के घर दो साइकिल, एक इंजन, 40 किलो पानी पाइप, 50000 हजार नगद रुपया और लड़की के शादी के लिए रखा हुए सामान जलकर राख हो गए हैं। सोबरन लाल के घर में रखे खोखा में परचून का सामान लगभग लगभग?12000 हजार रुपया जलकर हुआ राख एक इंजन और कई सामान लगभग 100000 लाख रुपये का हुआ नुकसान **प्रशासन की अनदेखी-** आग लगने के 48 घंटे से ज्यादा हो जाने के बावजूद प्रशासन ने अभी तक कोई मदद नहीं की है। ग्राम प्रधान पिंटू भी अभी तक मौके पर नहीं पहुंचे हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि प्रशासन को उनकी मदद के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। क्या प्रशासन इस घटना का संज्ञान लेगा और पीड़ित परिवारों को मदद प्रदान करेगा? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी?

### माँ की सेवा में ही जन्नत है, ठाकुर राजा रईस



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** अंसार इंटर कॉलेज के होली-ईद मिलन समारोह में उस वक्त माहौल भावुक और प्रेरणादायी हो गया, जब, मुख्य वक्ता ठाकुर राजा रईस, ने मानवता और रिश्तों की अहमियत पर जोर दिया। भावुक कर देने वाला संबोधन अपने ओजस्वी भाषण में ठाकुर राजा रईस जी ने कहा, 'इंसान चाहे कितनी भी इबादत कर ले, लेकिन उसे सच्ची कामयाबी और जन्नत माँ की निस्वार्थ सेवा (खिदमत) से ही हासिल होगी।' उनकी इस बात पर पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि त्योहारों की असली खुशी अपनों के साथ रहने और बड़ों के सम्मान में ही निहित है। सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल इस अवसर पर दिल्ली से राष्ट्रीय संयोजक प्रोफेसर इमरान चौधरी जी हिंदुस्तान फर्स्ट हिंदुस्तान वेस्ट के राष्ट्रीय संयोजक सिराज कुरैशी जी , मदरसा व उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक जनाब मजाहिर खान, जी सुन्नी सोशल फोरम के प्रदेश अध्यक्ष व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक शेर अली खान और सरदार गुरविंदर सिंह जी व धवन दीक्षित जी ने भी अपने विचार साझा किए। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि मुरादाबाद की धरती हमेशा से ही अमन और भाईचारे का केंद्र रही है। आयोजक शाहनवाज़ खान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# लघु सिंचाई विभाग पर मानकों की अनदेखी कर धन उगाही के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड पलिया कला के गांव बेला मलिनिया, बसंतपुर का बताया जाता है सूत्र बताते हैं कि लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर दिखाई दे रहा है यहां पर मानकों की अनदेखी कर लाभार्थियों/ किसानों से अवैध वसूली किए जाने के गंभीर मामले चर्चा का विषय बने हैं ।बताते चलें कि पलिया कला में तैनात बी.टी का बोलबाला सर चढ़कर बोल रहा है। बी. टी.साहब के रसूख की बात करें तो विकासखंड पलिया कला के लघु सिंचाई विभाग में जमकर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बगैर किसी आदेश के किसानों के यहां पहले से ही बोरिंग कराई जा रही है ।लघु सिंचाई विभाग बी.टी.साहब आगे ही आगे बोरिंग कराकर नियम कानून की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं।

विभागीय जानकारों की जानकारी और सूत्रों की माने तो विभाग से बोरिंग कराने को कोई दिशा निर्देश अभी जारी नहीं किए गए हैं। और शायद ना ही अभी टेंडर ही हुआ है। जांच का विषय यह है कि आखिर बी. टी साहब किस सक्षम अधिकारी के आदेश से और किस फर्म से बोरिंग कार्य करवा रहे हैं? मिली जानकारी के अनुसार इससे पूर्व में भी एक अन्य भ्रष्टाचार का मामला लघु सिंचाई विभाग का चर्चा का विषय बना था जिसमें विभागीय जिम्मेदारों/अधिशासी अभियंता द्वारा जांच के आदेश दिए जाने की बात सामने आई थी।

लेकिन सच्चाई क्या है सामने नहीं आई? कौन कंपनी ब्लैकलिस्टेड की गई और किसके खिलाफ हुई कार्रवाई? कुछ भी पता नहीं चल रहा है। मामले को आपसी तालमेल से अंदर खाने दवा लिए जाने की चर्चा जोरों पर है। फिलहाल मामला जांच का विषय बना है और उक्त मामले की सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ब्लॉक बार कई बिंदुओं पर आधारित सूचना चाही गई हैं। वांछित सूचनाएं मिलने के बाद एक बड़ा घोटाला सामने आने के प्रयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल मामला जांच का विषय बना है।

### जन सूचना देने के लिए प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी को धनराशि उपलब्ध कराने हेतु लिखा पत्र

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के विकासखंड फूलबेहड़ के पूर्व माध्यमिक संविलियन विद्यालय के इंचार्ज प्रधान अध्यापक ने जन सूचना देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को धनराशि उपलब्ध कराने लिए पत्र लिखा है। जानकारी के अनुसार एक समाजसेवी पत्रकार ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी को प्रार्थना पत्र देकर जन सूचनाये मांगी थी जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी ने खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ बृजराज सिंह को निर्देशित किया कि समय अनुसार जन सूचना आवेदक को उपलब्ध करा दें। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिलरिया के इंचार्ज प्रधान अध्यापक रुपेश तिवारी को निर्देशित किया कि समय से जन सूचना उपलब्ध कराएं तो उन्होंने जन सूचना उपलब्ध कराने के लिए 2000 खंड शिक्षा अधिकारी एवं आयोग से मांगते हुए कहा है कि विद्यालय में जन सूचना उपलब्ध कराने हेतु कोई मद नहीं है ऐसे में यदि आवेदक, सूचना आयोग, विभाग द्वारा अन्य उचित माध्यम से धनराशि उपलब्ध करा दी जाती है तभी संबंधित सूचनाओं का देना संभव हो सकेगा।

## क्यों लड़ियां के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने पत्रकारों के साथ की गोष्टी

● प्रभारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पत्रकारों के साथ बैठक कर सहयोग मांगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने समस्त पत्रकारों के साथ बैठकर गोष्ठी की और क्राइम रोकने में मीडिया का सहयोग मांगा और कहा यदि किसी पत्रकार साथी को पुलिस से कोई शिकायत है तो वह मुझे बताएं परंतु क्षेत्र में खुशहाली बनाए रखने के लिए मीडिया का सहयोग होना प्रमुख है। इसलिए हम सीधा संवाद करके आप लोगों के साथ किसी भी पुलिस व्यक्ति ने कोई ठेस पहुंचाई हो तो बताएं परंतु प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने कहा कुछ क्राइम ऐसे होते हैं जिन्हें पुलिस से पहले पत्रकारों साथियों को जानकारी होती है यदि इसकासमय से जानकारी हो सके तो पुलिस उसे पर शीघ्र कार्यवाही कर होने वाले ऐसे अपराधों पर कंट्रोल किया जा सकता है।

इसके लिए उतना ही आवश्यक है जितना पीड़ित के लिए पुलिस की आवश्यकता होती है इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी मीडिया से इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की जाती है आप सभी लोग पुलिस के सहयोग में मदद करें पुलिस आपकी मदद के लिए तत्पर है यहां पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार विश्व देव राठौर हीरालाल गंगवार अफजाल अहमद नजमुल हसन। सुमित कुमार कश्यप बाबू बक्सर अंसारी भानु प्रताप वर्मा शाहिद अली समेत अनेकों पत्रकार उपस्थित थे प्रभारी निरीक्षक ने सभी का आभार व्यक्त किया और वरिष्ठ अधिकारियों की मंशा से भी अवगत कराया गया यहां पर वरिष्ठ कांस्टेबल नवीन कुमार सुमित यादव सचिन कुमार आदि उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में धारदार हथियार से हमला, कई घायल; एफआईआर पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही-खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के मूर्तिहा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक ही परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर गंभीर धाराओं को कम कर हल्की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए आई जी आर एस कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। शनिवार रात जमीनी विवाद को लेकर हुए मार पीट में गिरजेश पुत्र हरिशंकर एवं रामचन्द्र पुत्र श्यामलाल, निवासी ग्राम मूर्तिहा ने बताया की रात करीब 8 बजे विपक्षी रामभजन, दामोदर समेत अन्य लोग एक राय होकर उनके घर में घुस आए और कुल्हाड़ी, फावड़ा व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के दौरान दामोदर ने गिरजेश के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना में रामचन्द्र, उनकी पत्नी आरती और 13 वर्षीय पुत्र कन्हैया को भी बेरहमी से पीटा गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने थाना सिंगाही में जानलेवा हमले की तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कथित तौर पर तहरीर बदलवाकर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रभाव में आकर मामले को दबाने का प्रयास किया और एफआईआर में गंभीर चोटों व कुल्हाड़ी से हमले का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया, जबकि मेडिकल रिपोर्ट में चोटों की गंभीरता दर्ज है। पीड़ितों ने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा दर्ज मुकदमे में हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

## मैलानी में धनुष यज्ञ मेला के मंच पर हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
(केके शुक्ला/हरिशंकर मिश्र)

**लखीमपुर खीरी।** आदर्श नगर पंचायत मैलानी खीरी में चल रहे धनुष यज्ञ रामलीला मेले में विगत दिवस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख व्यवसायी राजेश गोयल जी ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति महेश्वरी उनके प्रतिनिधि बंटी माहेश्वरी जी जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा गुरमीत कौर जी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,पश्चात इन सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आए हुए सभी कवियों का माल्यार्पण करके अंग वस्त्र ओढा कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कवि सम्मेलन के संयोजक वरिष्ठ कवि अनिल अमल ने की । सतना मध्य प्रदेश से आई प्रसिद्ध कवयित्री सुश्री कृपा संगम ने मां सरस्वती की वंदना से कवि सम्मेलन का प्रारंभ किया। इसके पश्चात बाराबंकी से पधारे ओजस्वी कवि दुष्यंत सिंहनादी ने अपने ओज पूर्ण स्वर में पढा कविता उनके नाम लिखूँ जो बारूदो पर लेटे हैं।

भुजदण्डों मे भारत का स्वर्णिम सम्मान समेटे हैं। देते जबाब जो खडे हुए हर एक घिनौनी हरकत का, हाथो मे ए.के.सैंतालिस सिर पर कफन लपेटे हैं। रामनगर से आए प्रसिद्ध हास्य कवि विकास बौखल ने अपनी कविताओं से खूब वाह वाही लूटी और साथ ही सबको ठहाके लगवाए, उन्होंने पढ़ा किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए। सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए।

कवित्री कृपा संगम ने भी अपने गीतों गजलों और मुक्तकों से खूब सबका मनमोहा उन्होंने पढ़ा, कोई ऐतबार में नहीं आया, कोई इंतजार में नहीं आया, मुझसे टूटे हैं दिल बहुत लेकिन, कोई अख़बार में नहीं आया।। हास्य कवि जो लखनऊ से आए थे चेतराम अज्ञानी ने भी अपनी कविताओं से सबको गुदगुदाया उन्होंने पढ़ा हास्य ब्यंग्य मैं लिखता हू , ये मेरी मजबूरी है।

स्वास्थ्य सही चाहो तो, हंसना बहुत जरूरी है। अपने अध्यक्षीय काव्य पाठ में लखीमपुर से आए ओज के वरिष्ठ कवि अनिल अमल ने भी श्रोताओं में खूब जोश भरा और वर्तमान विसंगतियों पर भी प्रहार किया, उन्होंने पढ़ा... अत्याचारों को सहने की भी कोई सीमा होती है, आखिर दब कर रहने की भी कोई सीमा होती है, ऐसा हो विधान जिससे बच्चे विद्यालय में नहीं डरें, ऐसा हो विधान जिससे बच्चे कुंठित हो नहीं मरें, भारत की प्रतिभाओं का मत असमय अवसान करो, केवल वोटो के लालच में मत सवर्ण बलिदान करो।

इन पंक्तियों पर पूरे पंडाल में तालियों की




गूंज सुनाई दी। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन का बहुत ही शानदार हास्य से परिपूर्ण संचालन विकास बौखल ने किया अंत में गुरमीत कौर जी के द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा कवि सम्मेलन को अगले वर्ष तक के लिए स्थगित किया गया। नगर के आए हुए सैकड़ो श्रोताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति बंटी माहेश्वरी और उनकी टीम की ऐसे साहित्यिक कार्यक्रम मैलानी में आयोजित करवाने के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की।

## स्कूली किताबों की महंगाई ने बिगाड़ा बजट शिक्षा विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही मिडिल क्लास परिवारों पर किताबों की बढ़ती महंगाई की भारी मार पड़ी है।निजी स्कूलों और बुक सेलर्स के बीच कथित 'सांठगांठ' के चलते अभिभावकों की जेबों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है जिससे उनके चेहरों पर मायूसी और आक्रोश साफ देखा जा सकता है।

**स्कूलों द्वारा दुकान निर्धारित नहीं मिल रहा कोई डिस्काउंट**

ताजा मामला लखीमपुर सदर के कुछ निजी स्कूलों से जुड़ा है।आरोप है कि जिले के शिक्षण संस्थानों द्वारा अभिभावकों को खास दुकानों से ही कोर्स खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार सदर तहसील के पास स्थित यूनिवर्सल बुक सेंटर को इसके लिए निर्धारित किया गया है।अन्य किसी दुकान पर यह कोर्स उपलब्ध नहीं है।जिले के निजी स्कूलों में जो कोर्स दिए जा रहे हैं वह अधिकतर दुकानों पर उपलब्ध नहीं है और एक दो दुकानों पर जिले के स्कूलों का कोर्स दिया जा रहा है वहीं जिले में बहुत से बुक सेलर है किन्तु उनको किसी भी प्रकाशक द्वारा कोर्स उपलब्ध नहीं कराया जाता है।बुक प्रकाशकों द्वारा शहर की एक दो दुकानों पर अपना तय कमीशन देकर कोर्स दिया जा रहा है जिससे अभिभावकों को भारी आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है।अभिभावकों का कहना है कि जब वे कोर्स लेने पहुँचते हैं, तो उन्हें पहले से बना हुआ बिल थमा दिया जाता है, जिस पर एक रुपये की भी छूट (डिस्काउंट) नहीं दी जा रही है।

आसमान छूते कोर्स के दाम महंगाई का आलम यह है कि कक्षा 1 का कोर्स लगभग 2,380 रुपये में मिल रहा है।कक्षा 6 का कोर्स 4540 रुपये तक पहुँच गया है।मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए इतनी भारी भरकम राशि एक साथ चुकाना बड़ी चुनौती बन गया है।

**जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल** हैरानी की बात यह है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। फील्ड में निकलकर ओवररेटिंग और जबरन खास दुकान से सामान खरीदने के दबाव की जांच करने के बजाय, अधिकारी दफ्तरों तक सीमित हैं। अभी तक किसी भी बुक सेंटर या स्कूल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई या निरीक्षण नहीं किया गया है।

सवाल यह उठता है क्या विद्यालय संचालकों और दुकानदारों के बीच पहले से कमीशन तय है,शिक्षा विभाग इस खुली लूट को रोकने के लिए ठोस कदम कब उठाएगा,स्थानीय अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे स्कूलों और बुक सेंटरों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को इस आर्थिक शोषण से राहत मिल सके।अभिभावक अब परेशान हैं वहीं निजी स्कूल और प्रकाशकों का गठजोड़ है जिसके कारण प्रकाशक अपने कोर्स तय दुकानों पर दे रखा है अन्य किसी दुकान पर कोर्स उपलब्ध नहीं है जिससे अभिभावक कहीं से कोर्स खरीद नहीं पा रहे।

इस संबंध में जब जिला विद्यालय निरीक्षक लखीमपुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि निजी स्कूलों को किसी एक दुकान पर कोर्स लेने के लिए स्कूल बाध्य नहीं करेगा अभिभावक किसी भी दुकान से कोर्स खरीद सकता है।वहीं जो कोर्स विद्यालय में चल रहे हैं वह केवल प्रकाशकों की तय दुकानों पर ही मिल रहा है हर जगह कोर्स उपलब्ध नहीं है जिससे अभिभावकों को एक ही दुकान से कोर्स लेने पर बाध्य होना पड़ रहा है।

## सी.एल . टी.सी के संरक्षण में दर्जनों डूडा से हटाए गए सर्वेयर ,शहरी पीएम आवास के नाम पर कर रहे दलाली

● आखिर इन वसूली एजेंटों पर क्यों नहीं की जा रही एफ. आई. आर.

**लखीमपुर खीरी** जनपद में डूडा के द्वारा चलाई जा रही भारत सरकार की अति विशिष्ट योजना शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में जमकर धांधली होने की चर्चा जोर पकड़ती जा रही है और जिम्मेदार मौन सादे बैठे सब कुछ देख रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना फेज 2.0 में कोई भी किसी कंपनी का टेंडर अभी नहीं हुआ है और ना ही किसी की नियुक्ति ही हुई है। यह मैं नहीं बल्कि परियोजना अधिकारी डूडा का कहना स्वयं है पुराने लड़कों को हटाया जा चुका है इसके बावजूद एक दर्जन से ज्यादा लोग स्थानीय शहर से लेकर प्रत्येक नगर पालिका और नगर पंचायत में सक्रिय भूमिका अदा करते देखे जा सकते हैं। एक विशेष विभागीय सूत्र द्वारा नाम ना उजागर करने के शर्त पर दी गई जानकारी के अनुसार लगभग एक दर्जन लोग पर्दे की आड़ में या यूं कहें अप्रत्यक्ष रूप से सी. एल .टी.सी. की अनुकंपा से प्रधानमंत्री शहरी आवास लाभार्थियों से संपर्क करते और अपात्र होने पर भी आवास दिलाने के साथ पहली दूसरी किस्त का पैसा जारी करने के नाम पर 20000 से 50000 तक की वसूली करते देखे जा सकते हैं ।बताया तो यहां तक जा रहा है जो पैसा ना देने की बात करता है तो उन्हें अपात्र करने की धमकी और जियो टैगिंग में कमी निकालकर भुगतान लटका देने की बात कह कर डराया जाता है ,और कई लाभार्थियों के साथ ऐसी घटना घटित भी हुई है। यह अवैध वसूली का पैसा मिलने वाली किस्तों से वसूल किया जाता है। और बाद में हिसाब किताब और कमाई के हिस्सा बांट के लिए बनाए गए अड्डों पर हिस्सा बाँट कर लिया जाता है और पैसा सी. एल .टी. सी. तक पहुंचाये जाने की चर्चा आम हो रही है। पर्दे के पीछे काम करने वाले .सी एल. टी.सी के चंद चहेते और कमाओ एजेंट में महेश श्रीवास्तव व इनका अपना कथित दलाल मनोज शुक्ला, अनुराग वर्मा ,कौशलेंद्र मौर्य, इंद्रेश वर्मा, दिनेश श्रीवास्तव पूर्व डीसी अरनाम प्रतीक तिवारी सहित कई अन्य नाम प्रकाश में लाए गए हैं जो शहरी प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों से संपर्क करके अवैध वसूली की सक्रिय भूमिका में देखे जा सकते हैं। डीसी विनय श्रीवास्तव और रंजीत वर्मा का भी नाम चर्चा का विषय बना है। इन्हीं सब की सक्रियता के चलते नो लैंड स्पेस और गाइड लाइन के विपरीत दर्जनों प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत रेवड़ी की तरह आवास दिए जाने का मामला जोर पकड़ता जा रहा है। इस खेल में नगर पालिकाओं और नगर पंचायत के जिम्मेदारों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। वहीं कई लेखपालों की भी जवाब देही तय होगी यदि मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच हो जाए तो करोड़ों रुपए का शहरी प्रधानमंत्री आवास का जिन्न बाहर आ जाएगा। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस अवैध वसूली पर लगाम लगा पाने में कहां तक सफल हो पता है और बाहरी लोगों का देखल रोका जाएगा या फिर सी. एल.टी.सी के द्वारा अपने वसूली एजेंट को अवैध वसूली की यूं ही छूट दी जाती रहेगी ।और भारत सरकार सहित योगी सरकार के दावों और वादों की यूं ही हवा निकाली जाती रहेगी।

इस संबंध में जब परियोजना अधिकारी डूडा सुमन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नो लैंड स्पेस और आवास वसूली किए जाने का मामला अब संज्ञान में आया है प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना पेज 2.0 के लिए किसी लड़के की नियुक्ति नहीं की गई है यदि कोई काम कर रहा है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## आंख से आंसू को मोड़ा जा रहा है सारस्वत समझ में हुआ पथिक का सम्मान

● सारस्वत समारोह में हुआ गणेश 'पथिक' संपादित साहित्यक पत्रिका 'ठहाका सत्य पथिक' के प्रवेशांक का लोकार्पण

● समाजसेवी अनिल, कवि 'अकिंचन' का सारस्वत अभिनन्दन भी किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** महानगर की अति प्रतिष्ठित एवं प्राचीनतम साहित्यिक संस्था 'कवि गोष्ठी आयोजन समिति' के तत्वावधान में स्टेडियम रोड स्थित लोक खुशहाली सभागार में माह के द्वितीय रविवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार गणेश 'पथिक' के संयोजन में अत्यधिक सरस-सफल एवं यादगार नियमित मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। साथ ही 'पथिक' जी द्वारा संपादित त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका 'ठहाका सत्य पथिक' के प्रवेशांक का विमोचन एवं लोकार्पण भी किया गया।

इस सारस्वत समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार के प्रतिनिधि समाजसेवी अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथिगण नवगीतकार रमेश गौतम, डॉ महेश 'मधुकर', उस्ताद शायर एवं साहित्यकार विनय साग़र जायसवाल, डॉ. शिवशंकर यजुर्वेदी, कैलाश चंद्र मिश्र 'रसिक', डॉ. (श्रीमती) मिथिलेश राकेश 'मिथिला' एवं सहकार भारती के जिला अध्यक्ष चौधरी छत्रपाल सिंह मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। माँ शारदे की वंदना वरिष्ठ कवि एवं समाजसेवी इंद्रदेव त्रिवेदी ने प्रस्तुत की। उन्होंने संयोजक गणेश पथिक को मोतियों की माला पहनाकर और सम्मान में सुंदर छंद सुनाकर उनका अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर साहित्यिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए समाजसेवी अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट एवं साहित्यकार बृजेंद्र तिवारी 'अकिंचन' को सम्मानित किया गया सम्मान स्वरूप शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह कार्यक्रम संयोजक गणेश 'पथिक',' संस्थाध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' एवं सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार गणेश 'पथिक' द्वारा संपादित त्रैमासिक पत्रिका 'ठहाका सत्य पथिक' के प्रवेशांक होली- नवरात्रि विशेषांक का लोकार्पण उपस्थित अतिथियों के कर-कमलों से हुआ। अंतिम सत्र में कवि सम्मेलन में नगर एवं बाहर से पधारे कवियों ने अपने सरस काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वरिष्ठ कवि-ग़ज़लगो विनय साग़र जायसवाल ने अपनी इस खूबसूरत ग़ज़ल से काव्य गोष्ठी को ऊंचाइयों पर पहुंचाया- तयशुदा काग़जों पर बयानी हुई, हम गरीबों की क्या जिंदगानी हुई। एक बादल ने खोले थे जिनके वरक, सारी दुनिया मगर पानी-पानी हुई। समारोह के संयोजक साहित्यकार-पत्रकार गणेश 'पथिक' ने सवालों-संघर्षों और समाधानों पर केंद्रित अपनी इस सदाबहार ग़ज़ल से तालियां बटोरीं-गुस्ताख आंधियों के रुख





मोड़ने का हुनर रखते हैं। दीए हैं, बारिशों में भी जलने का हुनर रखते हैं। पहाड़ों के सख्त सीने से बहा दें अमन की गंगा, भगीरथ हैं हम उग्र तपस्याओं का असर रखते हैं।

समारोह में सम्मानित हुए कवि बृजेंद्र तिवारी 'अकिंचन' ने अपना यह गीत सस्वर गाया और खूब वाहवाही भी बटोरी- आँख से आँसू को मोड़ा जा रहा है। दर्द को ऐसे निचोड़ा जा रहा है।।

डॉ. (श्रीमती) मिथिला राकेश की यह ग़ज़ल भी खूब पसंद की गई और प्रशंसित हुई- कांटे नहीं भुलाना चाहत गुलाब की गर, इक जाविया न रखना ग़म कम हुजूर होगा। उन्होंने सद्यः प्रकाशित अपना दोहा संग्रह 'घायल हैं सम्बंध' भी वितरित किया। अभिषेक अग्निहोत्री ने छोटी बहर की इस ग़ज़ल को गाकर खूब तालियां बटोरीं-मैंने यह पहचाना सच। है बेकार छिपाना सच। सच की होगी जीत सदा, यह है सोलह आना सच।

शब्दांगन संस्था के महासचिव, समाजसेवी कवि इंद्रदेव तिवारी ने इस गीत से सबको गुदगुदाया-अगर आप यूं मुस्कुराते रहेंगे, तो सच मानिए हम गाते रहेंगे। डॉ. मुकेश मीत ने जब इस गीत की लयबद्ध तान छेड़ी तो पूरा सदन रस-आनंद से झूमने लगा-हम तो अब तक मूढ़ रहे हैं, खुद को खुद में ढूंढ रहे हैं। कभी नाम को, कभी काम को, फिरते मारे-मारे। हम तो हैं बन्जारे भइया, हम तो हैं बन्जारे। कवि अमित मनोज ने यह सस्वर ग़ज़ल सुनाकर खूब तालियां और वाहवाही बटोरी- कभी जिसने फकीरों का बड़प्पन ही नहीं देखा, निखर आवारगी को ही तरक्की मान बैठे हैं। यहां बस्ती के सारे लोग जाने किस नशे में हैं- कहीं कटरीना बैठी है, कहीं सलमान बैठे हैं।

मिलन कुमार 'मिलन' ने बेटियों पर सशक्त गीत पेश किया और खूब सराहना पाई इस अवसर पर संस्था- सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, दीपक मुखर्जी 'दीप', वंदना पथिक, धनंजय पथिक, किरन प्रजापति दिलवारी, डॉ राम शंकर शर्मा प्रेमी, पूनम गंगवार, राम कुमार कोली, बिंदु इशिका सिंघानिया ,अमित मनोज, डॉ मुकेश मीत, एस.के.कपूर, लक्ष्वेश्वर राजू , समृद्धि गंगवार, सुरेंद्र बीनू सिन्हा, राम प्रकाश सिंह ओज, रामकुमार अफरोज, राज कुमार अग्रवाल राज, आर.सी.पांडेय, मनोज दीक्षित टिंकू,मुकेश कुमार सक्सेना, प्रवीण शर्मा, अभिषेक अग्निहोत्री,मनोज सक्सेना मनोज, नरेंद्र पाल सिंह, मिलन कुमार मिलन, अनुज चौहान, किशन बेधड़क, उमेश अद्भुत, सरल कुमार सक्सेना, विवेक विद्रोही, रमेश रंजन एवं रीतेश साहनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल-सरस काव्यमय संचालन आशु कवि एवं चर्चित साहित्यकार राज शुक्ल 'गज़लराज' ने किया।

# संक्षिप्त खबरें

## गोपीगंज में खरीदारी के दौरान महिला के पर्स से डेढ़ लाख के जेवर पार, मचा हड़कंप

**गोपीगंज।** नगर में एक कपड़े की दुकान पर खरीदारी करने आई महिला के पर्स से अज्ञात नकाबपोश महिला द्वारा कीमती जेवर चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धानापुर दक्षिणी निवासी शिवपूजन तिवारी की पत्नी नीलम तिवारी अपने परिवार की अन्य महिलाओं के साथ गोपीगंज नगर स्थित एक कपड़े की दुकान पर खरीदारी करने आई थीं। इसी दौरान उनके पर्स से सोने की सिकरी, मंगलसूत्र और मनचली चोरी कर ली गई, जिनकी कुल कीमत लगभग 1,30,000 रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक नकाबपोश महिला संदिग्ध रूप से बैग से सामान लेकर बाहर निकलती हुई दिखाई दी है। पीड़ित पक्ष की ओर से शिवपूजन तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर दुकानदार की लापरवाही और आरोपी महिला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।वही शिव पूजन तिवारी ने कहा कि दुकान पर सुरक्षा के कोई मानक नहीं है इस लिए उनके विरुद्ध भी कार्यवाही की जाय। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## नारी शक्ति वंदन पर पीएम मोदी के संबोधन का भदोही के थानों में हुआ लाइव प्रसारण



**भदोही।** नरेंद्र मोदी के 'नारी शक्ति वंदन' विषयक विशेष संबोधन का जनपद भदोही के सभी थानों में सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं व बालिकाओं ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत सभी थानों में स्थापित 'मिशन शक्ति' केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। यहां महिला पुलिस कर्मियों, थाना स्टाफ एवं क्षेत्र की महिलाओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का उद्देश्य 'नारी शक्ति वंदन' से जुड़े संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना तथा महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा कानूनों और सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान महिला बीट अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

## गोपीगंज में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन, प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज में सोमवार को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को देश के विकास का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक संपत्तियां महिलाओं के नाम पर पंजीकृत की जा रही हैं, जिससे उन्हें स्वामित्व और आत्मनिर्भरता का अधिकार मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। इसमें योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, डॉ प्रेमलता,नेहा कपूर,नवीन मिश्रा, नागेन्द्र सिंह महिला सभासदों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित महिलाओं ने इसे प्रेरणादायक बताया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरी पुत्री का नाम अदिति पाण्डेय पुत्री संजीव कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम करौदा पोस्ट बाघोड़ा तहसील मड़िहान जिला मीरजापुर है। जबकि त्रुटिवश LIC पॉलिसी संख्या 247959863 में अंकिता पुत्री संजीव कुमार पाण्डेय अंकित है जबकि सही नाम अदिति पांडे है एवं सभी अभिलेख में अंकित है। अतः मेरे पुत्री को अदिति पाण्डेय नाम से जाना एवं पहचान जाए।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो को दिखाया गया नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीखड़, मीरजापुर।** सोमवार को व्लाक सभागार कक्ष में विकास खण्ड की आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा? के साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा ने की। कार्यक्रम के सीधा प्रसारण में

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 साल में सरकार ने 'पंचायत से पार्लियामेंट तक' महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है संपत्ति महिलाओं के नाम करने पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट राशन कार्ड में महिला को मुखिया बनाया गया,स्कूल रिकॉर्ड में पिता की जगह मां का नाम जोड़ा जा रहा योजनाओं का विशेष जिक्र करते हुए मातृत्व वंदना योजनाः गर्भवती महिलाओं को आर्थिक मदद, कन्या सुमंगला योजना बेटी के जन्म से ग्रेजुएशन तक 15,000 रुपये खेलो इंडिया खेल में जाने वाली बेटियों को सालाना 1 लाख तक सहायता उज्ज्वला योजना करोड़ों महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन हर घर जल योजना नल से जल, दूर से पानी लाने से मुक्ति ,स्वच्छ भारत अभियान में करोड़ों शौचालयों का निर्माण सैनिटरी पैड कम दाम/मुफ्त पैड की व्यवस्था मिशन इंद्रधनुष गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण , मुफ्त राशन आयुष्मान भारत से इलाज जैसे लाभकारी के सभी कार्यक्रमों की मजबूत कड़ी आंगनबाड़ी बहनें हैं। वहीं प्रसारण के खत्म होने के बाद खण्ड विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी बहनें इन योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की सबसे मजबूत कड़ी हैं।

लाइव प्रसारण से उन्हें योजनाओं की सीधी जानकारी मिली है। कार्यक्रम के बारे में सीडीपीओ नीलू मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने योजनाओं पर आपस में चर्चा की और इन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'सशक्त नारी-समृद्ध भारत' के नारों के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सेविका रेनू मौर्या, वरिष्ठ प्रधान सहायक संजीव मोटवानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता मौर्या,स्नेहलता पांडेय, आशा सिंह,नीलम पांडेय, कुंजन पांडेय, साक्षी, रंजना सिंह, पुष्पा, सरिता पांडेय, तपेसरा , माया देवी , शैल कुमारी सिंह, ममता, विन्दुकुमारी सिंह, माधुरी, पिंकी त्रिपाठी, सालनी, प्रियंका,प्रिती यादव,अंजना सिंह, श्रेया सिंह,नीतू सिंह गीता देवी, कुसुम, सविता, कंचन सिंह, सहित परियोजना की सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिकाओं ने प्रतिभाग किया।

## स्वर्णकार समाज ने आशा भोंसले को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन रखकर किया नमन

**गोपीगंज।** स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने भारत की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि आशा भोंसले ने अपने जीवनकाल में 12 हजार से अधिक गीतों को कई भाषाओं में अपनी आवाज देकर भारतीय संगीत जगत को समृद्ध किया। साधारण परिवार में जन्म लेकर उन्होंने संघर्ष के बल पर देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई और संगीत की दुनिया में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि उनका निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। उनके गीत सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। इस अवसर पर राम रक्षा सेठ, बृजलाल सेठ, अरुण सोनी, मनोज सेठ, कार्तिके सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति दीवार और मानव श्रृंखला से दिया जागरूकता का संदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार मीरजापुर में उच्च शिक्षा संस्थानों में 10 से 20 अप्रैल 2026 के मध्य 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' प्रचार अभियान के अंतर्गत सोमवार को महाविद्यालय परिसर में नारी शक्ति दीवार की स्थापना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो ( डॉ0) माधवी शुक्ला, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में दीवार पर हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के क्रम में अधिनियम के समर्थन में एक मानव श्रृंखला का भी गठन किया गया,जिसके माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.शेफालिका राय के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर चंदन साहू, प्रो.कुसुम लता, डॉ. रजनीश, डॉ.भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ. संकटा प्रसाद सोनकर, डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, डॉ. दीप नारायण,डॉ. अरूणेश कुमार, डॉ.सत्येंद्र कुमार, श्री अरविंद कुमार, डॉ. नलिनी सिंह, रमेश चंद्र, डॉ. गुरु प्रसाद सिंह,डॉ.शैलेन्द्र कुमार, डॉ.अदिती सिंह,डॉ. रीता मिश्रा, डॉ.शिव कुमार,डॉ. मंजुला शुक्ला, डॉ.अमित कुमार यादव सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्रीधर्म चंद्र, डॉ. रामानंद पुजारी, धर्मेन्द्र कुमार, कमलेश शुक्ला, रामकेश सोनकर, जय प्रकाश, पारस सिंह,. कुर्बान एवं प्रमिला देवी उपस्थित रहे।

## डीएम का सख्त निर्देशः एक माह में निपटें धारा 24 व 116 के सभी लंबित मामले

**भदोही।** कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीन से जुड़े विवादों सहित सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि एक माह का विशेष अभियान चलाकर टीम गठित करें और राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित धारा 24 एवं धारा 116 के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही अधिशासी अभियंता नलकूप को विभागीय नालियों पर अतिक्रमण की सूची उपलब्ध कराने और राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सीमांकन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों से सीधे वार्ता कर मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित कराई।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न, पत्रकारों को एकजुटता का दिया संदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हलिया, मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मीरजापुर की लालगंज तहसील इकाई की तहसील स्तरीय बैठक एवं परिचय पत्र वितरण समारोह लालगंज स्थित एक मैरिज हॉल में अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष श्याम मोहन उपाध्याय ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अजय ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं मंडल प्रचार-प्रसार मंत्री राकेश तिवारी द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने कहा कि पत्रकार समाज का वह सजग प्रहरी है जो कठिन परिस्थितियों में भी जनहित की आवाज को बुलंद करता है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एक परिवार की तरह है जो सदैव पत्रकारों के सम्मान और उनकी सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी लेखनी निष्पक्ष और निर्भीक होनी चाहिए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान मंडल प्रचार-प्रसार मंत्री राकेश तिवारी ने संगठन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना केवल आपसी एकता से ही संभव है। वहीं पूर्व तहसील अध्यक्ष ज्ञान दास ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए युवा पत्रकारों को सत्य और निष्पक्षता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अध्यक्षीय संबोधन में श्याम मोहन उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए तहसील इकाई को और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश त्रिपाठी, इंद्रमणि पांडे, प्रभात शंकर दुबे, जितेंद्र कुमार केसरी, ज्ञान दास गुप्ता, आशीष तिवारी, प्रवीण तिवारी और श्री चंद्र यादव सहित भारी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों को आधिकारिक परिचय पत्र वितरित किए गए और संगठन की मजबूती हेतु सामूहिक शपथ ली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत विठ्ठलपुर विकास खण्ड सीखड़, मीरजापुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत/पेयजलापूर्ति/ऑफिस स्टेशनरी/ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट, NP3 ह्यूम पाइप, आर ओ वाटर कूलर, सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री, ईट गिट्टी, GSB, सीमेंट फर्नीचर, कूड़ेदान, टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सामग्री, टाटा मैजिक, अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15 -04-2026 से दिनांक 21-04-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21-04-2026 को प्रातः 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 21-04-2026 को दोपहर 01:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम प्रधान | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| मनोज कुमार त्रिपाठी, | रश्मि सिंह |
| ग्राम पंचायत- विठ्ठलपुर | ग्राम पंचायत- विठ्ठलपुर |
| वि. ख. सीखड़, मीरजापुर | वि. ख. सीखड़, मीरजापुर |

# भारतीय किसान नेता राकेश टिकैत शोक संवेदना प्रकट करने के लिए प्रदेश सचिव के घर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मिर्जापुर।** किसानों के मसीहा कहे जाने वाले भारती किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचे अहरौरा थाना क्षेत्र के धुरिया ग्राम गांव में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। प्रदेश महासचिव के पत्नी के आकस्मिक मृत्यु मंगलवार को हुई थीअहरौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धुरिया गांव में प्रहलाद सिंह किसान प्रदेश महासचिव के आवास पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत का आगमन हुआ। बताते चले कुछ दिन पूर्व प्रहलाद सिंह की पत्नी हीरावती सिंह का स्वर्गवास हो गया था। जानकारी मिलने पर किसान नेता राकेश टिकैत स्थानीय नेता के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि देने की इच्छा जताई थी, जिसका जानकारी होने पर यूनियन के तमाम पदाधिकारी और स्थानीय निवासी एकत्रित हुए थे।दोपहर के लगभग 2:00 बजे किसान नेता राकेश टिकैत उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किए, मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों, ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों और बंगाल चुनाव पर अपना राय व्यक्त किये।

## पास्को एक्ट के 6 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कोन, सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एवम क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को प्रचलित अभियान मिशन शक्ति ,महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के क्रम में थाना प्रभारी कोन संजीव कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा नाबालिक छात्रा के साथ छेड़खानी, अश्लील हरकत व धमकी देने के संबंध में थाना कोन पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 59/26 धारा 76, 352, 351(2) बीएनएस व 7/8 पास्को एक्ट में नामजद व वांछित कुल 6 अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर विंधमगंज, कोन बस स्टैंड तिराहा कस्बा कोन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधि कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मगरहा विकास खण्ड सीखड़, मीरजापुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत/पेयजलापूर्ति/ऑफिस स्टेशनरी/ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू, लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट, NP3 ह्यूम पाइप, आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा, ओपन जिम सामग्री, ईट गिट्टी, GSB, सीमेंट फर्नीचर, कूड़ेदान, टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री, प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य, लाइब्रेरी कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सामग्री, टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15 -04-2026 से दिनांक 21-04-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21-04-2026 को प्रातः 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 21-04-2026 को दोपहर 01:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम प्रधान | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| महिपाल सिंह | सतेन्द्र यादव |
| ग्राम पंचायत- मगरहा | ग्राम पंचायत- मगरहा |
| वि. ख. सीखड़, मीरजापुर | वि. ख. सीखड़, मीरजापुर |

## बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे ग्राम प्रधान सुरेश केसरी



**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत महुगढ़ी मे भव्य बने अंबेडकर पार्क में मंगलवार को मनाया जाएगा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती साथ ही साथ ग्राम प्रधान सुरेश केसरी ने बताया कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व - संपन्न, समाजवादी, पंथ,-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उनके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की क्षमता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्तित्व की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में तारीख 26 नवंबर 1949 ई मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी संवत् 2006 विकमी को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ग्राम प्रधान सुरेश केसरी ने संविधान का रचना बताते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेडकर पार्क में भव्य तरीके से बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया जाएगा जयंती में क्षेत्र के सभी लोग उपस्थित रहते हैं।

## दोहरी मानसिकता का शिकार हो रहा प्रदेश- समाज वादी पार्टी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**आजमगढ़** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भा.ज.पा.की सरकार में दलितों,पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जा का नागरिक मानकर उनके ऊपर दमन, अत्याचार वेइंतहां बढ़ता जा रहा है। स्थित गौतम नगर चट्टी पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाने के लिए गेट पर पंचशील का झंडा व राष्ट्रीय झंडा लगाने पर वहां क्षत्रिय समाज के लोगों ने जाति सूचक गालियां देते हुए झंडा उतार दिया और उन लोगों को दौड़ाकर मारा पीटा व हिंदू महासभा का झंडा लगा दिया। डॉ.अंबेडकर जी को अपशब्द कहे जाने वाले वी.डि.यो. को लेकर दलितों द्वारा थाना जहानगंज में एफ.आई.आर दर्ज कराने गए शोभा राम व अन्य चार-पांच लोगों को पुलिस ने लगाए बेल्टों से बुरी तरह मारा पीटा वे अस्पताल में भर्तीहैं। थाना- निजामाबाद के अंतर्गत ग्राम-मुस्लिम पट्टी में दिनांक- 12.4.2026 में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को 10:00 बजे रात में प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर गिरवा दिया संविधान निर्माता बाबा साहब जी की मूर्ति हटाना उनके विचारों पर हमला है।

दिनांक 28.03. 2026 ग्राम-चक लालचंद, थाना-जीयनपुर के एनकाउंटर में भा.ज.पा. के लोगों द्वारा दबाव में जाति विशेष के व्यक्ति होने के कारण एक हफ्ते के अंदर ही जेल से रिहा कर दिया गया यह जनपद की पहली घटना है एनकाउंटर वाले अपराधी को पुलिस द्वारा रिपोर्ट देकर जेल से रिहा कराया गया। बाबा साहब का अपमान पी.डी.ए.के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे प्रदेश में मुख्यमंत्री के सजातीय लोगों के लिए दूसरा कानून और पिछड़ों, दलित व मुसलमानों के लिए दूसरा कानून लागू है। जनपद में पुलिस द्वारा आए दिन पी.डी.ए.के लोगों का फेंक एनकाउंटर किया जा रहा है उसमें निर्दोश लोग भी मारे जा रहे हैं। अगर जाति और धर्म के नाम पर दमन,उत्पीड़न होता रहा तो पी.डी.ए को इंसाफ दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी और आंदोलन के लिए आंदोलन के लिए बाध्य होगी। समाजवादी पार्टी दिनांक- 14 अप्रैल 2026 को बाबा साहब के जन्म जयंती पर जिला मुख्यालय व विधानसभाओं में सभी सेक्टरों में बाबा साहब की जयंती मनाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा व जिला उपाध्यक्ष जी.एस. प्रियदर्शी अजीत राव, गौरव यादव, राम सूरत, लालचंद मास्टर आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब व कार बरामद




**बलरामपुर।** जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्रीदत्तगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में शराब और एक चारपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल के नेतृत्व में गठित टीम ने 12 अप्रैल 2026 को यह कार्रवाई की। पुलिस टीम ने ग्राम पुरैना वाजिद के पास से अभियुक्त रजनीश कुमार और जितेन्द्र वर्मा (पुत्र रक्षाराम), निवासी ग्राम इटई मैदा, थाना श्रीदत्तगंज को गिरफ्तार किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ईश्वरपट्टी विकास खण्ड सीखड़, मीरजापुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट, NP3 ह्यूम पाइप, आर ओ वाटर कूलर, सोलर कैमरा, ओपन जिम सामग्री, ईट गिट्टी, GSB, सीमेंट फर्नीचर, कूड़ेदान, टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री, प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15 -04-2026 से दिनांक 21-04-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21-04-2026 को प्रातः 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 21-04-2026 को दोपहर 01:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम प्रधान | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| सूरज प्रसाद | सतेन्द्र यादव |
| ग्राम पंचायत- ईश्वरपट्टी | ग्राम पंचायत- ईश्वरपट्टी |
| विकास खण्ड सीखड़, मीरजापुर | विकास खण्ड सीखड़, मीरजापुर |

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस लेने का आरोप, मुकदमा दर्ज




**गोपीगंज।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस हासिल करने का मामला सामने आया है। प्रयागराज निवासी आशीष मिश्रा की शिकायत पर राहुल मिश्रा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने कूट रचित दस्तावेजों के जरिए कम उम्र में लाइसेंस प्राप्त किया तथा शैक्षिक प्रमाणपत्रों में भी हेरफेर किया। शिकायत में यह भी आरोप है कि आरोपी ने फर्जी डिग्रियों के आधार पर बार काउंसिल में पंजीकरण कराकर वकालत शुरू की। साथ ही उसके खिलाफ पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज होने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र और साक्ष्यों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीआई प्रकोष्ठ में महेंद्र दूबे व विजय मिश्रा प्रदेश सचिव मनोनीत, कांग्रेस जनों में उत्साह



**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सूचना का अधिकार (आरटीआई) प्रकोष्ठ में महेंद्र दूबे एवं विजय कुमार मिश्रा को प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। दोनों ही लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित जमीनी कार्यकर्ता रहे हैं और नैनी क्षेत्र के मूल निवासी हैं।यह मनोनयन आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव एवं प्रयागराज मंडल प्रभारी विवेक पाण्डेय ने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।विवेक पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्ष 2005 में लागू सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून देश की जनता के लिए एक सशक्त माध्यम है। इसके जरिए आम नागरिक अपने अधिकारों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है तथा सरकारी विभागों में पारदर्शिता सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा कि आरटीआई एक ऐसा प्रभावी उपकरण है, जिसके माध्यम से तथ्यात्मक और सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है।इस मनोनयन पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में पीसीसी सदस्य रजनीश विश्राम दास, आरटीआई कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव जमाल अख्तर, सुनील कुमार सेन, सुनील यादव (पूर्व जिला चेयरमैन, यमुनापार), जिला उपाध्यक्ष रविराज सिंह, आशीष मिश्रा, नारायण दूबे सहित कई अन्य कांग्रेसजन शामिल रहे।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 17 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



**नैनी, प्रयागराज।** समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए त्रिवेणी संगम सेवा समिति के तत्वाधान में 17 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य का आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश यादव एवं संतोष तिवारी के नेतृत्व में किया गया।जो हर वर्ष इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन करते हैं।इस अवसर पर कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष भाजपा पार्षद वार्ड नंबर 81 मयंक यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक विवाह को समाज के लिए अत्यंत सराहनीय पहल बताते हुए आयोजकों की प्रशंसा की।कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को दहेज के रूप में घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियां भी प्रदान की गई, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत सुगम हो सके।उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गरीब परिवारों को बड़ी सहायता मिलती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।कार्यक्रम के अंत में समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। सभी अतिथियों ने त्रिवेणी संगम सेवा समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुनीत कार्य समाज में निरंतर होते रहने चाहिए, जिससे जरूरतमंदों का भला हो सके।

### सजा माफी और समय पूर्व रिहाई की नीति पर कोर्ट ने सरकार से मांगी जानकारी

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सजा माफी और समय पूर्व रिहाई नीति पर राज्य सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी है। 25 मई को मामले की सुनवाई होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर दिया। राज्य सरकार की ओर से दाखिल अनुपालन हलफनामे में कहा गया कि सितंबर 2024 से फरवरी 2026 के बीच 3746 आवेदन आए। इनमें से 3447 विचार के लिए उठाए गए थे, 2570 आवेदन निस्तारित कर दिए गए।शेष 877 आवेदन अभी लंबित हैं, उन पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। 2570 निस्तारित मामलों में 1357 कैदियों को रिहाई दी गई है, जबकि 1213 के आवेदन खारिज कर दिए गए। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 मई तक विस्तृत अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का समय दिया है। पूछा है कि रिहा किए गए 1357 कैदियों के पक्ष में किन आधारों पर निर्णय लिया गया, यह स्पष्ट किया जाए। वहीं, 1213 कैदियों के खारिज आवेदन का भी बताए जाएं।।

# क्या महिला आरक्षण बिल 2029 में लागू होगा या पंचायत के चुनाव में ही सिर्फ लागू रहेगा

● बीजेपी ने यूपीए की सरकार में बिल का विरोध किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** भारतीय लोकतंत्र में 16अप्रैल के बाद नया अध्याय शुरू होगा।भारत में वैसे तो पंचायती राज संस्थाओं में 73 वे और 75वे सम्बिधान संशोधन से महिलाओं को पंचायती राज के तीनों स्तर पर आरक्षण दे दिया गया था। परन्तु संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण की बात पुरी नहीं हो पाई थी। कारण कि पुरूष सांसदों को अपनी संख्या कम हो जाने का भय था और महिलाओं के आरक्षण में अनु, सूचित जाति जन जाति मुसलमान और पिछड़े वर्गो की मांग के कारण महिला आरक्षण विधेयक नहीं पास हो पाया था। उस समय गठबन्धन की सरकार थी दो तिहाई बहुमत लोक सभा में बिल पास कराने लायक नहीं था।भाजपा बिल का विरोध कर रही थी। वह महिलाओं के आरक्षण में जातिगत आरक्षण के पक्ष में नहीं थी।

विपक्ष जातिगत आरक्षण चाहता था।आरक्षण में आरक्षण कैसे लागू हो महिलाओं का इस पर सहमति नहीं बन पाई थी। कांग्रेस ने मनमोहन सरकार में महिलाओं के आरक्षण के लिए लोकसभा में बिल लाया पर भाजपा के विरोध तथा सत्ता में गठबन्धन साथियों के कारण बिल नहीं पास हुआ फिर ठंडे बस्ते में रख दिया गया।उस समय संसद में सांसदों की संख्या बढ़ाने की बात भी नहीं हो रही थी कि पुरूष सांसदों की संख्या कम नहीं होंगी।फिर भी कांग्रेस ने महिलाओं के आरक्षण बिल को दूसरी बार लोक सभा में नहीं राज्य सभा से पास करवा दिया जहां पर वह बहुमत में थी।इस आशा विश्वास से अगर 2014मे लोक सभा में बहुत मिलेगा तो बिल पास हो जायेगा और महिलाओं के लिए आरक्षण विधानसभा से सांसद तक हो जायेगा। परन्तु 2014मे भाजपा की सरकार बन ग ई। फिर भी विपक्ष के बार बार आग्रह पर बिल नहीं पास हुआ ।भाजपा कांग्रेस के उस बिल को नहीं पास करवाना चाहती थी।फिर 2022दोबारा भाजपा सरड्डकार में वापस आई तो महिला विधेयक को नये तरीक़े से बनाया गया और विधेयक का नाम नारी वन्दन विधेयक दिया गया।

लोक सभा राज्य सभा में सार्थक रूप मेंबहस हुआ सुझाव व कुछ संशोधन भी किये गये फिर दोनों सदनों में बहुमत के साथ 2023मे बिल पास कर दिया गया। जोअब एक काननी विधेयक बन गया है। परन्तु लागू करने की समय सीमा पर सत्ता और विपक्ष में बहुत विवाद हुआ । विपक्ष चाहता था 2024के चुनाव में लागू हो लेकिन सत्ता पक्ष ने नहीं माना और कहा जब न ई जनगणना हो जायेगी हर सीट का परसिमन होगा। तथा संसदों और विधानसभाओ की संख्या तैंतीस प्रतिशत बढ़ जायेगा प्रदेश की आबादी के अनुसार संसद की सीटों की संख्या निर्धारित होगी। तभी नारी वन्दन आरक्षण लागू होगा। संसदों की सख्या 816 होगी जिसमे273महिला सांसदों की संख्या होगी। यह पहले पन्द्रह साल के लिए ही लागू होगा फिर आगे बढ़ाने पर विचार होंगा।

संसद और विधानसभाओं में आबादी के अनुसार जो सीटों को बढ़ाने की बात हो रही वह भी एक जटिल समस्या बन गया है वर्तमान सरकार का कहना है जिस राज्य में जन संख्या कम है। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि दर को कम किया है उस राज्य में सांसदों की संख्या कम होगी।

जिस राज्य में जन संख्या ज्यादा है उस राज्य में सांसदों की संख्या बढ़ जायेगी इस निती से दक्षिण के संसद की सीटों में वर्तमान की अपेक्षा बहुत कम संसद संख्या बढ़ेगी जो उनके लिए नुकसानदायक होगा वह अपने राज्यों में अधिक संसदों की सख्या चाहते हैं उनका कहना जनसंख्या वृद्धि दर रोकर कोई अपराध नहीं किया है कि हमारे प्रदेश में संसदों की सख्या उत्तर-भारत के अनुसार कम हो उसी अनुपात में दक्षिण राज्यों की संसद की संख्या बढ़े।इसे नियम से यूं भी कहें उत्तर भारत के प्रदेशों में सांसदों की सख्या दक्षिण भारत की अपेक्षा ज्यादा होगी और दक्षिण भारत का जो अभी वर्चस्व है वह कम हो जायेगा।यह भी विशेष सत्र में चर्चा में आयेगा साथ में दक्षिण भारत से कम महिलाओं का संसद में प्रतिनिधित्व होगा।

2029मे होने वाले संसद के चुनाव में लागू करना है पर अभी संशय बना हुआ हैं अब यह स्वयं 16अप्रैल को होने वाले विशेष संसद के सत्र में ही दूर होगा कि महिला आरक्षण कब और कैसे देश में लागु होगा आरक्षण संसदीय सीटों और विधानसभा में किस तरह लागू होगा महिलाओं को पंचायती राज की तरह जाति-आधारित आरक्षण होगा याआरक्षण में आरक्षण का क्या होगा कैसे होगा। विपक्ष शुरुआत से ही महिलाओं को जातिगत आधार पर आरक्षण मांगताआ रहा है। मुसलमान सांसद मुस्लिम महिलाओं के लिए भी अलग से आरक्षण मांग रहे हैं।

अभी भारत में जनगणना शुरू हो रही है।इस जनगणना में पहली बार जातियों की भी गणना होगी जो महिलाओं को जातिगत आरक्षण के लिए लाभ दायक होगा ?यह जनगणना होने के बाद ही सही तौर पर पता चलेगा।

अभी तो बस सबकी नजर संसद के विशेष सत्र पर टीका है।वैसे यह भाजपा की एक नई चाल है वह बंगाल के चुनाव को ध्यान में रख कर ही इस नारी वन्दन बिल के लिए विशेष सत्र बुलाया है। वह बंगाल की सत्ता चाहता है।अगर वास्तव में महिलाओं को आरक्षण देने में ईमानदार होते तो 2023मे बिल पास होगया था पर 2024मे लागू नहीं किया क्यों यह सवाल तो जनता में है।अब क्या 2029मे लागू होगा या उसके बाद यह अभी स्पष्ट नहीं है।

सम्बिधानमे128वा संशोधन करके महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण दिया गया है आरक्षण मे ही अनुसूति जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण देने का प्रवधान है लेकिन इस आरक्षण में पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए पंचायती राज की तरह आरक्षण नहीं दिया गया है।इस पर विशेष सत्र में बात उठेगी यह अभी पता नहीं है परन्तु विपक्ष पिछड़े वर्ग की महिलाओ के लिए आरक्षण बराबर माग करता आ रहा है।और मुसलमान भी मांग रहे हैं। नारी वन्दन बिल से आम नारी को बहुत लाभ नहीं मिलेगा जेबा कि पंचायती राज चुनाव में बहुत कम आम महिलाएं चुनाव जीत पाती है या लगती अधिकांश आरक्षित सीटों पर पहले से राजनीति में स्थापित परिवार कि महिलाओं को ही जीत मिलती है।यह बात संसद और विधानसभाओं के चुनाव में आरक्षण लागू होने के बाद होगा। आम महिलाएं आरक्षण के सहारे संसद विधायक बनती है या पहले से स्थापित राजनेताओं की पत्नियां बेटी बहू ही आयेगी आरक्षण में।अभी तो लोग पति प्रधान बन कर चलते बाद विधायक पति गाड़ी प्पर लिख कर चलेंगे।महिला पीछे रहेगी पति आगे से विधायक संसद रहेगा।

# बोला- मेरे दफ्तर में घुसा क्यों?



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाने वाली एक शर्मनाक घटना सहारनपुर के थाना फतेहपुर से सामने आई है। यहाँ मोबाइल टावर से बैटरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुँचे 72 वर्षीय रिटायर्ड डिप्टी एसपी (सीओ) के साथ थाना प्रभारी ने कथित तौर पर अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट की। मामले के तूल पकड़ने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) के निर्देश पर आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रिटायर्ड डिप्टी एसपी सुरेशवीर सिंह वर्तमान में एक सिक्योरिटी कंपनी में कार्यरत हैं। मार्च 2026 में थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बढ़ेड़ी घोघू में लगे मोबाइल टावर से 24 बैटरियां चोरी हो गई थीं। इस संबंध में सिक्योरिटी सुपरवाइजर रिफाकत हुसैन ने 23 मार्च को ही थाना फतेहपुर में लिखित तहरीर दी थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और मामले को टालती रही।

जब 20 दिन बीत जाने पर भी कार्रवाई नहीं हुई, तो 10 अप्रैल 2026 को सुरेशवीर सिंह स्वयं सिक्योरिटी कंपनी के अधिकारियों के साथ थाना फतेहपुर पहुँचे। एफआईआर में लगाए गए आरोपों के अनुसार, उस समय थाना प्रभारी विनय कुमार शर्मा अपने कार्यालय में बैठे थे। सुरेशवीर सिंह ने अनुमति लेकर अंदर जाकर तहरीर दी और रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया। आरोप है कि इस पर इंस्पेक्टर विनय कुमार शर्मा भड़क गए और चिल्लाते हुए कहा, 'तू रिटायर्ड सीओ बताकर मेरे कार्यालय में क्यों घुसा ?' एफआईआर में आरोप है कि थाना प्रभारी ने धमकी देते हुए कहा कि 'यहां से भाग जा, नहीं तो बहुत महंगा पड़ेगा। चोरी की रिपोर्ट भी नहीं लिखूंगा।' इस दौरान थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों और कुछ अन्य लोगों ने भी पूरी घटना देखी।

शिकायत के अनुसार, इंस्पेक्टर विनय कुमार शर्मा ने कुर्सी से उठकर रिटायर्ड डिप्टी एसपी का कॉलर पकड़ लिया और उन्हें जोर से धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। इंस्पेक्टर यहीं नहीं रुके, उन्होंने अभद्रता की सारी हदें पार करते हुए गाली-गलौज की और पूर्व अधिकारी को धकियाते हुए थाने के गेट से बाहर निकाल दिया। उन्हें धमकी दी गई कि 'यहाँ से भाग जा, नहीं तो महंगा पड़ेगा, चोरी की रिपोर्ट भी नहीं लिखूँगा।

एक पूर्व पुलिस अधिकारी के साथ विभाग के ही मौजूदा इंस्पेक्टर द्वारा किए गए इस दुर्व्यवहार से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला उच्च अधिकारियों तक पहुँचा तो एसएसपी ने तत्काल संज्ञान लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है कि जब विभाग के पूर्व अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा। रिटायर्ड पीपीएस एसोसिएशन के अफसर इस मामले में सोमवार को एडीजी भानु भास्कर से मिलकर उनसे भी अपनी शिकायत दर्ज करेंगे।

# वैशाख मास में अरैल घाट पर सरस्वती परिवार का 171वां स्वच्छता अभियान आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को वैशाख मास के पावन अवसर पर 'सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान, अरैल नैनी प्रयागराज' द्वारा 171वें स्वच्छता अभियान का आयोजन अरैल के नये पक्के घाट पर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी इन्दु प्रकाश सिंह ने किया। अभियान के तहत घाटों की सफाई के साथ-साथ गंगा जल के निर्मलीकरण हेतु जनजागरूकता भी चलाई गई। संस्थान के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने बताया कि संस्था पिछले आठ वर्षों से लगातार स्वच्छता जागरूकता अभियान चला रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव अब देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कुछ लोग गंगा तट पर धूम्रपान के अवशेष जैसे सिगरेट और बीयर की बोतलें छोड़ जाते हैं, जो अत्यंत निंदनीय और अशोभनीय है।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि सरस्वती परिवार द्वारा प्रयागराज के विभिन्न तीर्थस्थलों पर निरंतर मासिक स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश दिया जा रहा है, जो सराहनीय पहल है। इस स्वच्छता अभियान में कुंवर जी तिवारी, मनीष पाण्डेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, विकास मिश्रा, संदीप केसरवानी, डॉ. सुनीता विश्वकर्मा, नीलम गुप्ता, राजकुमार विश्वकर्मा, संजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, विनोद गुरानी, सौरभ यादव, शैलेंद्र पाल, नीरज पांडेय, मोनू यादव, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने राजकीय बालगृह परिसर- खुल्दाबाद पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं, की जानकारी प्राप्त की

● राज्यपाल ने किशोरों, बालिकाओं को दृढ़संकल्प के साथ परिश्रम करने तथा सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालगृह परिसर-खुल्दाबाद पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं, सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अंतःवासियों के साथ संवाद किया। उन्होंने सर्वप्रथम राजकीय बालगृह (बालिका) की बालिकाओं द्वारा बनाये गये टीचिंग लर्निंग मैटेरियल का अवलोकन किया और उनके द्वारा बनाये गये आर्ट एण्ड क्राफ्ट मैटेरियल, टाइप आफ हाउसेस, एआई हेल्थ केयर मॉडल का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य की देखभाल कैसे करते है तथा बीपी क्यों बढ़ता है, की भी जानकारी बालिकाओं से ली। उन्होंने राजकीय बालिका गृह में आवासित बच्चियों से मुलाकात की तथा उनसे संवाद करते हुए वहां पर उन्हें दिए जा रहे टेऊनिंग प्रोग्राम-पाक कला, योग प्रशिक्षण, बागवानी प्रशिक्षण, सिलाई-कढ़ाई एवं क्राफ्ट प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि आगे बढ़ना है, तो शिक्षा, ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करना ही होगा, इसलिए आप सभी पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करें।

राज्यपाल ने छोटे कॉमन हॉल में पहुंचकर उनके द्वारा बनाये गये क्राफ्ट सामग्री, कपड़े से बनाये गये साज-सज्जा के सामानों के स्टॉल का अवलोकन किया, तत्पश्चात उन्होंने किचन व स्टोर का भी निरीक्षण किया। माननीय राज्यपाल महोदया ने कॉमन हॉल में बालगृह (बालिका) की साक्ष्य पीड़िताओं (पाक्सों पीड़ित) से संवाद किया तथा उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्था में प्राप्त हो रहे प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने हेतु मार्गदर्शन दिया और उन्हें स्वच्छता अपनाये जाने, विचारों में सकारात्मकता लाये जाने तथा पोषण युक्त भोजन करने के साथ नियमित दिनचर्या का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने पाक्सों पीडित बालिकाओं को मिष्ठान व स्वच्छता किट का वितरण किया। इसके उपरांतय राज्यपाल महोदया ने परिसर में स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) के कॉमन हॉल में पहुंचकर वहां पर रह रहे किशोरों से विस्तार से संवाद किया। उन्होंने किशारों के साथ संवाद करते हुए कहा ''अच्छा पढ़ो, अच्छा करों और अच्छा बनो''। उन्होंने संवाद करते हुए प्रतिदिन की दिनचर्या, किए गए कार्यों तथा विचारों को डायरी में प्रतिदिन अंकित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने किशोरों को नियमित रूप से योग, मेडिटेशन, साफ-सफाई से रहना, सभी कार्यों को स्वयं करना, पेंटिंग, स्पोर्ट्स एवं शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने तथा अनुशासित दिनचर्या के साथ रहने के लिए कहा। उन्होंने वहां पर बनायी गयी लाईब्रेरी में जाकर उन्हें ज्ञानवर्धक पुस्तकों, महापुरूषों एवं वैज्ञानिकों के विचारों को जानने तथा लाईब्रेरी में पढ़े गये विषय की समरी रिपोर्ट भी बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आत्मअवलोकन करें कि आप किस क्षेत्र में ज्यादा बेहतर कर सकते है तथा आगे भी अपनी रूचि के अनुसार उसी दिशा में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। राज्यपाल ने वहां पर स्मार्ट क्लास व कम्प्यूटर की उपलब्धता की जानकारी ली, जिसपर बताया गया कि स्मार्ट क्लास बनाये जाने तथा 8 कम्प्यूटर लगाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जिसपर राज्यपाल महोदया ने किशोरों की संख्या के अनुसार वहां पर 20 कम्प्यूटर की व्यवस्था कराये जाने तथा लाईब्रेरी में और विभिन्न विषयों की अधिक बुक रखवायें जाने, अखबार को नियमित रूप से मंगाये जाने की व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने वहां के संरक्षक से किशोरों के बीच स्पोर्ट्स, म्यूजिक, योग सहित अन्य गतिविधियों में समय-समय पर प्रतियोगिता आयोजित कराये



जाने के लिए कहा है तथा इन क्षेत्रों में अच्छा करने वाले किशोरों को उसी क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी किशोरों को दृढ़संकल्प के साथ पिछली गलतियों को भुलाते हुए और परिश्रम करने तथा सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा है। इस अवसर पर पूर्व महापौर, अभिलाषा गुप्ता नंदी, प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा, डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, सिटी मजिस्टेऊट, विनोद कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर, अभिषेक सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सर्वजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0 एन0 सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, सीडीपीओ संजिता सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बोकारो: 8 महीने बाद जंगल में मिला लापता छात्रा का कंकाल

● 28 पुलिसकर्मी सस्पेंड।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** झारखंड के बोकारो जिले में आठ महीने से लापता 18 वर्षीय छात्रा की हत्या का खुलासा होने के बाद एसपी ने संबंधित पिंड्राजोरा थाना के सभी 28 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड होने वालों में 10 सब-इंस्पेक्टर, 5 एएसआई, 2 हवलदार और 11 सिपाही शामिल हैं। इस थाने की पुलिस पर छात्रा के अपहरण और हत्या के मामले में जांच को भटकाने और आरोपियों को फायदा पहुंचाने के गंभीर आरोप हैं। पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र की निवासी छात्रा की मां ने अगस्त 2025 में अपनी बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। महीनों बाद भी जब पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की तो महिला ने झारखंड हाईकोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर की।

हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के दौरान मामले को बेहद गंभीर मानते हुए पिछले हफ्ते एसपी से लेकर राज्य के डीजीपी तक को तलब किया। कोर्ट ने पूरे मामले में लापरवाही के लिए एसपी को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद बोकारो एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। एसआईटी ने जांच शुरू की तो महज दो दिन में पूरे मामले का सनसनीखेज खुलासा हुआ।

तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल और अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस को पता चला कि छात्रा का संपर्क दिनेश कुमार महतो नामक युवक से था। पुलिस ने दिनेश को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि युवती उस पर शादी का दबाव बना रही थी। इसी से परेशान होकर उसने 21 जुलाई 2025 को उसे बहाने से सुनसान स्थान पर ले जाकर चाकू से हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में छिपा दिया।

शनिवार को आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से मृतका के कंकाल के अवशेष बरामद किए। इसके अलावा हत्या में प्रयुक्त चाकू, घटना के समय पहने गए कपड़े, चार मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्य बरामद किए। पुलिस ने कंकाल का डीएनए टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। एसपी की ओर से गठित एसआईटी की जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि स्थानीय पुलिस ने न केवल अनुसंधान में कोताही बरती, बल्कि आरोपी को बचाने की कोशिश की। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों की ओर से आरोपी को संरक्षण देने के बदले पैसे के लेन-देन के संकेत भी मिले हैं, जिसके बाद एक साथ 28 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

इसके पहले आठ महीने से लापता एक नाबालिग लड़की से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए, झारखंड उच्च न्यायालय ने एक पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को हटाने का आदेश दिया और लापता लड़की के परिवार के सदस्यों के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की, जबकि पहले ऐसे कदमों पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था।

यह मामला बोकारो से 21 जुलाई, 2025 से लापता एक लड़की से संबंधित है। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि लड़की की मां, विंसेंट रोहित मार्की ने पुलिस से संपर्क किया था और कहा था कि उनकी बेटी ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवार के वकील ने बताया कि बेटी 21 जुलाई को लापता हुई थी और मां ने उसी दिन पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन एफआईआर 4 अगस्त को दर्ज की गई। मां ने बताया, 'उसी रात हम पुलिस स्टेशन गए। हालांकि, पुलिस ने पहले एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमने किसी का नाम लिया और मेरी बेटी उसके साथ नहीं मिली, तो हमें जेल हो सकती है और जमानत भी नहीं मिलेगी।' परिवार को शिकायत दर्ज कराने से 'धमकाया और हतोत्साहित' भी किया गया। एफआईआर 4 अगस्त को एक स्थानीय युवक द्वारा अपहरण के आरोप में दर्ज की गई, जिस पर परिजनों को लड़की के साथ कथित पुराने संबंध के कारण शक था।।

# महिला शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला व हस्ताक्षर अभियान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी में सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में महिला शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया तथा अधिनियम के समर्थन में व्यापक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं, प्राध्यापक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्राओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए यह स्पष्ट किया कि आज की नारी अपने अधिकारों के प्रति सजग है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं को राजनीतिक एवं



सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से छात्राओं एवं शिक्षकों ने अधिनियम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और समाज के अन्य वर्गों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

प्राध्यापकों ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों को समझकर समाज में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिला सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ ली। पूरे आयोजन में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला, जो युवाओं की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## अधिवक्ता की हत्या को लेकर उपजा आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मिर्जापुर जिले में साथी अधिवक्ता की गोली मारकर हुई हत्या से आक्रोशित वकीलों ने सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। मिर्जापुर जिले में अधिवक्ता राजीव सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना को लेकर सुबह वकीलों का तहसील गेट पर भारी जमावडा हुआ। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में वकीलों ने बीती ग्यारह अप्रैल को हुई अधिवक्ता की नृशंस हत्या को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने अधिवक्ता के हत्यारों को फांसी दिये जाने की मांग के साथ परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजा दिये जाने की आवाज उठायी। आमसभा कर वकीलों ने न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मांग उठाई। सभा का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर विकास मिश्र, प्रमोद सिंह, राहुल तिवारी, अबरार अहमद, केके शुक्ला, विपिन शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, सूर्यकांत निराला आदि अधिवक्ता रहे।

## अधिवक्ता की हत्या को लेकर उपजा आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मिर्जापुर जिले में साथी अधिवक्ता की गोली मारकर हुई हत्या से आक्रोशित वकीलों ने सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। मिर्जापुर जिले में अधिवक्ता राजीव सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना को लेकर सुबह वकीलों का तहसील गेट पर भारी जमावडा हुआ। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में वकीलों ने बीती ग्यारह अप्रैल को हुई अधिवक्ता की नृशंस हत्या को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने अधिवक्ता के हत्यारों को फांसी दिये जाने की मांग के साथ परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजा दिये जाने की आवाज उठायी। आमसभा कर वकीलों ने न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मांग उठाई। सभा का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर विकास मिश्र, प्रमोद सिंह, राहुल तिवारी, अबरार अहमद, केके शुक्ला, विपिन शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, सूर्यकांत निराला आदि अधिवक्ता रहे।

## व्यापारियों की सुरक्षा व साइबर जागरूकता पर जोर, एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**ललितपुर।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने रविवार को सर्राफा एसोसिएशन, व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में साइबर सुरक्षा जागरूकता पर विशेष बल देते हुए व्यापारियों को सतर्क रहने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल व मैसेज, यूपीआई फ्रॉड जैसे मामलों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। केवल आधिकारिक व विश्वसनीय ऐप और वेबसाइट का ही उपयोग करें तथा संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस को दें। बैठक के दौरान व्यापारियों ने बाजारों में चोरी, ठगी, अतिक्रमण, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं उठाईं, जिस पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, सभी प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने और उन्हें चालू रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि वह संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें।

# छोटकी चलंगा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**●विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

**धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं : मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखण्ड के रानीचुंवा पंचायत अंतर्गत छोटकी चलंगा में श्री श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा उन्हें पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। विधायक ने मुख्य जजमान समेत महिलाओं को कलश प्रदान कर यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बजरंगबली की कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहेगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि इस तरह के महायज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान हमारी संस्कृति और परंपरा को सशक्त बनाते हैं तथा समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। मुखिया संघ अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता बढ़ेगी और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। सांसद प्रतिनिधि सह बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देते हैं तथा समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। वहीं भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव ने कहा कि महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा जैसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है और लोगों के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

# बरही में टीबी उन्मूलन को लेकर बैठक आयोजित

**●डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने कहा - 14 से 28 अप्रैल तक आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर के तहत चलेगा विशेष जांच अभियान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल बरही के डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने क्षेत्र से टीबी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की। डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के 45 ऐसे गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां वर्तमान में टीबी मरीजों की संख्या अधिक है। इन गांवों में 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की चेस्ट एक्स-रे के माध्यम से जांच की जाएगी। वहीं जिन लोगों में टीबी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, उनकी उम्र की परवाह किए बिना जांच सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में करसो, केदारुत, रसोईया धमना, धनवार, बरही शहरी क्षेत्र, दुलमाहा, पडिरमा, बरसोत, केवाल, सरैया, सुज्जी, अडार, परतन एवं रोमी सहित 14 गांवों में 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विशेष जांच शिविर लगाए जाएंगे। इसके बाद अन्य चिन्हित गांवों में भी अभियान चलाया जाएगा। सभी स्थानों पर तय तिथियों के अनुसार स्वास्थ्य टीम पहुंचकर जांच कार्य संपन्न करेगी। बैठक में यह भी बताया गया कि जांच के दौरान केवल टीबी ही नहीं, बल्कि ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन समेत अन्य बीमारियों की भी जांच की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति में अन्य बीमारी पाई जाती है, तो टीबी के साथ-साथ उसका समुचित इलाज भी किया जाएगा। डॉ. ज्ञानी ने सभी संबंधित लोगों को निर्देश दिया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए वे सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि क्षेत्र को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाया जा सके।इस मौके पर सुधांशु शेखर, बिजेंद्र कुमार, मृत्युंजय चौरसिया समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## गृह प्रवेश कलश यात्रा में शामिल हुए मुखिया मनोज कुमार



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम सलोन में आयोजित विभिन्न गृह प्रवेश कलश यात्रा कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया मनोज कुमार ने भाग लिया। इस दौरान पूरे गांव में धार्मिक और उत्सवी माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुखिया मनोज कुमार ने श्रद्धालुओं को कलश प्रदान कर यात्रा के लिए प्रस्थान करवाया। इसके बाद पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान संपन्न कराया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे श्रद्धा भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी पूरन राम, नरेश प्रजापति, संजय प्रजापति, गणेश पंडित, निक्की कुमार, घनु कुम्हार, मंगर कुम्हार, सिकंदर कुमार और लाली प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## टैरिफ में राहत, रूस का साथ: कानपुर के लेदर कारोबार को मिली नई रफ्तार



**कानपुर।** वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच शहर के लेदर उद्योग के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अमेरिका द्वारा टैरिफ दरों में कटौती और रूस के नए बाजार के रूप में सामने आने से निर्यात कारोबार फिर पटरी पर लौटता दिख रहा है। कारोबारियों के अनुसार, फरवरी 2026 में टैरिफ घटने के बाद से विदेशी ऑर्डर तेजी से बढ़े हैं। पहले जहां ऊंचे टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित था, अब उसी स्तर पर फिर से ऑर्डर मिलने लगे हैं। मुश्किल दौर में रूस भारतीय लेदर उत्पादों के लिए बड़ा बाजार बनकर उभरा है। निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका और रूस दोनों से मिल रही मांग के चलते इस साल रिकॉर्ड निर्यात की उम्मीद है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पहले अमेरिका उत्तर प्रदेश के कुल निर्यात में बड़ा हिस्सा रखता रहा है। अब परिस्थितियां सुधरने और नए बाजार जुड़ने से कारोबार में और तेजी आने की संभावना है। उद्योग से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि मौजूदा स्थिति बनी रहती है तो आने वाले समय में कानपुर का लेदर उद्योग नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति

**●रांची के सदस्यों ने भेंट की, मंदिर के चल रहे नवनिर्माण कार्य से कराया अवगत**

**मुख्यमंत्री ने कहा- तपोवन मंदिर को भव्य और आकर्षक बनाने के साथ यहां श्रद्धालुओं के लिए हों सभी जरूरी व्यवस्थाएं**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंड:-**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति, रांची के सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के चल रहे नवनिर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी दी और उन्हें मंदिर आने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर के निर्माण कार्य से संबंधित सभी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह मंदिर आस्था का केंद्र है और रांची की ऐतिहासिक धरोहर है। इसके रिनोवेशन और ब्यूटीफिकेशन का कार्य बड़े स्तर पर चल रहा है, जिसमें सरकार सहयोग देगी। मंदिर को भव्य और आकर्षक बनाने के साथ यहां श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह मंदिर ऐसा बने कि देश-विदेश से श्रद्धालु यहां आएं।

**वर्ष 2029 तक मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने की जानकारी**

राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में फाउंडेशन तक का कार्य पूरा हो चुका है। समिति की ओर से बताया गया कि राम मंदिर, अयोध्या के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा के निर्देशन में निर्माण कार्य हो रहा है। बैठक में महंत ओमप्रकाश, सचिव प्रणय कुमार, प्रवीण कुमार वर्मा, अयोध्या दास और आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा शामिल थे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हजारीबाग में उमड़ा महिलाओं का जनसैलाब, सांसद मनीष जायसवाल ने पदयात्रा को दिखाई हरी झंडी

**●सांसद सेवा कार्यालय से टाउन हॉल तक निकला पदयात्रा, हजारों महिलाओं ने पीएम मोदी का जताया आभार**

**भारत के निर्माण में युगांतरकारी कदम साबित होगा यह अधिनियम : मनीष जायसवाल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने वाले ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर हजारीबाग में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा हजारीबाग के झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय से जागरूकता के उद्देश्य से एक विशाल महिला पदयात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह और जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में तख्तियां और भाजपा का झंडा थामे हजारों महिलाओं का यह काफिला शहर के मुख्य मार्ग झंडा चौक, मेन रोड, पैगोडा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड और अन्नदा चौक से होते हुए नगर प्रेक्षागृह पहुंचा, जहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में इस अधिनियम के दूरगामी प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस पदयात्रा को रवाना करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने इस अधिनियम को विकसित भारत के निर्माण में एक युगांतकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह कानून महिलाओं को महज एक वोटर से आगे बढ़ाकर नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दे शासन की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर होंगे। उन्होंने पिछले दशक की सफलताओं जैसे उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि और मुद्रा ऋण का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह राजनैतिक सशक्तिकरण भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संवेदनशील बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं, बल्कि 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' के उस दृष्टिकोण को साकार करने की पहल है जो आगामी 2026 के विशेष सत्र के बाद देश की दिशा और दशा बदलने में सहायक सिद्ध होगी।

# एक भी बच्चा न छूटे स्कूल से: लातेहार में 15 से 30 अप्रैल तक विशेष 'बैक टू स्कूल' अभियान शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिले में शिक्षा को सशक्त बनाने और हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक 'स्कूल रूआर 2026 (Back to School Campaign)' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की तैयारी को लेकर टाउन हॉल लातेहार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मानिका विधायक रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं स्कूली छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त ने कहा कि समग्र शिक्षा के तहत 5 से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्कूल से बाहर रह गए, ड्रॉपआउट एवं प्रवासी बच्चों को चिन्हित कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने सभी शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलकर काम करने की अपील की, ताकि हर घर तक पहुंच बनाकर अभिभावकों को जागरूक किया जा सके और एक भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। अभियान के तहत जिला, प्रखंड और विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें बच्चों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यशाला में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहु सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गोंडा में वन माफियाओं का तांडव, विरोध करने पर ग्रामीण को घर में घुसकर दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा ।** प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति के दावों के बीच गोंडा के खरगूपुर थाना क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्राम जमुनही हरदोपट्टी (बाबू पुरवा) में प्रतिबंधित सागौन के पेड़ों की अवैध कटान का विरोध करने पर एक ग्रामीण और उसके परिवार को दबंगों ने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी (SDM) की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई, जिस पर SDM ने वन विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

पीड़ित राजेंद्र प्रसाद पुत्र चिन्ताराम वर्मा ने प्रशासन को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही दबंग राजेश सिंह पुत्र शिवनारायण सिंह लंबे समय से प्रतिबंधित और गैर-प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर बेचने का काला कारोबार कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, बीते 09 अप्रैल 2026 की रात आरोपियों ने दो कीमती सागौन के पेड़ काटकर पार कर दिए। जब राजेंद्र ने इसकी शिकायत करने की हिम्मत दिखाई, तो आरोपियों ने रात घर में घुसकर मां-बहन की बद्दी बद्दी गालियां दी कहा कि 'मुखबिरी' करने पर गांव से उजाड़ने व हत्या करने की धमकी दी।

**SDM का सख्त रुख: वन विभाग को जांच के आदेश**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। SDM ने पत्र पर तत्काल संज्ञान लेते हुए फॉरेस्ट विभाग (वन विभाग) के अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के लिखित निर्देश दिए हैं। प्रशासन के इस रुख से क्षेत्र के वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

**पीड़ित की जुबानी: साहब, अब जान का खतरा है**

राजेंद्र प्रसाद ने भावुक होते हुए बताया कि आरोपी खुद को रसूखदार बताते हैं और पुलिस-प्रशासन में अपनी पैठ का धौंस देते हैं। पीड़ित ने स्पष्ट कहा कि यदि इन दबंगों पर लगाम नहीं कसी गई, तो उसे मजबूर होकर अपना घर और गांव छोड़ना पड़ेगा।

**वन माफियाओं का गढ़ बनता जा रहा इलाका**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खरगूपुर और आसपास के इलाकों में कीमती लकड़ियों की तस्करी का धंधा जोरों पर है। रात के अंधेरे में पेड़ों पर आरी चलती है और सुबह तक लकड़ी ठिकाने लगा दी जाती है। अब देखना यह होगा कि SDM के आदेश के बाद वन विभाग इन सफेदपोश माफियाओं पर क्या शिकंजा कसता है।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने, पंचायत से पार्लियामेंट तक निर्माण में नारी सहभागिता को लेकर की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**महराजगंज ।** विकास भवन सभागार महराजगंज में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन पंचायत से पार्लियामेंट तक निर्माण में नारी, नवभारत की तैयारी विषयक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी थीं। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई बड़ी संख्या में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया । जिसे उपस्थित महिलाओं ने गंभीरता और रुचि के साथ देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं परिवर्तन के युग की सशक्त साक्षी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आरक्षण का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी भागीदारी और सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि नारी शक्ति अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर साकार रूप दिया जा रहा है। महिलाओं को अन्याय एवं उत्पीड़न के विरुद्ध सजग और साहसी बनकर खड़ा होना होगा। आज बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर महिलाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 15 महिलाओं को मंच से प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह उपस्थित महिलाओं के लिए प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया, जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ)श्रेया मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर, महिला थाना प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकगण, महिला कल्याण विभाग के काउंसलर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया में सोमवार को एक 20 वर्षीय युवक अपनी प्रेमिका से शादी की जिद को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ यह घटनाक्रम देर शाम करीब सात बजे तक चला। युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने के लिए लोगों का जमावड़ा लगा रहा। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद युवक टावर से नीचे उतरा। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के महदेईया निवासी विशाल भारती (20) पुत्र राजू भारती सोनौली कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से प्रेम करता है। बताया जा रहा है कि बीते फरवरी माह में विशाल उस लड़की से चोरी-छिपे शादी कर उसे अपने घर ले आया था, लेकिन अगले ही दिन लड़की के परिजन उसे समझा-बुझाकर वापस ले गए। हाल ही में जब विशाल को पता चला कि लड़की के परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी है, तो वह अपना आपा खो बैठा और विरोध स्वरूप गांव के मोबाइल टावर पर चढ़ गया और शर्त पूरा नहीं होने पर टावर से नीचे कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही परसामलिक थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से टावर के आसपास से भीड़ को हटाया और युवक को नीचे उतारने के लिए घंटों मान-मनुव्वल की। हालांकि, युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा और लड़की को बुलाने की मांग करता रहा। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद युवक देर शाम गरीब 7 बजे टावर से नीचे उतरा। कोई पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले गई तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई। थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद युवक टावर से नीचे उतरा है ऐसे में सुरक्षा के दृष्टिगत उसे पुलिस कस्टडी में रखा गया है।

## विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर सीएम पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण तथा गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। क्षेत्र के खानीपुर प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर दर्ज करायी गयी शिकायत में कहा गया है कि दबंगो द्वारा विद्यालय की खिड़की व दरवाजे के बगल ईट तथा लकड़ी और गोबर का ढेर लगाकर रखा गया है। अवैध कब्जे को लेकर यहां छात्रों को पठन पाठन के साथ खाने पीने में भी असुविधा हो रही है। गांव के फौजी आदित्य सिंह ने अतिक्रमण को लेकर सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल का कहना है कि प्रधानाध्यापक के माध्यम से एसडीएम को सीमांकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। स्कूल की दीवार में सटाकर जानवर के लिए हौद बनाया गया है। बीईओ के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण हटाने के बाबत कडी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम ने कांशीराम कॉलोनी का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



**साफ सफाई व्यवस्था मिली लचर**

**कोंच(जालौन)-** एसडीएम ज्योति सिंह ने सोमवार को कांशीराम कॉलोनी का निरीक्षण कर साफ सफाई, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की हकीकत



परखी। व्यवस्थाएं दुरुस्त न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त सभी व्यवस्थाएं शीघ्र ही दुरुस्त किए जाने के लिए संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। कांशीराम कॉलोनी के बाशिंदों द्वारा समस्याओं के बाबत की गई शिकायतों को लेकर कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान एसडीएम को कॉलोनी में साफ सफाई व्यवस्था लचर मिली जिसको लेकर उन्होंने नगर पालिका के आरआई सुनील कुमार को निर्देश दिए कि कॉलोनी के सभी 64 वार्डो का रोस्टर बनाकर उसी रोस्टर के मुताबिक नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए। गर्मी के दिनों में शीतल पेयजल के लिए पालिका द्वारा लगाया गया वाटर कूलर खराब होने पर एसडीएम ने मौके पर ही इसे ठीक कराया और ऐसे हैंडपंप जो थोड़ी बहुत कमी होने के चलते पानी नहीं दे रहे थे उन्हें अपने सामने ही दुरुस्त करा दिए जबकि रीबोर हेतु हैंडपंपों की सूची तैयार किए जाने के लिए एसडीएम ने जल संस्थान के स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बिजली संबंधी शिकायतों को लेकर उन्होंने एसडीओ को शिकायतों का शीघ्र ही निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

### हत्या प्रकरण में घोरावल पुलिस को मिली सफलता ,02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक घोरावल के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में दिनांक 13.04.2026 को थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा बर्दिया पोखरा के पास, ग्राम बर्दिया क्षेत्र से थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 73/26 धारा 103(1) बीएनएस व 3(2)V एससी/एसटी एक्ट से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त संजय प्रजापति पुत्र रामजतन, निवासी ग्राम बर, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, टीकम प्रजापति पुत्र श्यामलाल प्रजापति, निवासी ग्राम भुईधरवा, थाना गढ़वा, जनपद सिंगरौली (म0प्र0) को समय करीब 04:55 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, उ0नि0 कवीन्द्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी शिवद्वार, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, हे0का0 रणजीत सिंह यादव, हे0का0 महेन्द्र कुमार, हे0का0 रामनारायण शामिल रहे।

### अंबेडकर जयंती को लेकर बौद्ध विहार मंदिर की साफ-सफाई

**सिद्धार्थनगर /** नगर पंचायत बिस्कोहर क्षेत्र के बड़हरा विशुनपुर में सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डाक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर बौद्ध विहार मंदिर पर पहुंचकर साफ सफाई का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय महान विधिवेत्ता एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने वाले बाबा साहेब डाक्टर भीम राव अंबेडकर सामाजिक न्याय के प्रेरणा दायक थे।

# ई-पॉप मशीनों ने रोकी रफ्तार, बारदाना आने के बावजूद दो केंद्रों पर खरीद ठप्प

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर एक बार फिर क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। एक तरफ जहां सोमवार को खरीद केंद्रों पर बारदाना पहुंचना शुरू हो गया, वहीं दूसरी ओर ई-पॉप मशीनों की खराबी और अनुपलब्धता के कारण दो केंद्रों पर खरीद पूरी तरह बंद रही। इससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शुरुआत से ही गेहूं खरीद केंद्रों पर ई-पॉप मशीनों की दिक्कतें बनी हुई हैं जिनका सीधा असर खरीद प्रक्रिया पर पड़ रहा है। सोमवार को क्रय-विक्रय केंद्र पर ई-पॉप मशीन न मिलने के कारण अब तक खरीद शुरू ही नहीं हो सकी। वहीं पीसीएफ केंद्र पर मशीन मौजूद होने के बावजूद तकनीकी खराबी के चलते 10 अप्रैल से खरीद ठप पड़ी है। स्थिति का जायजा लेने के लिए एसडीएम ज्योति सिंह ने केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बी पैक्स जुझारपुरा, क्रय विक्रय, पीसीएफ, आरएफसी आदि का निरीक्षण किया। जुझारपुरा पर क्रय-विक्रय केंद्र की प्रभारी उषा तिवारी ने उन्हें बताया कि मशीन न मिलने के कारण खरीद शुरू नहीं हो पाई है। एसडीएम ने जिला



मुख्यालय पर संपर्क कर जल्द ही मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पीसीएफ केंद्र पर भी खरीद बंद मिलने पर केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार ने मशीन में खराबी की जानकारी एसडीएम को दी। वहीं बी-पैक्स जुझारपुरा केंद्र पर खरीद चालू तो मिली, बताया गया है कि ई-पॉप मशीन खराब होने के कारण प्रभारी महेंद्र कुमार झा उसे ठीक कराने जिला मुख्यालय ले गए हैं। यहां सचिव प्रियंक पांडे ने बताया कि अब तक 18 किसानों से 953 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। तुलाई चालू है पर मशीन दिक्कत कर रही है। ग्राम जुझापुरा में संचालित बी पैक्स जुझारपुरा के केंद्र प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि बारदाना और ई पॉप मशीन के कारण खरीद प्रभावित हो रही है।

**डीएम ने गेहूं खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण, खसरा की अनिवार्यता खत्म**

कोंच(जालौन)- जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सोमवार को मंडी परिसर स्थित गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आरएफसी और एफसीआई केंद्रों पर पहुंचकर गेहूं बेचने के लिए आए किसानों से संवाद किया और गेहूं खरीद से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीएम ने स्पष्ट किया कि गेहूं खरीद के लिए जरूरी कागजातों में अब खसरा अनिवार्य नहीं है। किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही गेहूं बेच सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है। डीएम ने किसानों से अपील की है कि वे अपने गेहूं की बिक्री केवल सरकारी क्रय केंद्रों पर ही करें। किसी भी समस्या की स्थिति में टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने को कहा।

### शांति एवं सौहार्द के साथ मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती, महरौनी कोतवाली में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**महरौनी।** भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर महरौनी कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक पुलिस क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले जयंती समारोह एवं शोभायात्राओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पारंपरिक स्थानों पर ही जयंती समारोह एवं शोभायात्राएं आयोजित की जाएं, किसी भी नए स्थान पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने सभी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजा दिनेश सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ जयंती मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से दूर रहें। उन्होंने आगाह किया कि यदि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा गड़बड़ी की आशंका हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान का पालन करना हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है।

## भारतीय किसान संघ ने किसानों के हित में सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** गत दिनों तहसील क्षेत्र में आंधी-बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में नष्ट हुई रबी फसलों के एवज में पीड़ित किसानों को आर्थिक मदद प्रदान किए जाने की मांग करते हुए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को तहसील कोंच पहुंचकर तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। इससे पहले स्थानीय गल्ला मंडी परिसर स्थित किसान भवन में संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता और प्रांतीय अध्यक्ष साहब सिंह चौहान की मौजूदगी में एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को दिए गए ज्ञापन में संघ ने मांग की है कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को कम से कम 30 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अतिशीघ्र ही आर्थिक सहायता और फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा प्रदान किया जाए, साथ ही पीड़ित किसानों का बैंक ऋण माफ किया




जाए। इसके अलावा आंधी से क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों और पोलों को जल्द दुरुस्त कराकर निजी नलकूपों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति, दागी फसल की एमएसपी पर बिना कटौती खरीद करने, संचालित सभी खरीद केंद्रों को तुरंत चालू किए जाने, केंद्रों पर वारदाना की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की। इस दौरान संघ के जिला मंत्री शिवराज सिंह, कृष्ण कुमार, रघुराज, अरविंद कुमार, बृज पांडेय, बालकराम, राजकुमार, ओमप्रकाश दुबे, महेशचन्द्र, हरिनारायण, अशोक कुमार, नन्दकिशोर मिश्रा, चतुर सिंह, मीनेश पिपरैया, अंशुल सिंह, बिंदपाल, राहुल द्विवेदी, वैभव चौहान आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की शोक सभा संपन्न

**ललितपुर।** शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की एक शोक सभा मोर्चा के संरक्षक एवं शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शोक सभा में सांसद प्रतिनिधि पं.दिनेश गोस्वामी एड.की धर्मपत्नी स्व. राजकुमारी गोस्वामी तथा राजकीय शिक्षक संघ पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पूर्व प्राचार्य शिक्षक मनीष खरे एवं अभिषेक खरे के पिता स्व. विनोद कुमार खरे के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद दुबे, महेश तिवारी, कमलेश कुमार, डा.हेमंत तिवारी, देवेंद्र रावत, सुरेंद्र पटेरिया, रूपेश साहू, अनंत तिवारी, अभिषेक शर्मा, सुशील रावत, आशीष जैन, श्रीकृष्ण पटैरिया, मनोज किलेदार, अखिलेश श्रीवास्तव, जसवंत सिंह, संजय टडैया सहित अन्य शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## बाबा साहेब की जयंती पर भाजपाइयों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश

**●बाबा साहेब ने समाज में भाईचारा और समानता की रखी नींव- विधायक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)-** भारत देश के संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को जन्म जयंती से एक दिन पहले सोमवार को भाजपा कोंच नगर इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए साफ-सफाई के प्रति आमजन को प्रेरित किया गया। मोहल्ला गोखले नगर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की मिसाल है। बाबा साहेब ने देश को एक मजबूत संविधान गढ़कर सभी वर्गों को अधिकार दिलाने का काम किया है जिसे कभी विस्मृत नहीं जा सकता है। विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि डॉ साहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करें। कार्यक्रम के उपरांत पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राकेश वर्मा, सह संयोजक प्रदीप वर्मा, अनिल कपूर, शिवसिंह कुशवाहा, धर्मेंद्र राठौर, विनोद सोनी आदि मौजूद रहे।

## मानव तस्करी गिरोह पर सोनभद्र पुलिस का बड़ा प्रहार ,काम दिलाने के बहाने युवती को बेचने वाली दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

**●संगठित गैंग का खुलासा, जनपद पुलिस मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर सिंह के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज रामस्वरूप वर्मा के कुशल नेतृत्व में मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा एक संगठित मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया गया।थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-177/2026 धारा 137(2), 143(4), 61(2), 351(3) सहपठित धारा 64(2)रू भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 16/17 तथा 5रु6, 5J(2)/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्ताओं (1) बिन्दु पत्नी बसन्तु निवासी ग्राम पाड़र थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र हाल पता ग्राम सहिजन कला, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 35 वर्ष (2) सोनी पत्नी दिनेश पुत्री मुन्ना निवासी ग्राम गेंगुआर हाल पता ग्राम पवर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 30 वर्ष को दिनांक 12.04.2026 को ग्राम पवर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र से उ0नि0 रणजीत सिंह मय पुलिस टीम व महिला आरक्षी द्वारा मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।पूछताछ के दौरान अभियुक्ताओं द्वारा बताया गया कि उन्होंने एक नाबालिग/युवती को काम दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले जाकर विभिन्न जनपदों के माध्यम से आगरा एवं अलीगढ़ ले जाकर लगभग 1,20,000/- में बेच दिया। वहां पीड़िता को विभिन्न व्यक्तियों के पास रखा गया, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई।

जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि उक्त कृत्य एक संगठित गिरोह द्वारा किया गया है, जिसमें अन्य सहअभियुक्तों की संलिप्तता भी सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्ताएं क्रमश :- बिन्दु पत्नी बसन्तु निवासी ग्राम पाड़र थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 35 वर्ष, सोनी पत्नी दिनेश निवासी ग्राम गेंगुआर हाल पता ग्राम पवर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 30 वर्ष। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रणजीत सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# सोनभद्र में अधिवक्ताओं ने जयंती के पूर्व संध्या पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को किया याद

**●- बाबा साहब के कार्यों को याद करते हुए मार्ग के अनुशरण का संकल्प लिया**

**- रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भवन में हुआ आयोजन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डीबीए भवन में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा जयंती की पूर्व संध्या पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को याद किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहब के कार्यो को याद करते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने का संकल्प लिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा/ मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सभी अधिवक्ताओं ने भी पुष्प अर्पित किया।डीबीए अध्यक्ष ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर बाबा



साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई। पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि अंबेडकर जयंती का पहला सार्वजनिक आयोजन 14 अप्रैल 1928 को पुणे में अंबेडकरवादी और सामाजिक कार्यकर्ता जनार्दन सदाशिव राणापिसे द्वारा किया गया था, जिन्होंने बाबासाहेब की जयंती मनाने की परंपरा की शुरुआत की। स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ यह आयोजन अब राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा है।

पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सिर्फ संविधान ही नहीं लिखा, बल्कि एक अलग भारत की कल्पना की। एक ऐसा भारत जहां किसी व्यक्ति का मूल्य उसके जन्म से निर्धारित न हो, जहां प्रत्येक नागरिक को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त हो, और जहां सबसे वंचित लोगों को न केवल बोलने का अधिकार हो, बल्कि वोट देने का भी अधिकार हो। अंबेडकर जयंती इस बात की याद दिलाती है कि उस दूरदृष्टि ने भारत को कितनी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, और अभी भी उसे कितनी दूर जाना बाकी है। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता डीबीए अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट व संचालन महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने किया।

जयंती के अवसर पर हीरालाल पटेल, पवन कुमार सिंह,राजेश कुमार यादव, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार मौर्य, पंकज यादव, विजय प्रकाश शुक्ला,महेंद्र आर्य, रविंद्र पटेल, आकृति निर्भया, शांति वर्मा, कामता यादव,सरस्वती देवी, द्वारिका प्रसाद नागर, चंद्र प्रकाश सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, दसरथ यादव, सुमन, रामचंद्र भारत आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज, विरोध में सपाईयों ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष रामनिहोर यादव ने कहा कि जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से जनपद में अवैध खनन एवं माफियाओं का बोलबाला चरम सीमा पर है । इस सरकार में गरीबों का कोई सुनने वाला नहीं है ।श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार यादव एवं अन्य पर हुए फर्जी मुकदमों को यदि वापस नहीं लिया गया तो समाजवादी पार्टी बृहद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।जिसके क्रम में समाजवादी पार्टी सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि माफियाओं द्वारा जनपद सोनभद्र में अवैध खनन कराया जा रहा है जिसकी उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किया जाए नहीं तो इस मामले में को लेकर सदन में उठाने का काम करेंगे ।

वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे ने कहा कि अगर




जिला प्रशासन जायज मांगों को पूर्ण नहीं किया तो आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी ।

ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव, विजय यादव, मोहम्मद सईद कुरैशी ,अनिल प्रधान, वेदमणी शुक्ला, अशोक पटेल, गीता गौर, हिदायत उल्ला खान, जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडे, सुरेश यादव, त्रिपुरारी गौड़, सुनील गौड़ ,डॉक्टर लोपति सिंह पटेल परमेश्वर यादव सरदार पारब्रह्म सिंह कृपा शंकर चौहान सत्यम पांडे डॉक्टर केडी सिंह पटेल विवेक सिंह पटेल अतुल दुबे सूरज मिश्रा राजेश नागेंद्र भारती देवनारायण पप्पू कोल लालबरत यादव प्रदीप रोशन लाल अजीत कुमार रविंद्र के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### मंदिर में चोरी से हड़कंप, दान पेटी तोड़कर नगदी व सामान ले उड़े चोर

**तालबेहट ।** कोतवाली क्षेत्र के खांदी के मजरा गणेशपुरा स्थित प्राचीन मंदिर में बीती रविवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। चोर दान पेटी तोड़कर नगदी समेत हजारों रुपये का सामान समेट ले गए।

ग्रामीणों के अनुसार, गणेशपुरा में स्थित प्राचीन गौड़ बाबा एवं ढुका माता मंदिर में सोमवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंचे तो मंदिर के मुख्य द्वार के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो मंदिर से घण्टे और माइक का पूरा सेट गायब था। इसके अलावा चोरों ने दान पेटी तोड़कर करीब 20 हजार रुपये की नगदी भी पार कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## मिर्जापुर में अधिवक्ता साथी की गोली मारकर की गई हत्या पर वकील बिफरे

**●- मृतक आश्रित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाने व अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की उठाई मांग**

**- महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौंपा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के अधिवक्ताओं द्वारा जनपद मिर्जापुर में अधिववक्ता साथी की गोली मारकर की गई हत्या पर सोमवार को अधिवक्ता बिफर उठे। कलेक्ट्रेट पहुंच




अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मृतक आश्रित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिलाने के साथ ही तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने के बावत महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एड ने कहा कि अधिवक्ताओं के सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। यह तभी संभव होगा जब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू होगा। उन्होंने कहा कि मिर्जापुर के अधिवक्ता साथी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आखिरकार परिवार के लोगों का इसमें क्या कसूर है। इनकी परवरिश के लिए एक करोड़ रुपये मुआवजा दिलाया जाए। इस मौके पर महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी एड, कोषाध्यक्ष बंशीधर पाण्डेय एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद मिश्र एड, गीता गौर एड, शालिनी पाण्डेय एड, अनुज अवस्थी एड, कुणाल सिंह एड, राघवेंद्र तिवारी एड, अविनाश एड समेत अन्य अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर कोन पुलिस का कड़ा प्रहार, नाबालिक छात्रा से छेड़खानी के आरोप में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**●जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध व अपराधियों एवं महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को बक्सा नहीं जायेगा और लगातार अभियान जारी रहेगा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोन/ सोनभद्र** – महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार दिनांक 13.04.2026 को थाना कोन पुलिस द्वारा नाबालिक छात्रा के साथ छेड़खानी, अश्लील हरकत एवं धमकी देने के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 59/26 धारा 76, 352, 351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट में नामजद एवं वांछित कुल 06 अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर विम्ढमगंज-कोन बस स्टैंड तिराहा, कस्बा कोन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण क्रमश :- यशवन्त पुत्र राजेन्द्र, निवासी कचनरवा टोला हडवरिया, थाना कोन, जनपद सोनभद्र (उम्र 35 वर्ष), सुमन्त कुमार पुत्र राजेन्द्र, निवासी कचनरवा टोला हडवरिया, थाना कोन, जनपद सोनभद्र (उम्र 30 वर्ष), शशि कुमार पुत्र अनन्त प्रसाद, निवासी कचनरवा टोला हडवरिया, थाना कोन, जनपद सोनभद्र (उम्र 21 वर्ष), राकेश पुत्र नागवन्त प्रसाद, निवासी कचनरवा टोला हडवरिया, थाना कोन, जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष, मनीष कुमार पुत्र बसन्त चन्द्रवंशी, निवासी गरवाँन, थाना नगर उटारी, जिला गढ़वा झारखण्ड उम्र 21 वर्ष, विकेश कुमार पुत्र जयराम चन्द्रवंशी, निवासी गरवाँन, थाना नगर उटारी, जिला गढ़वा झारखण्ड उम्र 26 वर्ष। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्र0नि0 संजीव कुमार सिंह, थाना कोन जनपद सोनभद्र, व0उ0नि0 राकेश राय सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर किडनी कांड का मास्टरमाइंड रोहित तिवारी पुलिस गिरफ्त में, आहुजा अस्पताल में कराता था आप्रेशन



**कानपुर।** रावतपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने कानपुर किडनी कांड के मास्टरमाइंड रोहित तिवारी को आज रावतपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। रोहित तिवारी इस सिंडिकेट का मुख्य कर्ताधर्ता था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि थाना रावतपुर क्षेत्र में विगत दिवसों में प्राइवेट अस्पतालों में अवैध किडनी खरीद-फरोख्त से संबंधित प्रकरण में रोहित तिवारी, निवासी बिलग्राम (हरदोई) व 25,000 का इनामिया अभियुक्त, को थाना रावतपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वह अवैध किडनी ट्रांसप्लांट सिंडिकेट का मास्टरमाइंड था। पूछताछ में सामने आया कि वह मेरठ की टीम (रोहित मुदगल, डॉक्टर अली, अफज़ल) के संपर्क में रहकर उन्हें कानपुर बुलाता था और विभिन्न अस्पतालों में ऑपरेशन कराता था। वह 12वीं पास है, लेकिन खुद को डॉक्टर बताकर लोगों को गुमराह करता था और पूरे नेटवर्क–टीम, अस्पताल, डोनर व रिसीपिएंट–का संचालन करता था। उसने 30 से अधिक ऑपरेशन कराने की बात स्वीकार की है। उसका मोबाइल बरामद नहीं हुआ है, जिसकी तलाश जारी है। कानपुर में शिवम अग्रवाल उसका मुख्य सहयोगी था। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों के प्रयास जारी हैं तथा जांच प्रचलित है।

## पनकी में दो कारों की टक्कर, जलेबी के ठेले में घुसी गाड़ी; दुकानदार घायल

**कानपुर।** कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में एसबीआई चौराहे के पास दो कारों की भिड़ंत के बाद एक कार जलेबी के ठेले में घुस गई। हादसे में ठेला संचालक घायल हो गया, जबकि ठेला क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन आमने-सामने आने पर अनियंत्रित होकर टकरा गए। बचाव के प्रयास में एक कार सड़क किनारे लगे जलेबी के ठेले में जा घुसी, जिससे कढ़ाई का गर्म तेल गिरने से दुकानदार को चोटें आई। घटना के बाद मौके पर हंगामा हुआ और दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले आई, जहां काफी देर तक बातचीत के बाद मामला शांत कराया गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है और आपसी समझौते के बाद मामला निपटा लिया गया है।

## चेक बाउंस मामले में दो सगे वारंटी भाई गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

**कानपुर।** नरवल थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो सगे वारंटी भाइयों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिधनू थाना क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी मनीष सिंह और अवधेश सिंह के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ नरवल थाने में चेक बाउंस का मामला दर्ज था और काफी समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा।

थाना प्रभारी अनिल सिंह तोमर ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही क्षेत्र में फरार और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पंचायत मतदाता सूची का जनसामान्य के लिये 22 अप्रैल को होगा अन्तिम प्रकाशन

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कराये जाने हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि 21 अप्रैल तक मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदात सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि किये जायेगे। 22 अप्रैल निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसो में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

# कानपुर में साइबर ठगी एवं संगठित वित्तीय अपराध करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त , अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल एवं अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, सहायक पुलिस आयुक्त , के कुशल नेतृत्व में साइबर सेल सेन्ट्रल जोन, कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा भोले-भाले व्यक्तियों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बैंक खाते खुलवाकर उनका अवैध उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस साईबर गिरोह के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 12.04.2026 को थाना स्वरूप नगर पर वादी ओवैस पुत्र गुफरान निवासी 94/117 पेचबाग, थाना बेकनगंज, कानपुर




नगर की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें बताया गया कि अभियुक्त अमान पुत्र चिराउद्दीन व वसीउद्दीन सिद्दीकी उर्फ सरताज द्वारा स्क्रैप व्यापार के नाम पर 20,000/- का प्रलोभन देकर वादी के बैंक खाते एवं बैंकिंग साधनों का दुरुपयोग कर जाली हस्ताक्षर के माध्यम से दिनांक 08.04.2026 तक लगभग 35 करोड़ का अवैध लेन-देन किया गया, तथा जांच में बैंक स्टेटमेंट के अवलोकन से कुल लगभग 130 करोड़ का लेन-देन पाया गया; तत्पश्चात मुखबिर की सूचना पर उ0नि0 अरविन्द कुमार मय पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा डपकेश्वर धाम, थाना कैण्ट क्षेत्र से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 1 लैपटॉप, 1 रुपये गिनने की मशीन, 6 मोबाइल फोन, 28 चेकबुक, 39 हस्ताक्षरित चेक, 19 एटीएम कार्ड व अन्य बैंकिंग एवं दस्तावेजी सामग्री बरामद हुई, तथा पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा विभिन्न व्यक्तियों के म्यूल खाते खुलवाकर उनके माध्यम से धन का अवैध लेन-देन एवं निकासी करना स्वीकार किया गया, प्रकरण में अन्य अभियुक्तों की तलाश एवं वित्तीय / तकनीकी जांच प्रचलित है।

# विनियमितिकरण में देरी बनी जानलेवा? मानसिक दबाव में महामंत्री को हृदयाघात, प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल

### ●फाइलों में अटका मामला, जमीनी स्तर पर शून्य प्रगति – कर्मचारियों में आक्रोश, जवाबदेही तय करने की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जनपद में सीजनल संग्रह अमीनों के विनियमितिकरण में लगातार हो रही देरी अब गंभीर और संवेदनशील रूप लेती जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर लंबित प्रक्रिया और बढ़ते मानसिक दबाव के बीच सीजनल संग्रह अमीन कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री संजय श्रीवास्तव को 8 अप्रैल की देर रात हृदयाघात (Heart Attack) हो गया। उन्हें तत्काल कार्डियोलॉजी संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, 6 अप्रैल को जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद कर्मचारियों ने अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद विनियमितिकरण प्रक्रिया में कोई ठोस प्रगति



नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में असंतोष और मानसिक दबाव लगातार बढ़ता गया।

संगठन के जिला अध्यक्ष प्रवीण वाजपेई ने बताया कि– 'मानसिक एवं आर्थिक तनाव अत्यधिक बढ़ जाने के कारण ही महामंत्री जी को इस स्थिति का सामना करना पड़ा है। यह केवल एक मामला नहीं है, बल्कि ऐसे कई कर्मचारी हैं जो इसी दबाव में या तो दुनिया छोड़ चुके हैं या उस स्थिति की कगार पर हैं। 'वहीं, संगठन मंत्री अरविंद रावत ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि– 'एडीएम (वित्त एवं राजस्व) और मुख्य राजस्व लेखाकार कार्यालय स्तर पर विनियमितिकरण की प्रक्रिया को जानबूझकर आगे नहीं बढ़ाया जा रहा। ऐसी स्थिति में मानसिक और आर्थिक तनाव स्वाभाविक है। हम लोग आज उस मोड़ पर खड़े हैं, जहां से कुछ भी संभव है। क्या प्रशासन हमारे बीते हुए समय और संघर्ष को वापस कर सकता है? ' सूत्रों के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते महामंत्री के इलाज के लिए विधायक निधि से सहायता लेनी पड़ी, जो इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को और उजागर करता है।

वर्षो से सेवा दे रहे कर्मचारियों का कहना है कि शासन स्तर से स्पष्ट आदेश और दिशा-निर्देश होने के बावजूद प्रक्रिया केवल कागजों तक सीमित है। जमीनी स्तर पर कोई प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा, जिससे यह मामला प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही का उदाहरण बनता जा रहा है। कई कर्मचारी सेवा के अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं, जबकि कुछ इस अधिकार की प्रतीक्षा में ही दुनिया छोड़ चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित कार्यालयों में फाइलें आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है– क्या विनियमितिकरण में यह देरी कर्मचारियों के जीवन पर भारी पड़ रही है? और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी तय होगी? यह मामला अब केवल प्रशासनिक प्रक्रिया का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और कर्मचारियों के अस्तित्व से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है।

# लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं के लाभ के लिए करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) विक्रमाजीत ने बताया है लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग व मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना योजना तथा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3एचपी/5एचपी/7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना संचालित की जा रही है।

उन्होने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप के सम्बन्ध में बताया है कि लघु एवं सीमान्त सामान्य/अनुसूचित जाति लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उथले बोरिंग का कार्य कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 30 मीटर गहराई तक की 110 एमएम (4इंच) व्यास की बोरिंग/नलकूप निर्मित किये जाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसान सेवा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक पात्र हैं एवं प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत कृषकों को योजना में प्राथमिकता दी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि मध्यम गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर की गहराई तक की (7इंच) व्यास की बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 61 से 90 मीटर की गहराई तक की (8इंच) बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। बोरिंग हेतु विभाग से प्राप्त सामग्री की ढुलाई व गड्ढा की खुदाई, पानी भराई का कार्य कृषकों द्वारा स्वयं कराना होगा। योजना हेतु विभागीय पोर्टल https://miuponline.in पर आनलाइन आवेदन करना होगा। यह कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना के सम्बन्ध में बताया है कि चेकडैम/तालाबों पर भूस्तरीय सिंचाई सुविधा के रूप में ट्राली माउन्टेड 02 एचपी के सोलर पम्पसेट (ए0सी0/डी0सी0) स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3एचपी/5एचपी/7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना हेतु इस वित्तीय वर्ष में पूर्व निर्मित उथले नलकूप/मध्यम गहरे नलकूप/गहरे नलकूप पर 3एचपी/5एचपी/7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को वन विभाग की 24 घंटे पेट्रोलिंग, ड्रोन से निगरानी तेज

### ●डीएम ने चार ब्लॉकों के प्रधानों व सचिवों संग वर्चुअल बैठक कर दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने कमर कस ली है। भाभर रेंज सहित संवेदनशील क्षेत्रों में तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने हेतु दो विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी में जुटी हैं। सोमवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच वन क्षेत्र से सटे ग्राम रेहरा, बेलभरिया, परसरामपुर और पिपरा सड़वा में लगभग 5-6 किलोमीटर तक पैदल ट्रैकिंग कर पगमार्क (पदचिह्न) की जांच की गई। ग्राम बनगंवा के पास तेंदुए के पगमार्क मिलने की पुष्टि के बाद ड्रोन कैमरों से सघन निगरानी शुरू कर दी गई है। इधर, तराई क्षेत्रों में बढ़ती घटनाओं को गंभीरता



से लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पचपेड़वा, गैंसड़ी, हरैया सतघरवा और तुलसीपुर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वन एवं राजस्व विभाग संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर कार्य करें।

डीएम ने कहा कि संवेदनशील गांवों में लेखपाल और वन रक्षक लगातार भ्रमण करें तथा वन क्षेत्र से सटे गांवों में सुरक्षा घेरा मजबूत किया जाए। ग्राम प्रधानों को मुनादी कराकर ग्रामीणों को झुंड में बाहर निकलने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए, वहीं पंचायत सचिवों को साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वन विभाग द्वारा तकनीकी निगरानी भी बढ़ा दी गई है। ड्रोन कैमरों और कैमरा ट्रैप के माध्यम से तेंदुए की लोकेशन ट्रैक की जा रही है। टीमें सुबह और शाम नियमित कॉम्बिंग अभियान चला रही हैं। साथ ही, बैनर, पोस्टर, लाउडस्पीकर और ई-रिक्शा के जरिए ग्रामीणों को 'क्या करें, क्या न करें' की जानकारी दी जा रही है।

संवेदनशील गांवों में शाम के समय पटाखे फोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि हिंसक वन्यजीव आबादी की ओर न बढ़ सकें। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे महुआ बीनने, पशु चराने या लकड़ी बटोरने के लिए जंगल में प्रवेश न करें। डीएफओ ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संबंधित वन अधिकारियों या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। वन विभाग ने विभिन्न रेंज अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी जारी कर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है।

## विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर सीएम पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण तथा गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। क्षेत्र के खानीपुर प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर दर्ज करायी गयी शिकायत में कहा गया है कि दबंगो द्वारा विद्यालय की खिड़की व दरवाजे के बगल ईट तथा लकड़ी और गोबर का ढेर लगाकर रखा गया है। अवैध कब्जे को लेकर यहां छात्रों को पठन पाठन के साथ खाने पीने में भी असुविधा हो रही है। गांव के फौजी आदित्य सिंह ने अतिक्रमण को लेकर सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल का कहना है कि प्रधानाध्यापक के माध्यम से एसडीएम को सीमांकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। स्कूल की दीवार में सटाकर जानवर के लिए हौद बनाया गया है। बीईओ के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण हटाने के बाबत कडी कार्रवाई की जाएगी।



## व्यापार में नुकसान से परेशान कारोबारी ने चौथी मंजिल से कूदकर दी जान



**कानपुर।** कानपुर के किदवई नगर में सोमवार सुबह एक लोहा कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। कारोबारी ने अपने घर की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान 40 वर्षीय अर्पित जैन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह पिछले करीब एक महीने से व्यापार में नुकसान के चलते मानसिक तनाव में थे। सोमवार सुबह वह घर की छत पर गए और वहां से कूद गए। तेज आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने परिजनों को सूचना दी। गंभीर हालत में उन्हें पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रीजेंसी अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण व्यापार में नुकसान बताया गया है। मामले की जांच जारी है।

# 130 करोड़ साइबर धोखाधड़ी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

### ●थाना स्वरूपनगर व सेन्ट्रल जोन की सर्विलांस टीम द्वारा की गई कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** धोखाधड़ी के इस प्रकरण में एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उसकी पूर्व से संचालित फर्म एवं करंट अकाउंट की डिटेल्स दो व्यक्तियों ने लाभ का लालच देकर प्राप्त कर लीं और उनका दुरुपयोग कर रहे थे। जब उसे संदेह हुआ, तो बैंक अकाउंट चेक करने पर प्रारंभिक तौर पर लगभग 35 करोड़ के लेन-देन की जानकारी हुई। विस्तृत जांच में पिछले 9 महीनों में करीब 130 करोड़ का ट्रांजेक्शन पाया गया। विवेचना में यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपियों ने पीड़ित के अकाउंट को माध्यम बनाकर विभिन्न कंपनियों से धनराशि मंगाई और बाद में उसे अन्य खातों में ट्रांसफर कर नकद निकासी के माध्यम से दुरुपयोग किया। कई मामलों में फर्जी चेक के उपयोग की भी आशंका है, जिसकी जांच की जा रही है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से बड़ी संख्या में चेकबुक, एटीएम कार्ड, कैश काउंटिंग मशीन एवं विभिन्न दस्तावेज बरामद किए गए हैं, जिनका परीक्षण जारी है। यह भी जांच की जा रही है कि धनराशि किन-किन कंपनियों से प्राप्त हुई और आगे किन खातों में ट्रांसफर की गई। दोनों आरोपियों का अब तक कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। एक आरोपी बीकॉम का छात्र है, जबकि दूसरा स्नातक है। मामले की विस्तृत विवेचना जारी है और जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कल्याणपुर मेट्रो ट्रैक पर चढ़ा युवक, नशे में टहलता रहा; सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर के कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक मेट्रो लाइन पर चढ़कर ट्रैक पर टहलने लगा। घटना का वीडियो स्थानीय लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मेट्रो प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक नशे की हालत में था और अचानक स्टेशन क्षेत्र से मेट्रो ट्रैक पर पहुंच गया। वह कुछ देर तक ट्रैक पर इधर-उधर घूमता रहा, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोग दहशत में आ



गए। बताया जा रहा है कि इस रूट पर हर 5 से 10 मिनट में मेट्रो गुजरती है और ट्रैक पर करंट भी रहता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मेट्रो सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने युवक को नीचे उतारने की कोशिश की। इस दौरान युवक ने विरोध करते हुए अपना सिर दीवार में पटक लिया, जिससे वह घायल हो गया। बाद में उसे तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

प्रभारी निरीक्षक सुमेध मिलिंद जाधव ने बताया कि युवक नशे में था और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। वहीं, मेट्रो प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति ट्रैक पर प्रवेश करना गंभीर नियम उल्लंघन है। मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। घटना के बाद मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर इतनी कड़ी निगरानी के बावजूद युवक ट्रैक तक कैसे पहुंच गया। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है।

# शिवली में दबोचा गया ज्वेलर्स से लाखों का माल लूटने वाला, शातिर इनामी अरमान अम्मू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर देहात ।** यहां शिवली पुलिस हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले हुए है, जिसके क्रम में15000 के इनामी एक शातिर लुटेरे को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। वह काफी समय से फरार चल रहा था। पकड़े गए शातिर अभियुक्त अरमान उर्फ अम्मू को दबोचने में सफलता तब मिली जब पीड़ितों की हर संभव सहायताऔर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के तेज तर्रार और व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त में निकले हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों को भरपूर सबक सिखाने में अग्रणी और लोकहित में विलक्षण




कार्यशैली वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर की अगुवाई वाली टीम में शामिल उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह और कांस्टेबल मनीष कुमार आदि ने इस शातिर अपराधी को मैथा नहर पुल के पास जाल बिछाकर भागने की कोशिश में सफल होने के पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया।

कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ तथा समस्या शिकायतों के निस्तारण होने तक पीड़ित के हित में जुटे रहने वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के मुताबिक पकड़े गए इस शातिर अपराधी लुटेरे अरमान उर्फ अम्मू ने बीती 9 जनवरी 2025 को न्यू मानसी ज्वैलर्स के मालिक राजकुमार उर्फ राजू के साथ ग्राम भीखर के पास अपने अपराधी साथियों के साथ मिलकर आभूषणों व नकदी से भरा बैग लूटने की घटना को अंजाम दिया था। इस बैग में 10 ग्राम सोना, करीब आधा किलो चांदी और 25,000 रुपये नकद शामिल थे। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों जाहिद और रिहान को पहले ही जेल भेज चुकी है, जबकि अरमान उर्फ अम्मू अबतक लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जनपद औरैया के समथरपुर में रहने वाले 20 साल के इस शातिर अपराधी अरमान उर्फ अम्मू पर थाना सिकंदरा और थाना शिवली में संगीन धाराओं में मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। अब पुलिस उसके गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी छानबीन कर रही है।

# शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकारः विधायक श्यामधनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर–** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जन जागरूकता के उद्देश्य से विकास क्षेत्र बर्डपुर में सोमवार को ब्लाक स्तरीय 'स्कूल चलो अभियान, विशेष नामांकन पखवाड़ा तथा संचारी रोग नियंत्रण' रैली निकाली गई। रैली को सदर विधायक श्यामधनी राही ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तथा स्वयं शिक्षकों एवं बच्चों के साथ नगर का भ्रमण कर लोगों को बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए आह्वान किया ब्लाक संसाधन केन्द्र बर्डपुर से सभी बच्चे अपने-अपने हाथों में स्लोगन लिखी हुई तख्तियां और बैनर लेकर नगर का भ्रमण किया। और पूरे कस्बे में गूंजे नारा, शिक्षा है अधिकार हमारा। बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो। हर घर में किरण जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा,



आदि नारे लगाते हुए लोगों को शिक्षा और नामांकन के प्रति जागरूक किया। और पुनः ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर पर आकर रैली समाप्त हुई। सदर विधायक श्यामधनी रही ने छात्र छात्राओं अभिभावकों और उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, इसीलिए शासन द्वारा पूर्णतया निःशुल्क रूप से बच्चों को पाठ्य पुस्तक, ड्रेस, जूता मोजा, बैग, कॉपी कलम, फल, दूध, मध्यान्ह भोजन, खेल की सामग्री, स्मार्ट क्लास आदि की व्यवस्था की गई है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन कराएं। जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। रैली समापन के उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। रैली के दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र, महेश कुमार, अब्दुल अजीज, सेराज अहमद, नगमा बानो, बैतुल्लाह, साधू शरण चौहान,बंदना सिंह, निधि गुप्ता, हीरा मणि, सालिक राम चौधरी, बलवंत चौधरी, विनोद बजाज, मोहिउद्दीन अभिमन्यु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य ही धन है, स्वास्थ्य के प्रति सभी को सजग रहना चाहिए : शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी

### ●स्वास्थ्य शिविर में लोगों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर /** राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार के परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने फीता कटकर किया । इस मौके पर उन्होंने कहा की स्वास्थ्य ही धन है। सभी को जागरूक होकर स्वास्थ्य की रक्षा



करना चाहिए। सरकार स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कई कार्यक्रम और योजनाएं चला रही है। सभी जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से ओरल हेल्थ के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। सीएमओ डॉ रजत चौरसिया ने दांतों को सुरक्षित रखने के लिए पान मसाला से दूरी बनाएं रखने की अपील की। दांत रोग विशेषज्ञ डा अनूप मद्धेशिया ने बताया कि दांतों को सुरक्षित रखना है तो पान मसाला से बिल्कुल दूर रहें। यह दांतों को खराब करने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इससे कई गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। सुबह और शाम दो बार टूथ ब्रश करें। मुंह में किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर से परामर्श लें। जिससे समय पर उपचार हो सकें। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ एस के पटेल, डॉ अरविंद ,डा अशोक, मनीष पाण्डेय, कृष्ण मोहन पाण्डेय, अशोक, रमेश भास्कर आदि रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बिसवां (सीतापुर)** सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में गैस बुकिंग के बाद 48 घंटे में होम डिलीवरी सुनिश्चित करने, 60 वर्ष से अधिक आयु के उपभोक्ताओं को लाइन में न लगाने, अनावश्यक एजेंसी चक्कर से मुक्ति दिलाने तथा प्रत्येक गैस एजेंसी पर सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग की गई। इस दौरान अरुणेश अग्रवाल, तुषार शर्मा, प्रमोद मिश्रा व मनोज गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## घर का ताला तोड़कर लाखो की चोरी,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी



**नैनी प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के दूरवाणी नगर एडीए कालोनी निवासी पीएसी के रिटायर्ड सूबेदार के घर ताला तोड़कर चोरो ने लाखो के अभूषण,नकदी समेत कीमती सामानो पर हाथ साफ कर दिया, घटना की सूचना पर रविवार को पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की,फोरेंसिक टीम ने भी मौका मुआयना किया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक दूरवाणी नगर में पीएसी के रिटायर्ड सूबेदार अनिल कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व. जयनारायण त्रिपाठी एवं उनके बड़े भाई का परिवार मकान बनवाकर रहता है. इन दिनो वह स्वयं बेटे के पास गये हुए है और बड़े भाई गांव में है. इसी का फायदा उठाकर चोटों ने घर को निशाना बनाया। घर में सीसीटीवी कैमरा भी लगा है, जिसके साथ छेड़छाड़ व तोड़फोड़ भी की गयी, चोरी की जानकारी उन्हें पड़ोसियों के माध्यम से 12 अप्रैल को मिली, इसके बाद उनके करीबी रिस्तेदार अरविन्द कुमार पाण्डेय पुत्र जयशंकर पाण्डेय निवासी दूर्वाणी नगर एडीए कालोनी नैनी द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी, इसके बाद जांच पड़ताल के साथ पुलिस सक्रिय हुई। घटना में लाखो के जेवर, नगदी व कीमती सामान चोरी होने की बात कही जा रही है।

## पुश्ता रोड का जाम होगा खत्म और फर्राटे भरेंगे वाहन, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे ने दी बड़ी राहत



**पूर्वी दिल्ली।** जिस पुश्ता रोड पर कभी दिन-रात जाम का स्थायी डेरा रहता था, जहां कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में घंटों लग जाते थे और पसीने छूट हाते थे, वहां अब एक्सप्रेसवे की तेज रफ्तार है। कभी लोगों ने सोचा भी नहीं था कि इस भीड़भाड़ और अव्यवस्था वाले रास्ते की जगह एक ऐसा आधुनिक मार्ग बनेगा, जो न सिर्फ समय बचाएगा बल्कि लाखों लोगों की जिंदगी को आसान बना देगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे ने यही कर दिखाया है। यह यमुनापार के पूर्वी व उत्तर-पूर्वी जिलो के लोगों के लिए सच्चे मायनों में लाइफलाइन बनकर उभरा है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से सबसे बड़ा बदलाव रोजमर्रा के सफर में देखने को मिल रहा है। पहले सीलमपुर, वेलकम और वजीराबाद जैसे इलाकों में जाम से जूझते हुए लोगों का काफी समय और ऊर्जा बर्बाद होती थी। आफिस जाने वाले, व्यापार करने वाले और रोजाना आवाजाही करने वाले लोग जाम से परेशान रहते थे। अब एक्सप्रेसवे के जरिए लोग सीधे आइटीओ, सेंट्रल दिल्ली और अन्य प्रमुख इलाकों तक तेजी से पहुंच सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा। देहरादून तक का जो सफर लगभग छह घंटे में पूरा होता था अब वह भी महज ढाई घंटे में पूरा हो पाएगा। पूर्वी दिल्ली से बागपत, सोनीपत और आसपास के इलाकों तक पहुंचना भी पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा आसान और तेज हो गया है। केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा कहते हैं कि यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का नया माध्यम भी बन रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण व्यापार, रियल एस्टेट और छोटे कारोबार को भी गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही, उत्तराखंड जाने वाले पर्यटकों के लिए भी सफर अब पहले की तुलना में काफी आरामदायक और तेज हो जाएगा।

# जयशंकर ने तेल सप्लाई पर किया बड़ा खेल, पाकिस्तान को फंसाया

● एस जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात को एक खास सम्मान बताया है। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से यूएई नेतृत्व को शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के समय यूएई ने भारतीय लोगों को सुरक्षा और अच्छा ध्यान रखा है।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर का अचानक यूएई पहुंचना एक बड़ी राजनीतिक घटना थी। इस दौरे की टाइमिंग को लेकर चर्चा गर्म है कि आखिर एस जय शंकर का दौरा तनाव के वक्त क्यों हुआ और इसके पीछे का कूटनीतिक संदेश क्या है? एस जयशंकर का संयुक्त अरब अमीरात पहुंचना सिर्फ एक दौरा नहीं बल्कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत की बड़ी कूटनीतिक दांव माना जा रहा है। एस जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात को एक खास सम्मान बताया है। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से यूएई नेतृत्व को शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के समय यूएई ने भारतीय लोगों को सुरक्षा और अच्छा ध्यान रखा है। उन्होंने यह भी कहा है कि भारत और यूएई के रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं और इसे आगे बढ़ाने में यूएई की अहम भूमिका है। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब स्टेट ऑफ हॉर्मोनस में तनाव बढ़ने से दुनिया भर में तेल और गैस की सप्लाई पर असर पड़ रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव की वजह इस समुद्री रास्ते को जहाजों का आनाजाना प्रभावित हुआ है। जिससे ऊर्जा आपूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं। इस समस्या को देखते हुए भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में भारत ने तेल और गैस की सप्लाई को फिर से समान करने के लिए तेजी से काम किया है। इसके लिए भारत ने सऊदी अरब, क़तर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे बड़े तेल उत्पादकों देशों से सीधे बातचीत शुरू कर दी है। यानी एस जयशंकर देश में गैस और तेल की सप्लाई को बनाए रखने का ठोस रास्ता निकालने पहुंचे हैं। ताकि भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके।

स्टेट ऑफ हॉर्मोस के बंद होने पर तेल और गैस की सप्लाई जारी रह सके। मुमकिन है कि भारत बब अल मंदेव स्ट्रीट के रास्ते गल्फ ऑफ अडन रूट से तेल और गैस की सप्लाई जारी रखने की कोशिश कर रहा है। उधर जयशंकर के दौरे के बीच ही यूएई में पाकिस्तान को लेकर गहरी नाराजगी देखी गई है। अब इसे इत्तेफाकी कहा जा रहा है कि जयशंकर का दौरा हुआ और उसी वक्त ईरान को लेकर पाकिस्तान की नरमी का जमकर विरोध शुरू हो गया। यूएई के इन्फ्लुएंसरर अमजद ताहा के बयान भी चर्चे में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि भारत एक मजबूत और भरोसेमंद देश है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान पर आरोप लगाए हैं कि वह ईरान का समर्थन करता है और खाड़ी देशों के खिलाफ उसके रुख भी आलोचना नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा है कि पाकिस्तान की नीतियां भरोसेमंद बिल्कुल भी नहीं है और यह वो केवल अपने फायदे के लिए ही काम करता है। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने यूएई की नीति की तारीफ की है और कहा है कि यूएई अपनी सुरक्षा को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करता। इन सभी बातों का समय इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह सब उस वक्त सामने आया है जब जयशंकर का यूएई दौरा चल रहा था। इससे यह साफ होता है कि इस समय दुनिया में कूटनीतिक, सुरक्षा और ऊर्जा से जुड़े मुद्दे एक साथ जुड़े हुए हैं।

## नवागत कलेक्टर ने सम्हाला पद भार विभागों का निरीक्षण कर लिया बैठक



**शहडोल उमरिया-** आज उमरिया जिले के 20 वे कलेक्टर के रूप में श्री मती राखी सहाय ने शाम चार बजे पद भार ग्रहण किया, तत्पश्चात कलेक्टर परिसर में संचालित सभी विभागों का निरीक्षण किया। पद भार ग्रहण करने के पश्चात पत्रकारों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए बताया की सरकारी योजनाओं की योजनाओं को असली जामा पहनाना, उन्हें वांछित हाथों तक पहुचाना मेरी प्राथमिकता है। उमरिया जिला आदिवासी क्षेत्र है,जहाँ पर काम करने की अपार संभावनायें है, मेरी कोशिश है कि जिला विकास के सोपान की ऊंचाइयों तक पहुंचे। श्रीमती राखी सहाय ने यह भी कहा कि आज ही मैं जिला स्तरीय बैठक कर विभाग वार विकास कार्यो की जानकारी लेकर प्राथमिकताये तय कर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी, ताकि जिला विकास कार्यो अव्वल साबित हो सकें। आपने यह भी कहा कि जो विभाग अपने लक्ष्य में पीछे हैं, उन्हें आगे बढाने का काम किया जायेगा। नवागत कलेक्टर से जिले वासियों की उम्मीदे बढ गयी है, चूंकि उमरिया जिले में वर्तमान परिवेश में कानून व्यवस्था लचर होकर अराजकता की स्थिति से जुझ रहा था। अब नवागत कलेक्टर से उम्मीद बनी हुई है कि प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाते हुये जिले को व्यवस्थित रूप से चलायेगी।

## 'गीता-प्रसार का दिव्य संकल्प, आत्मबोध से लोककल्याण तक-प्रत्युश गुप्ता

'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते' श्रीमद्भगवद्गीता का यह दिव्य वचन केवल श्लोक नहीं, बल्कि जीवन का सार है।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

जब किसी साधारण मन में असाधारण संकल्प जन्म लेता है, तब वह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं रह जाता वह लोकमंगल की दिशा में एक यज्ञ बन जाता है। ऐसा ही एक प्रेरणादायी उदाहरण है सुकीर्ति गुप्ता का, जिन्होंने आत्मज्ञान और भक्ति की ज्योति को जन-जन तक पहुँचाने का अद्भुत प्रयास किया। वर्ष 2022 में उनके अंतर्मन में एक विचार अंकुरित हुआ 'क्यों न धर्म और ज्ञान के इस अमृत स्रोत को अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाया जाए?' यह केवल एक विचार नहीं था, बल्कि संस्कार और साधना का प्रारंभ था। श्रीमद्भगवद्गीता के वितरण का यह संकल्प धीरे-धीरे एक आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित हो गया। ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के उपदेशों से प्रेरित होकर उन्होंने समझा कि गीता का मूल उद्देश्य केवल शास्त्र पढ़ना नहीं, बल्कि स्वधर्म को पहचानते हुए कर्मयोग के मार्ग पर चलना है। प्रभुपाद जी का यह संदेश 'भगवान को अपने हृदय के केंद्र में स्थापित कर, निष्काम भाव से सेवा करना' उनके इस अभियान का मूल मंत्र बन गया। वर्ष 2023 से उन्होंने एक-एक कर इस दिव्य ग्रंथ को मित्रों, परिजनों, सहकर्मियों और यहाँ तक कि अनजान व्यक्तियों तक भी पहुँचाना प्रारंभ किया। यह केवल पुस्तकों का वितरण नहीं था, बल्कि चेतना का संचार था। जब यह ज्ञान समाज के विभिन्न वर्गों प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनसामान्य तक पहुँचा, तब यह प्रयास एक सामाजिक साधना का रूप लेने लगा। विशेष रूप से बच्चों के बीच गीता के श्लोक और कृष्ण-अर्जुन संवाद को सरल भाषा में प्रस्तुत करना उनके प्रयास का सबसे सुंदर पक्ष रहा। बालमन में जिज्ञासा और श्रद्धा का यह संगम भविष्य के एक सशक्त और संस्कारित समाज की नींव रखता है। लगभग दो वर्षों की निष्ठा , तप और समर्पण के पश्चात 2025 के अंत और 2026 के प्रारंभ तक 101 गीता ग्रंथों का वितरण पूर्ण हुआ। यह संख्या भले ही सीमित लगे, परंतु इसके पीछे छिपी भावना असीम है क्योंकि यह एक 'कृष्ण चेतना शतक' है, जो केवल गणना नहीं, बल्कि अनुग्रह का प्रतीक है। इस यात्रा का सार यही है कि जब कोई व्यक्ति निष्काम कर्म और भक्ति योग के पथ पर अग्रसर होता है, तब स्वयं श्रीकृष्ण उसकी हर बाधा को सरल बना देते हैं। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' इस सिद्धांत को जीवन में उतारते हुए सुकीर्ति गुप्ता ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची सेवा वही है, जिसमें अपेक्षा नहीं, केवल समर्पण होता है। अंततः, यह प्रयास हमें भी प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में सत्य , धर्म और प्रेम को अपनाएँ तथा इस दिव्य ज्ञान को आगे बढ़ाएँ। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ... यही महामंत्र न केवल आत्मा को शुद्ध करता है, बल्कि जीवन को परम शांति की ओर अग्रसर करता है।

## बुढ़ार की बेटी डॉ. शिवानी सिंह को रीवा मेडिकल कॉलेज में स्वर्ण पदक, क्षेत्र में खुशी की लहर



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बुढ़ार (शहडोल)।** आदर्श कॉलोनी बुढ़ार की होनहार बिटिया डॉ. शिवानी सिंह ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल बुढ़ार बल्कि पूरे शहडोल जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है। डॉ. शिवानी सिंह, जो कि बुढ़ार निवासी श्री केदार सिंह की सुपुत्री हैं, ने रीवा स्थित श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए यह सम्मान हासिल किया। उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि के साथ-साथ उच्च रैंकिंग के आधार पर स्वर्ण पदक से नवाजा गया। यह सम्मान उनकी वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।

परिवार में भी इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। डॉ. शिवानी के बड़े पापा श्री हनुमान सिंह और प्रतिष्ठित पर्यावरण सलाहकार श्री यशवंत सिंह की भतीजी होने के नाते उनकी इस सफलता ने पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। परिवारजनों का कहना है कि शिवानी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने हमेशा अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण रखा। डॉ. शिवानी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई है कि वे आगे भी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज की सेवा करेंगी। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे बुढ़ार क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## करेली हत्याकांडः इरफान गद्दी के हत्यारोपियों पर 25 हजार का इनाम घोषित



**प्रयागराज।** शहर के करेली थाना क्षेत्र में हुए चर्चित इरफान गद्दी हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी आसिफ दुर्रानी और उसके भाई राशिद दुर्रानी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार, करेली इलाके में इरफान गद्दी की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। घटना के बाद से ही आरोपियों की तलाश में कई टीमें गठित की गई थीं, लेकिन अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसी के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दोनों आरोपियों पर इनाम घोषित करने का निर्णय लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस टीम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार काम कर रही हैं। आसपास के जिलों में भी सूचना भेजी गई है, ताकि आरोपियों के संभावित ठिकानों पर नजर रखी जा सके। इनाम की घोषणा के बाद बढ़ी सख्ती इनाम घोषित होने के बाद पुलिस की कार्रवाई और तेज हो गई है।

## बलिया में दोस्ती बनी दुश्मनीः प्रेम प्रसंग के विवाद में युवक को मारी 4 गोलियां, हालत गंभीर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया** के नरही थाना क्षेत्र के सोहांव गांव में रविवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां एक युवक को उसके ही दोस्तों ने गोली मार दी। घायल युवक की पहचान आर्यन यादव के रूप में हुई है, जो बिहार के बक्सर का निवासी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने साजिश के तहत आर्यन को बक्सर से बलिया बुलाया। इसके बाद उसे मोटरसाइकिल से सोहांव गांव ले जाया गया, जहां अचानक उसके परिचितों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में आर्यन को चार गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल बलिया में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान आर्यन ने बताया कि उस पर हमला गर्लफ्रेंड से जुड़े विवाद के चलते किया गया।

पुलिस की शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि वारदात को अंजाम किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके करीबी दोस्तों ने ही दिया। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। एएसपी कृपा शंकर ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर नगर मजिस्टेऊट-प्रथम दिग्विजय सिंह, अपर नगर मजिस्टेऊट-द्वितीय ठाकुर प्रसाद, अपर नगर मजिस्टेऊट-तृतीय हीरालाल सैनी एवं अपर नगर मजिस्टेऊट-चतुर्थ अविनाश सिंह के द्वारा सोमवार को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अपर नगर मजिस्टेऊट-प्रथम दिग्विजय सिंह के द्वारा* इमरजेंसी वार्ड के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। वाटर कूलर के बगल में गंदगी पाई गई। सफाई हेतु 10 कर्मचारियों की डयूटी निर्धारित है, परंतु मौके पर केवल 02 कर्मचारी कार्यरत मिले। सफाई सुपरवाइजर द्वारा मांगने पर डयूटी चार्ट उपलब्ध नहीं कराया गया। 02 जूनियर डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। 10 वेंटीलेटर क्रियाशील पाए गए तथा भर्ती मरीज संतुष्ट थे। वार्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था पर्याप्त थी। पैथोलॉजी के निरीक्षण के दौरान लैब टेक्नीशियन श्री रंजू बाबू उपस्थित मिले। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पैथोलॉजी की समस्त जांच रिपोर्ट पर उनके द्वारा ही हस्ताक्षर किए जाते है, इस हेतु कोई चिकित्सक नियुक्त नहीं है। सीटी स्कैन कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रातः 10:05 बजे कक्ष बंद पाया गया। सीटी स्कैन के चिकित्सक डॉ0 हर्षिता मौके पर उपस्थित नहीं थी। कक्ष का संचालन मेडिकल कॉलेज के छात्र श्री हर्ष राय द्वारा किया जा रहा था। ट्रागा ऑर्था विभाग के निरीक्षण में प्रातः 10:30 बजे तक कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं मिले। ओ0पी0डी0 रजिस्ट्रेशन के निरीक्षण में अत्यधिक भीड़ पाई गई। केवल 04 काउंटरों पर नवीन पर्चा बनाना एवं शुल्क जमा करने का कार्य हो रहा था। काउंटरों की संख्या बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। औषधि वितरण केन्द्र के निरीक्षण में स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर पाए गए, परंतु कम्प्यूटराइज्ड एंट्री नहीं की जा रही थी। पूर्व निरीक्षण में औषधि वितरण में असमानता का उल्लेख था, जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उपस्थित फार्मासिस्ट श्री अनिल कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि वह अकेले कार्यरत है तथा कार्य का अत्यधिक बोझ होने के कारण कार्य सुचारू रूम से नहीं हो पा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान 07 आक्सीजन पैनल चालू हालत में पाये गये। एक्सरे मशीन का कक्ष बंद पाया गया तथा सिटी स्कैन मशीन खराब होने के कारण कक्ष बंद पाया गया। सिटी स्कैन नई बिल्डिंग में हो रहा है, इसकी सूचना दरवाजें पर प्रदर्शित पायी गयी। ट्रामा सेंटर के प्रथम तल पर निरीक्षण के दौरान 09 मरीज भर्ती पाये गये। ट्रामा आईसीयू में भी 09 मरीज भर्ती पाये गये। 10 मानीटर और 06 वेंटिलेकर चालू हालत में पाये गये तथा दो वेंटीलेटर नॉट वर्किंग में बताया गया, जो अभी तक सही नहीं हुआ है। तीमारदारों के बैठने हेतु केवल 03 लोहे की बेंच है अन्य व्यवस्था नहीं है। ट्रामा सेंटर के द्वितीय तल में 18 मरीज दो कक्ष में भर्ती पाये गये। द्वितीय तल में पानी की व्यवस्था ठीक नहीं पायी गयी। साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। नई बिल्डिंग में स्थित ओपीडी एक्सरे मशीन कक्ष में 10:22 बजे तक 13 मरीजों का एक्सरे, सीटी स्कैन कक्ष में 04 मरीजों का सीटी स्कैन हो चुका था। डायलिसिस कक्ष में 10 मरीजों का डायलिसिस होता पाया गया। निरीक्षण के समय ओपीडी कक्ष संख्या 01-यूरोलाजी, कक्ष संख्या-02-कार्डियो थेरिपक सर्जरी, कक्ष संख्या 03-न्यूरो सर्जरी, कक्ष संख्या 04-नेफ्रोलॉजी, कक्ष संख्या 05-कैंसर सर्जरी, कक्ष संख्या 06-एफएनएसी कक्ष, कक्ष संख्या-08 न्यूरोलाजी, कक्ष संख्या-09 प्लास्टिक सर्जरी, कक्ष संख्या-10 डाइटीशियन कक्ष में चिकित्सक उपस्थित मिले और उनके द्वारा मरीजों को देखा जा रहा था। नई बिल्डिंग के तृतीय तल पर स्थित एन0ए0सी0सी0 आई0सी0यू वार्ड में 08 मरीज भर्ती थे तथा 10 बेड इमरजेंसी के लिए अलग से रखे गये है। दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था पायी गयी। भू तल पर वाटर कूलर लगा है तथा एक बड़ा वाटर कूलर नई बिल्डिंग के बाहर पानी हेतु लगाया गया है। साफ-सफाई तथा तीमारदारों की बैठने की व्यवस्था उचित पायी गयी।

प्रातः 09:20 कार्डयोंलाजी विभाग, नियरोफिजिशियन विभाग, एमडी मेडीसिन विभाग, ईएनटी विभाग, डेंटिंस विभाग, अर्थो विभाग सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मेडीसिन विभाग में डॉ0 अभिषेक द्विवेदी, स्किन डिपार्टमेंट में डॉ0 अमित शेखर तथा डॉ0 वैभव श्रीवास्तव अनुपस्थित मिले। पूछने पर बताया गया कि मीटिंग में है। साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी, परंतु और सुधार की आवश्यकता बतायी गयी। शौचालय, डस्टबिन, नाली की सफाई संतोषजनक पायी गयी। निरीक्षण के दौरान सिटी स्कैन, एक्सरे मशीन क्रियाशील पायी गयी। इमरजेंसी वार्ड के निरीक्षण में भर्ती मरीजों का समुचित देखभाल होते पाया गया। मरीजों के परिवारजनों द्वारा बताया गया कि अमृत फार्मेसी और जन औषधी में दवाईया उपलब्ध है एवं दवाईयों सही ढंग से वितरण किया जा रहा था।

## चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी की अध्यक्षता में सोमवार दिनांक 13.04.2026 को NIC सभागार में चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी । बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रारम्भ में जनपद में कुल 53 ग्राम चकबंदी प्रक्रियाधीन थे तथा 31 मार्च 2026 तक कुल 08 ग्रामों का धारा-52 का प्रस्ताव चकबंदी निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया गया।

जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी महोदय के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में 35 वर्ष से लम्बित ग्राम राजेपुरमय सराय अरजानी तहसील फूलपुर के चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण कर धरा-52 का प्रस्ताव प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त प्रशंसनीय कार्य के दृष्टिगत संबन्धित चकबंदी लेखपाल एवं चकबंदीकर्ता को प्रशस्ति प्रमाण प्रदान किया गया तथा पूरी पारदर्शिता एवं किसानों कि समस्यों को दूर करते हुए शेष ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया । चकबंदी वादो के निस्तारण में पुराने वादों को शीर्ष प्राथमिकता के स्तर पर निस्तारण किए जाने हेतु तथा प्रत्येक कार्य दिवस में पीठासीन अधिकारी को न्यायालय में बैठकर न्यायिक कार्य संपादित किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक चकबंदी विजय शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी प्रयागराज संजीव कुमार, समस्त चकबंदी अधिकारीगण एवं समस्त सहयाक चकबंदी अधिकारीगण व सहायक पेशी कानूनगो उपस्थित रहे।

## दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विदेश में पढ़ाई का सुनहरा मौका, जल्द शुरू होगा 'सेमेस्टर अवे प्रोग्राम'

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्नातक छात्रों को जल्द ही अपनी डिग्री के दौरान विदेश में एक सेमेस्टर पढ़ने का अवसर मिल सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन अंडरग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 के तहत विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ सेमेस्टर अवे प्रोग्राम (एसएपी) शुरू करने पर विचार कर रहा है। इस प्रस्ताव को बुधवार को होने वाली अकादमिक काउंसिल (एसी) की बैठक में रखा जाएगा। यदि यह प्रस्ताव मंजूर होता है, तो शैक्षणिक सत्र 2022-23 से दाखिला लेने वाले छात्र तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर में विदेश जाकर पढ़ाई, रिसर्च, इंटर्नशिप या ट्रेनिंग कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के अनुसार छात्र विदेशी संस्थान में कम से कम 12 और अधिकतम 26 क्रेडिट अर्जित कर सकेंगे, जिन्हें उनकी डिग्री का हिस्सा माना जाएगा। डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को अधिक शैक्षणिक लचीलापन और वैश्विक एक्सपोजर देना है। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अपनी डिग्री की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं तो वे विदेश में प्रशिक्षण और इंटर्नशिप भी कर सकेंगे।

## 'गहरे दुख में', अमिताभ बच्चन ने आशा भोसले को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, बताया 'शाश्वत संगीत का विश्वकोश'

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुरों की मल्लिका आशा भोसले के निधन से न केवल संगीत जगत, बल्कि पूरे देश में शोक की लहर है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, जिन्होंने दशकों तक आशा ताई के जादुई सफर को करीब से देखा है, ने उन्हें बेहद भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की है। बिग बी ने इस क्षति को एक युग का अंत करार दिया है। आशा भोसले को शनिवार, 12 अप्रैल को सीने में इन्फेक्शन और थकान के कारण ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार दोपहर को उनका निधन हो गया; उनके बेटे आनंद भोसले ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार को शिवाजी पार्क में होगा।

### अमिताभ बच्चन ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी

बिग बी, जैसा कि उन्हें प्यार से बुलाया जाता है, ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा, 'शोक और दुख।' उन्होंने आगे लिखा, 'एक पूरा युग... एक अविश्वसनीय... एक असाधारण, अद्भुत, विलक्षण हस्ती... कल खो गई... प्रतिष्ठित, दिग्गज आशा भोसले जी हमें छोड़कर चली गई... गहरे दुख में।'

उन्होंने आगे कहा, 'हर उस गीत में जान डालने की उनकी बहुमुखी प्रतिभा, जिसे उन्होंने अपनी आवाज़ दी... स्वर्ग सिधार गई... और हमारे लिए शाश्वत संगीत का एक पूरा विश्वकोश छोड़ गई... शरीर हमें छोड़कर चला गया... लेकिन उनकी आत्मा हमेशा हमारे साथ रहेगी... उनकी आवाज़ - उनकी आत्मा, हमेशा अमर रहेगी।' एक नज़र डालेंः दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा, जिसकी रस्में शाम 4 बजे होंगी। उनका पार्थिव शरीर लोअर परेल स्थित उनके आवास पर रखा गया है, जहाँ परिवार के सदस्यों और



मनोरंजन जगत, खेल और राजनीति की हस्तियों - जिनमें नील नितिन मुकेश, मीना मंगेशकर, सचिन तेंदुलकर, तब्बू, आशा पारेख, जैकी श्रॉफ, जावेद अली और ए.आर. रहमान शामिल हैं - ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए वहाँ पहुँचकर दर्शन किए। उनके परिवार और उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों के अनुसार, आशा भोसले का निधन रविवार, 12 अप्रैल को मुंबई में कई अंगों के काम करना बंद कर देने (मल्टीपल ऑर्गन फेलियर) के कारण हुआ। उनकी पोती ज़नाई भोसले ने इंस्टाग्राम पर बताया कि इससे एक दिन पहले, सीने में इन्फेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उन्हें ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।